■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 325
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
29 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1661:** चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया।
**1639:** दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई।
**1939:** नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया।
**1978:** अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की।
**2005:** सीरिया ने लेबनान से अपनी सेना को वापस बुलाया।

**कोई कुछ भी बोले स्वयं को शांत रखो क्योंकि धूप कितनी भी तेज हो समुद्र को नहीं सुखा सकती।**

## संक्षिप्त समाचार

### शाहाबाद में पीएम मोदी की रैली मई के अंतिम सप्ताह में

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर बिहार दौरे पर आ रहे हैं। मई के अंतिम सप्ताह में पीएम मोदी आएंगे और शाहाबाद में रैली को संबोधित करेंगे। पीएम इस दौरान बिहार को कई योजनाओं की सौगात देंगे। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने इसकी जानकारी दी है। पटना में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार से विशेष लगाव रखते हैं। मई के अंतिम सप्ताह में वे फिर बिहार आ रहे हैं। शाहाबाद में उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र में प्रेम-प्रसंग में बेरहमी से पिटाई के बाद युवक को जहर पिला दिया। बाद में बेहोशी की हालत में बीच सड़क पर लाकर फेंक दिया, जिससे उसकी उसकी मौत हो गई। आरोप प्रेमिका के घरवालों पर है। मृतक रौशन कुमार कोलवारा नवटोलिया के वार्ड नंबर-12 का रहने वाला था। रौशन राज मिस्त्री का काम करता था। सूचना पर तेघड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने गुड्डू, बबलू और राजीव पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है।

### भतीजे ने बुआ को पिलाया जहर, मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र में भतीजे ने अपनी ही कथित बुआ को जहर पीला दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान सोनम कुमारी(18) के रूप में हुई है। बताया गया घटना के समय वह घर में अकेली थी और खाना बना रही थी तभी आरोपी ने इस मौके का फायदा उठाते हुए पीछे से आकर उसके मुंह में जबरन जहर डाल दिया। युवती को तड़पता देख उसके परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उसे सासाराम के सदर अस्पताल भेजा गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### 1024 सहायक अभियंताओं की होगी नियुक्ति, आवेदन कल से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने सहायक अभियंताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। आयोग के माध्यम से 1024 पदों पर नियुक्ति होगी। आवेदन कल 30 अप्रैल से 28 मई तक किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार सबसे अधिक पद सिविल इंजीनियरिंग के लिए हैं। सहायक अभियंता (असैनिक) में 984 पद, सहायक अभियंता (यांत्रिक) में 36 पद और सहायक अभियंता (विद्युत) के लिए चार पद हैं। यह भर्ती बिहार सरकार के अलग-अलग विभागों में होगी। वहीं यांत्रिक के 36 पदों के लिए चार विभागों में नियुक्ति होगी।

# राष्ट्रपति ने 71 विशिष्ट हस्तियों को दिया पद्म पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-वन में पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किया है। पहले चरण में 71 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस कड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रसिद्ध मलयालम लेखक एम. टी. वासुदेवन नायर को फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक, संपादक और वक्ता, को मलयालम भाषा, साहित्य और सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया। तेलंगाना के प्रख्यात गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी को एंडोस्कोपी में उनकी अभूतपूर्व नैदानिक प्रगति और अग्रणी चिकित्सा अनुसंधान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कला और संगीत के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। बता दें कि, डॉ.सुब्रमण्यम विख्यात वायलिन वादक हैं। वे कर्नाटक और पश्चिमी संगीत में पारंगत हैं इसके साथ ही वे संगीत के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट शैली के लिए जाने जाते हैं। वहीं जापान के दिवंगत उद्योगपति ओसामु सुजुकी, जो सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख थे, को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म विभूषण से मरणोपरांत (व्यापार और उद्योग में) सम्मानित किया गया है। बता दें कि, ओसामु सुजुकी को भारत को अपने दूसरे घर के रूप में मानते थे। आंध्र प्रदेश के निवासी तेलुगु अभिनेता और राजनीतिज्ञ नंदमुरी बालकृष्ण को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। पांच दशकों के करियर में उन्होंने भारतीय सिनेमा और सार्वजनिक जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है। राष्ट्रपति ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत) को पद्म भूषण से सम्मानित किया है। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

## सुशील मोदी को मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान, राष्ट्रपति ने पत्नी को सौंपा अलंकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नई दिल्ली।** बिहार के कद्दावर नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी की पत्नी जेस्सी सुशील मोदी को यह सम्मान प्रदान किया। बता दें कि सुशील मोदी बिहार की राजनीति का एक ऐसा चेहरा रहे, जिन्होंने पांच दशक के अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में छात्र आंदोलन से लेकर राज्यसभा तक का सफर तय किया। वित्तीय प्रबंधन, जीएसटी लागू कराने और बिहार को विकास के रास्ते पर लाने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। सम्मान ग्रहण करने के बाद जेस्सी मोदी और उनके पुत्र उत्कर्ष तथागत अक्षय अमृतांशु ने इसके लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व बिहार के मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल का आभार जताते हुए कहा है कि इस



सम्मान से भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं का आत्मगौरव बढ़ेगा।

### छात्र आंदोलन से उपमुख्यमंत्री तक का सफर

5 जनवरी 1952 को जन्मे सुशील मोदी ने 1970 के दशक में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। वे 1973 से 1977 तक पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के महासचिव भी रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को बिहार में मजबूत आधार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 1996 से 2004 तक बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य किया। इसके बाद 2005 में नीतीश कुमार के साथ मिलकर बिहार में एनडीए सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई। उपमुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने वित्त मंत्रालय सहित कई महत्वपूर्ण विभागों का सफलतापूर्वक संचालन किया। 2005-2013 और 2017-2020 के दौरान वे बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे।

### वित्तीय प्रबंधन और जीएसटी लागू कराने में अग्रणी भूमिका

सुशील मोदी को जुलाई 2011 में देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू करने के लिए गठित राज्य वित्त मंत्रियों की सशक्त समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उनके नेतृत्व में देश में कर व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव आया। वित्त मंत्री के रूप में सुशील मोदी ने बिहार के बजट प्रबंधन को मजबूत किया और केंद्र सरकार के सहयोग से कई परियोजनाओं की शुरुआत करवाई, जिनमें बरौनी उर्वरक कारखाने का पुनरुद्धार प्रमुख रहा, जिसमें 8500 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

### हर सदन में प्रतिनिधित्व

सुशील मोदी का राजनीतिक सफर बेहद प्रभावशाली रहा। वे विधायक, विधान पार्षद, लोकसभा सांसद (भागलपुर, 2004) और राज्यसभा सांसद (2020-2024) रहे। चारों सदनों में सेवा करने वाले वे बिहार के चुनिंदा नेताओं में से एक थे। 13 मई 2024 को सुशील मोदी का निधन हो गया था।

# ट्रक की टक्कर से सास-बहू की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** चनपटिया-कैथवलिया मुख्य मार्ग पर गैस गोदाम के पास ट्रक की टक्कर से सास-बहू की मौत हो गई। मृत महिलाओं की पहचान बगहा के रामनगर थाना क्षेत्र के नारायणपुर यादव टोला निवासी उषा देवी (45) और सुनीता देवी (20) के रूप में हुई है। बाइक चला रहे विकास कुमार सुरक्षित हैं। विकास कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी और मां को चनपटिया के निजी अस्पताल ले जा रहे थे। उनकी सास का वहां ऑपरेशन हुआ था। अस्पताल से दो किलोमीटर पहले ही ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मां और पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को




सुनीता से मेरी शादी हुई थी। वह बगहा के कैलाश नगर निवासी स्वर्गीय नंदलाल बैठा की बेटी थी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने भागते हुए ट्रक चालक को एक किलोमीटर दूर खेत से पकड़ लिया। चालक की पहचान मझौलिया के चैलाभार निवासी झुन्नू सिंह के रूप में हुई है। चनपटिया प्रभारी थानाध्यक्ष निक्कू कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मृतकों के शव का पोस्टमॉर्टम जीएमसीएच में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रक को जब्त कर लिया है।

### मुख्यमंत्री ने सब-वे और डबल डेकर फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

# बचे हुए काम को जल्द पूरा कर आवागमन शुरू करें : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना में निर्माणाधीन भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब-वे) और डबल डेकर फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बचा हुआ काम जल्द पूरा करें ताकि आवागमन शुरू किया जाए। पटना जंक्शन के पास बन रहा सब-वे मल्टी लेवल पार्किंग और जीपीओ गोलंबर से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ट्रैवेलेटर और एस्केलेटर समेत यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस सब-वे के शुरू होने से पटना जंक्शन और आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम होगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। यह सब-वे



लगभग 440 मीटर लंबा है और मल्टी लेवल पार्किंग के जरिए जी+2 मंजिला मल्टी मॉडल हब से सीधे जुड़ जाएगा। मल्टी मॉडल हब में निजी वाहनों, ऑटो, ई-रिक्शा और सिटी बसों की पार्किंग के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अशोक राजपथ पर बन रहे डबल डेकर फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। उन्होंने गाड़ी से पुल के ऊपरी और निचले हिस्से का मुआयना किया और बचा हुआ काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डबल डेकर फ्लाईओवर कारगिल चौक से एनआइटी मोड़ तक बनाया जा रहा है। ऊपरी पुल की लंबाई 2.2 किलोमीटर और निचले पुल की लंबाई 1.7 किलोमीटर है। यह फ्लाईओवर पटना यूनिवर्सिटी और आसपास के इलाकों के लोगों के आवागमन को सुगम बनाएगा और यातायात में सुधार लाएगा। पुल को पीएमसीएच के मल्टी लेवल पार्किंग से भी जोड़ा जा रहा है, ताकि अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को सहूलियत मिले। मुख्यमंत्री ने इसे अपने ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक बताया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव अनुपम कुमार और कुमार रवि, पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, नगर आयुक्त अनिमेश पराशर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# हर माह खराब काम करने वाले 10 डीसीएलआर पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आम लोगों के कामों का निबटारा करने में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। विशेषकर हर माह राज्य के ऐसे 10 डीसीएलआर (भूमि सुधार उप समाहर्ता) की पहचान की जाएगी जिनका कामकाज ठीक नहीं रहेगा। विभाग इन अधिकारियों पर प्रपत्र (क) गठित करेगा। इसके तहत उन्हें नोटिस दिया जाएगी और संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर विभागीय नियमानुसार कठोर कार्रवाई होगी। सोमवार को राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने सभी डीसीएलआर के कामकाज की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि नियमित कार्यों के निरीक्षण से कार्यप्रणाली में सुधार आता है। जिम्मेवार अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करना चाहिए। भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में 50 डीसीएलआर के कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में लोगों के अधिकतर मामले न्यायालयों में पहुंचते हैं। इसलिए इसको भी प्राथमिकता देकर समय से समस्या का समाधान करें। मंत्री ने कहा कि अभी विभाग पूरी तरह से डिजिटल मोड में है। इसलिए आप सभी का दायित्व है कि नियमित रूप से कोर्ट कीजिये और सभी रिपोर्ट ऑनलाइन कीजिये। आम नागरिकों को कार्यालयों में दौड़ लगाने से इससे मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों को भी ध्यान देकर लोगों की परेशानियों को कम करना होगा। आमलोगों की परेशानी तभी दूर होगी जब उनके काम को समय से निपटाया जाएगा। इसलिए प्रतिमाह खराब काम करनेवाले 10 डीसीएलआर को चिह्नित कर उनपर प्रपत्र क गठित कर विभागीय कार्रवाई की जाए। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि विभाग आम नागरिकों की सुविधा के लिए नियम-कानून में लगातार बदलाव कर रहा है। आप सभी को उन बदलावों को समझकर उसका लाभ लाभुकों को उपलब्ध कराना चाहिए। विभागीय सचिव जय सिंह ने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल की समीक्षा में कई डीसीएलआर की रिपोर्ट बहुत खराब है। इसमें सुधार की जरूरत है। कार्यक्रम में 50 डीसीएलआर की श्रेणीवार समीक्षा रिपोर्ट का प्रेजेंटेशन हुआ। इसमें सभी डीसीएलआर की विभिन्न पैरामीटर पर परफॉरमेंस पर रैंकिंग की गई। इसमें आरसीएमएस पोर्टल पर पेंडिंग केस, बीएलडीआरए में पेंडिंग, आरसीएमएस में म्यूटेशन अपील की स्थिति, ऑनलाइन जमाबन्दी की स्थिति, सरकारी भूमि पर कार्रवाई की स्थिति, सरकारी भूमि की दाखिल खारिज की स्थिति एवं अभियान बसेरा 2 की स्थिति पर सभी डीसीएलआर की कार्रवाई की प्रस्तुति दी गई। मौके पर भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक कमलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय, आजीव वत्सराज मौजूद थे।

# बेकाबू ट्रक ने छह शिक्षकों को कुचला, महिला समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मधेयपुर गांव के पास ट्रक से जोरदार टक्कर के कारण ऑटो में सवार दो शिक्षकों की मौत हो गई। मृतकों में एक महिला शिक्षिका भी शामिल हैं। वहीं इस हादसे में चालक समेत अन्य चार लोग घायल हुए हैं। सभी को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी शिक्षक ऑटो में सवार होकर विद्यापति नगर से दलसिंहसराय स्थित अपने स्कूल जा रहे थे। मृत शिक्षकों की पहचान मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बस्ती गांव निवासी रंजीत कुमार की पत्नी कामिनी देवी और बिनगामा गांव निवासी राम प्रसाद महतो के बेटे अमरेंद्र प्रसाद राय (43) के रूप में हुई है। अमरेंद्र मध्य विद्यालय उजियारपुर में कार्यरत थे। वहीं घायल शिक्षकों की पहचान मध्य विद्यालय किसान वाजिदपुर की शिक्षिका राजीव कुमार यादव की पत्नी सुनैना देवी (40), उच्च माध्यमिक विद्यालय अजनौल दलसिंहसराय की शिक्षिका मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बढौना निवासी प्रिंस कुमार की पत्नी रत्ना प्रिया (34), उजियापुर के मध्य विद्यालय माधोपुर की शिक्षिका मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के आदलपुर निवासी चंदन चौधरी की पत्नी जूही कुमारी (25) के रूप में हुई है। इसके अलावे टेंपो चालक मदुदाबाद निवासी राम नवाजी राय का बेटा विजय कुमार राय (40) भी घायल हुआ है। घायल शिक्षिका रत्ना प्रिया और जूही का इलाज दलसिंहसराय के एक निजी अस्पताल में चल रहा है जबकि अन्य को अनुमंडलीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल काटा। इनका आरोप है कि सूचना देने के बावजूद एक घंटे बाद डायल 112 की टीम पहुंची।

# बच्चों के बीच जल्द करें पुस्तकों का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश जारी कर बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण जल्द से जल्द कराने को कहा है। पुस्तकों का वितरण आज से शुरू कर दिया गया है। आदेशानुसार पुस्तक वितरण कार्यक्रम 2 मई तक चलेगा। अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के द्वारा जारी किये गये पत्र के अनुसार राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षाएं 1 अप्रैल, 2025 से प्रारंभ हो गई है। इस क्रम में बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लि. द्वारा राज्य के सभी प्रखंड संसाधन केन्द्रों पर समग्र शिक्षा 2025-26 के अंतर्गत वर्ग 1 से 8 तक की पाठ्य पुस्तकें पहुंचा दी गयी हैं। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के द्वारा पुस्तकें विद्यालयों तक पहुंचा दी जाएं। इन पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्य दिनांक 28 अप्रैल से 02 मई के बीच निम्नवत किया जाय। निर्देश के अनुसार 28 अप्रैल से 02 मई तक राज्य के सभी विद्यालयों में प्रासंगिक पाठ्य पुस्तकों का वितरण समारोह का आयोजन कर किया जायेगा। समारोह में बच्चों के माता-पिता या अभिभावकों और अन्य जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाय और उनकी उपस्थिति में वितरण का कार्य किया जाय। वितरण कार्य का डॉक्यूमेंटेशन अलग पंजी संधारित कर लिया जाय।

# गया समेत सात जिलों में जल्द बनेंगे 50 बेड वाले आयुष अस्पताल : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य आयुष समिति (स्वास्थ्य विभाग) के तत्वावधान में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के आयुष चिकित्सा पदाधिकारियों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण सत्र 28 अप्रैल से 1 मई 2025 तक चलेगा। अपने संबोधन में श्री पांडेय ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेहतर सोच का यह परिणाम है कि आज आयुष मंत्रालय लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से



आयुष चिकित्सा पद्धति को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मजबूती से स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी जारी है। 35 हजार 383 पदों पर नई नियुक्तियों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। अगले तीन से चार महीनों में इन नियुक्ति पदों पर प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। राज्य में आयुष शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती दी जा रही है। रिक्त शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी गई है। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में पब्लिक मैनेजमेंट कैडर की स्वीकृति से 20 हजार 16 नए पद सृजित हुए हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने ऐलान किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के 7 जिलों (गोपालगंज, सिवान, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, गया एवं मोतिहारी) में 50 बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों के निर्माण की योजना क्रियान्वित की जा रही है। वहीं राज्य आयुष समिति, आयुष आरोग्य मंदिर में पैथोलॉजी की जांच शुरु करने जा रही है। राज्य के सभी 38 जिलों में जिला संयुक्त औषधालय संचालित हो रहे हैं। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालयों दरभंगा, बेगूसराय एवं राजकीय आरबीटीएस होमियोपैथिक कॉलेज अस्पताल निर्माण कार्य के लिए 834 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जिलों में मॉडल जिला अस्पतालों के निर्माण के तहत 10 बेड वाले आयुष पद्धति के अस्पताल भी होंगे। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि 12 लाख लोगों को नौकरी और 25 लाख लोगों को रोजगार दिया जाए। इसमें स्वास्थ्य विभाग अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आए चिकित्सकों से मंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आप सभी को इस प्रशिक्षण से बहुत फायदा मिलेगा और आप लोगों बहुत कुछ सीखेंगे जिससे आपके काम करने के तरीके में काफी सुधार होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह, डॉ आदित्य प्रकाश, श्री शशांक शेखर सिन्हा, प्रतिभा रानी, गुंजन सिंह, अमिताभ सिंह, सुरेंद राय, प्रमोद कुमार राम के साथ स्वास्थ्य विभाग और राज्य आयुष समिति के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

## मुख्यमंत्री ने की पथ निर्माण विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में पथ निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जे0पी0 गंगा पथ परियोजना का विस्तार दीघा-शेरपुर-बिहटा (कोइलवर पुल तक) तथा राज्य उच्च पथ एस0एच0- 106 का फोरलेन में चौड़ीकरण (दीदारगंज-फतुहा बख्तियारपुर-अथमलगोला) के संबंध में प्रस्तुतीकरण भी दिया। निर्माण कराये जाने वाले दीघा-शेरपुर-बिहटा (कोइलवर पुल तक) की कुल लंबाई 35.65 किलोमीटर होगी जबकि एस0एच0- 106 (दीदारगंज-फतुहा बख्तियारपुर-अथमलगोला) का फोरलेन में चौड़ीकरण की लंबाई 41.27 किलोमीटर होगी। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा बिहार में स्वीकृत किये गये लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस-वे के निर्माण के संबंध में भी जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जे0पी0 गंगा पथ का दीघा से दीदारगंज तक निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है और इस पर लोगों का आवागमन सुगम तरीके से हो रहा है। हम चाहते हैं कि दीघा से पश्चिम में कोइलवर पुल तक और उसके बाद फिर बक्सर तक जे0पी0 गंगा पथ का विस्तार हो। दीदारगंज से पूरब में करजान तक और उसके बाद मोकामा तक जे0पी0 गंगा पथ का विस्तार हो। जे0पी0 गंगा पथ परियोजना एक विशिष्ट परियोजना है जो गंगा नदी के किनारे बनाया जा रहा है। जे0पी0 गंगा पथ से गंगा नदी पर बने विभिन्न पुलों का भी जुड़ाव होगा जिससे उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच की दूरी और घटेगी और आवागमन तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों के लिये विभिन्न पथों और पुलों की स्वीकृति दी गयी है। उसका निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा करें। ग्रामीण पथों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा भी कई महत्वपूर्ण पथों एवं पुलों का निर्माण कराया जा रहा है जिससे आवागमन और सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिये यदि और पथों एवं पुलों की आवश्यकता हो तो पथ निर्माण विभाग इसकी समीक्षा करे, राज्य सरकार उसे अपने संसाधनों से स्वीकृत कर निर्माण करायेगी। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य वरीय अभियंतागण उपस्थित थे।

## राजद और कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम एक जैसा : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद और कांग्रेस पर पाकिस्तान के प्रेम में पागल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि दोनों का पाकिस्तान प्रेम एक जैसा है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि पहलगाम के बाद राजद-कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के चैनलों का 'पोस्टर ब्वाय' बन गए हैं। उन्होंने यह भी लिखा है कि पाकिस्तानियों से अधिक राजद और कांग्रेस में नूरा कुश्ती चल रही है, कौन पाकिस्तान प्रेम में अधिक पागल है? उन्होंने आगे लिखा है कि बिहार में राजद के नेता 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगा रहे हैं, वहीं कर्नाटक के कांग्रेसी सीएम 'आतंक के आकाओं' पर हमले न करने की पैरोकारी कर रहे हैं। ये अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक स्थिति है। देश इस मानसिकता को बखूबी समझ भी रहा है। जनता भी इसका माकूल जवाब देगी। सम्राट चौधरी ने अपने पोस्ट के साथ साक्ष्य के तौर पर एक वीडियो भी साझा किया है।

# बंधन बैंक ने बिहार और झारखंड में छह नई शाखाएं खोलीं, पांच राज्यों में 16 शाखाएं

### बिहार में बांका और मुंगेर तथा झारखंड में धनबाद, गढ़वा और पलामू में नई शाखाएं खोली गई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बंधन बैंक ने बिहार और झारखंड में छह शाखाएं खोले जाने की घोषणा की है। बैंक ने 5 राज्यों में 16 नई शाखाएं खोली हैं जिनमें से सात शाखाएं ओडिशा में, दो आंध्र प्रदेश में और एक छत्तीसगढ़ में है। शाखा का उद्घाटन बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता के साथ-साथ ईडी और सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर, ईडी और सीओओ रतन कुमार केश और बैंक के अन्य वरिष्ठ गणमान्य लोगों ने किया। नई शाखाएं बिहार में बांका (बौंसी शाखा), मुंगेर (धरहरा शाखा और संग्रामपुर शाखा) और झारखंड में धनबाद (गोविंदपुर शाखा), गढ़वा (नगरउंटारी शाखा) और पलामू (पनकी शाखा) में स्थित हैं। सभी नई शाखाएं राज्य के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदान करेंगी। शाखा नेटवर्क का विस्तार विविधीकरण और देश भर में मजबूत उपस्थिति स्थापित करने के लिए बैंक की रणनीतिक प्रतिबद्धता के अनुरूप है। अपने दायरे को व्यापक बनाकर, बैंक ग्राहकों के लिए अभिनव बैंकिंग समाधानों तक पहुंच बढ़ा रहा है। भारत के 5 राज्यों में इन 16 नई शाखाओं के शुभारंभ के साथ, शाखाओं की कुल संख्या 1730 को पार कर गई है। बैंक अब पूरे भारत में 6300 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा।

इस अवसर पर बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा हमें पांच राज्यों में 16 नई शाखाएं खोलने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिसमें बिहार और झारखंड में छह नई शाखाएं शामिल हैं। हम अपने ग्राहकों की विविध और उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं को अनुकूलित करके बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह विस्तार हमारे वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिससे हम अपने ग्राहकों को अधिक कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान कर सकें। हम सतत विकास पर मजबूत ध्यान बनाए रखते हुए देश भर में अपनी पहुंच को व्यापक बनाने के लिए रणनीतिक अवसरों की तलाश जारी रखेंगे। हमारा उद्देश्य उन लोगों की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप अभिनव, अनुकूलनीय समाधान प्रदान करना है जिनकी हम सेवा करते हैं। बंधन बैंक वर्तमान में देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में फैला हुआ है।

# सुशील मोदी को पद्मभूषण पूरे बिहार का सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजनीति के जरिए बिहार के विकास को नई दिशा देने के लिए आजीवन प्रयत्नशील रहे बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को मरणोपरांत सोमवार को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी धर्मपत्नी जेस्सी सुशील मोदी ने राष्ट्रपति के हाथों से ग्रहण किया। सम्मान ग्रहण करने के बाद श्रीमती मोदी ने कहा कि यह पूरे बिहार का सम्मान है। जेस्सी मोदी और उनके पुत्र उत्कर्ष तथागत अक्षय अमृतांशु ने इसके लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व बिहार के मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल का आभार जताते हुए कहा है कि इस सम्मान से भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं का आत्मगौरव बढ़ेगा। श्रीमती मोदी का कहना है सुशील मोदी ने समाज के विभिन्न तबकों व लोगों के बीच काम किया और बिहार के विकास के लिए कई सामाजिक कार्य किए जिनमें अस्पतालों और गरीब लोगों की मदद करना भी शामिल था। विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए... यह सम्मान उनके निधन से मिले लोगों के घावों पर दवा के रूप में भी काम करेगा और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। खासकर उन युवाओं के लिए जिन्हें लक्ष्य निर्धारित करने और दिशा देने के लिए नेताओं की आवश्यकता होती है। श्रीमती मोदी ने कहा कि मरणोपरांत सुशील कुमार मोदी को पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित करना दरअसल सुशील मोदी की पांच दशकीय सार्वजनिक व राजनीतिक जीवन के समर्पण व सद्कार्य की पहचान का सम्मान है।

# दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक

- सांसदगण ने रेल के सर्वागीण विकास हेतु अपने सुझावों को रखा
- गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन को बेहतर बनाने के लिए हम सतत प्रयत्नशील : छत्रसाल सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** महेन्द्रूघाट, पटना में दानापुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दानापुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सांसद कौशलेन्द्र कुमार द्वारा की गयी। सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में नालन्दा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, जमुई के सांसद अरूण भारती, जहानाबाद के सांसद सुरेन्द्र प्रसाद यादव, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, गाजीपुर के सांसद अफजल अंसारी तथा राज्यसभा के सांसद शंभु शरण पटेल एवं सांसद खीरू महतो उपस्थित थे। इनके अलावा कपड़ा मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि अमित कुमार, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी के सांसद प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद सिबगतुल्लाह खान, सांसद डॉ. भीम सिंह के सांसद प्रतिनिधि इन्द्रजीत कुमार, सांसद रवि शंकर प्रसाद के सांसद प्रतिनिधि रामजी सिंह, सांसद विवेक ठाकुर के सांसद प्रतिनिधि रजनीश कुमार, सांसद वीरेन्द्र सिंह के सांसद प्रतिनिधि नवीन कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया। महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में दानापुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से सांसदगण को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दानापुर मंडल अपने ऐतिहासिक स्थापना एवं निरंतर यात्री सेवा के स्वर्णिम उपलब्धियों के साथ वर्ष 2025 में शताब्दी वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन को बेहतर बनाने के लिए हम सतत प्रयत्नशील हैं।

## सूबे में पुलिस व सत्तारूढ़ दल के नेता पर हो रहे हमले, गुंडाराज के स्पष्ट संदेश : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विगत चौबीस घंटों में बिहार में स्थापित जदयू-भाजपा राज के गुंडाराज को सत्ता संरक्षित अपराधियों ने और मजबूत किया है। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि कार्रवाई करने गई पुलिस को बंधक बनाने से लेकर उसके साथ मारपीट तक सूबे के विभिन्न हिस्सों में की जा रही है। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कही। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि पिछले 24 घंटे में अपराधियों के द्वारा सूबे के विभिन्न हिस्सों में किए गए अपराध की फेहरिस्त उठा के देख लीजिए कि कैसे उन्होंने नीतीश भाजपा के गुंडाराज में आम लोगों के रक्षार्थ लगी पुलिस को निशाना बनाया है तो वहीं सत्तारूढ़ दल जनता दल यूनाइटेड के नेता तक को मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा में अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियों की बौछार कर दी। गनीमत रहा कि गोलियां उन्हें नहीं लगी, लेकिन अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद आराम से बाइक पर जाते सीसीटीवी कैमरों में दिख रहे हैं बावजूद इसके कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। बिहटा परेव गांव की घटना पर बोलते हुए अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्क्रैप तस्कर को पकड़ने गई पुलिस को बंधक बना लिया गया फिर पथराव और मारपीट किया गया। घंटों तक तीन पुलिसकर्मियों को बंधक बनाया गया और जब थानेदार आए तो उनके साथ मारपीट और हाथापाई हुई।

# पुनपुन में श्रीराम सेवा दल ने पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटन यात्रियों की मौत से पूरे भारतवर्ष में गुस्सा और आक्रोश है। हर कोई पाकिस्तान के प्रति गुस्सा दिखा रहा है। इसके साथ ही दिवंगत आत्माओं की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पर शोक सभा और कैंडल मार्च किया जा रहा है। ऐसे में सोमवार की देर शाम को पुनपुन में श्री राम सेवा दल के द्वारा पुनपुन के अजय चौक से ब्लॉक चौराहा होते हुए नगर भ्रमण करते हुए शोक सभा आयोजन किया और मृतक आत्माओं के प्रति प्रार्थना की वही आक्रोशित लोगों ने सरकार से मांग की है कि पाकिस्तान के कायराना करतूत का बदला ले तभी भारतवासियों को चैन आएगा। मौके पर अध्यक्ष संतोष कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सागर, जिला संयोजक अविनाश कुमार, गंगा आरती अध्यक्ष रिंकू, चंदन, राजा, मंटू, गौतम दुबे आदि शामिल रहे।

# राजद के लोग पाकिस्तान के एजेंट : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने राजद पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजद के लोग पाकिस्तान के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। मंच से भारत माता की जय का नारा लगाने का दिखावा करते हैं, लेकिन दिल और आत्मा पाकिस्तान परस्ती में रमी रहती है। तभी तो उनकी सभाओं में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ऐसे देशविरोधी तत्वों की गहन जांच कर उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद नेता खाते-पीते, कमाते और चैन से भारत में रहते हैं, लेकिन गाते पाकिस्तान के गीत हैं। बिहार की जनता अब इनका असली चेहरा पहचान चुकी है और झूठे राष्ट्रप्रेम के बहकावे में नहीं आएगी। तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वोट के खातिर बार-बार झूठा देशप्रेम और हिंदू प्रेम दिखाना अब नहीं चलेगा। तेजस्वी जी को याद रखना चाहिए कि काठ की हांडी बार-बार चूल्हे पर नहीं चढ़ती। बिहार की जनता अब सजग है और किसी के बहकावे में आने वाली नहीं है।

# फिजिकल टेस्ट और मौखिक परीक्षा से होगी एन.सी.सी नेवल विंग में एंट्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना कॉलेजिएट स्कूल पटना के सभागार में प्राचार्य अफजल सआदत हुसैन की अध्यक्षता में प्रथम वर्ष के कैडेट्स की नेवल एन.सी.सी में एंट्री से पूर्व सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यालय में नव नामांकित छात्रों को एन.सी.सी नेवल विंग में एंट्री कैसे मिलेगी, इस विषय पर परिचर्चा की गई। कैडेट्स को एन.सी.सी से क्या फायदे हैं, भविष्य में एन.सी.सी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र से छात्रों को होनेवाले लाभ तथा इस प्रमाण पत्र का प्रयोग रोजगार के रूप में हम कैसे कर सकते हैं? इस विषय पर 'पेटी ऑफिसर' अविनाश कुमार एवं नीरज कुमार ने विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस मार्गदर्शन सेमिनार में द्वितीय वर्ष के सभी जेडी/जेडब्लू कैडेट्स उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट एन.सी.सी ऑफिसर डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया। अविनाश कुमार बच्चा ने आगत अधिकारियों, कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कैडेट यश कुमार सिंह, नीतिल कुमार, सुहानी कुमारी, सुमित कुमार, पीयूष गुप्ता एवं सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से इंडस्ट्रियल एरिया, बेल्ट्रॉन भवन स्थित न्यू जील फैशन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में न्यू जील फैशन के सैकड़ों कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम ने शिविर में लोगों को वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी एवं डॉक्टर परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई। मौके पर उपस्थित क्लब की अध्यक्ष सोनल जैन ने कहा कि ग्रामीण सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत लोगों को मुफ्त इलाज और चिकित्सा परामर्श देना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस शिविर में सहयोग करने के लिए मैं जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का धन्यवाद करती हूं जिसके वजह से लोगों ने जांच करवाकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई है।

# बिहार में 28 अप्रैल से 2 मई तक चलेगा विशेष पुस्तक वितरण अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में नये शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 28 अप्रैल 2025 से 2 मई 2025 तक विशेष अभियान चलाकर छात्रों को पाठ्यपुस्तकें वितरित की जाएंगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

**छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें की जाएंगी वितरित**

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ के निर्देशानुसार बिहार राज्य पाठ्यपुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड द्वारा सभी विद्यालयों को कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक की आवश्यक पाठ्यपुस्तकें पहुंची दी गई हैं। अब यह सुनिश्चित किया जाना है कि ये पुस्तकें प्रत्येक छात्र तक समय पर और व्यवस्थित ढंग से पहुंचे। इसके लिए राज्य भर के सभी विद्यालयों में एक व्यवस्थित वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**वितरण समारोह में मौजूद रहेंगे अभिभावक**

डॉ. एस. सिद्धार्थ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि वितरण समारोह में छात्रों के अभिभावकों, माता-पिता और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए ताकि वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। समारोह के दौरान छात्रों को पुस्तकों का वितरण उनके अभिभावकों की मौजूदगी में किया जाए।

वितरण कार्यक्रम का अलग से डॉक्यूमेंटेशन भी किया जाएगा और जिला स्तर पर समारोह की स्वच्छ और सुंदर तस्वीरें संकलित की जाएंगी। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि प्रतिदिन के वितरण की रिपोर्ट जिला स्तर पर संकलित कर टेक्स्टबुक कार्यालय को शाम 5 बजे तक भेजी जाए।

**पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता पर विशेष जोर**

इसके साथ ही वितरण के दौरान पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का भी आदेश दिया गया है। अगर पुस्तक गुणवत्ता के मानक के अनुरुप न हो तो इसकी तत्काल सूचना जिला मुख्यालय और बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड, पटना को तुरंत भेजी जाए ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। शिक्षा विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि इस विशेष अभियान को पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाया जाए ताकि छात्रों को शिक्षा सत्र की शुरुआत में ही सभी आवश्यक पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# 'ओरल कैंसर से बचाव के लिए दो मिनट की जांच' मुहिम शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हेड एंड नेक कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर पटना स्थित पारस एचएमआरआई अस्पताल ने मर्क स्पेशियलिटीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर 'ओरल कैंसर सुरक्षा के लिए दो मिनट की पहल' एक अभियान की शुरुआत की है। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य ओरल कैंसर के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण पाना है। अभियान की शुरुआत के मौके पर अनिल कुमार (जोनल डायरेक्टर, पारस एचएमआरआई पटना), डॉ. अभिषेक आनंद (कंसल्टेंट एवं एचओडी-मेडिकल ऑन्कोलॉजी), डॉ.शेखर केसरी (चीफ कंसल्टेंट-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी), मनीष गुरुदत्ता, युनिट हेड, रामअवतार जंगीद, जीएम ऑपरेशन, नीरज कुमार फाइनेंस कंट्रोलर एवं मेडिकल स्टाफ की टीम उपस्थित थी। भारत को हेड एंड नेक कैंसर की राजधानी कहा जाता है क्योंकि भारत में हर साल दो लाख से ज्यादा लोग हेड एंड नेक कैंसर के शिकार होते हैं जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। 2022 में सिर्फ होंठ और मुंह के कैंसर के 1 लाख से ज्यादा मामले सामने आए थे। यदि बाकी हेड एंड नेक कैंसर के उप-स्थलों को जोड़ें तो यह कुल पुरुषों में होने वाले कैंसर के 20 से 25 प्रतिशत मामलों के बराबर हो जाएगा।

# विश्व जैन धरोहर दिवस पर बिहार में जैन पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व जैन धरोहर दिवस के अवसर पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मंत्री पराग जैन ने बिहार राज्य में स्थित दिगम्बर जैन धर्म से संबंधित ऐतिहासिक स्थलों की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिहार जो जैन धर्म के प्राचीन इतिहास का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। आज अपने अमूल्य पुरातात्विक स्थलों के समुचित संरक्षण के अभाव में अपनी ऐतिहासिक गरिमा खोता जा रहा है। बिहार में स्थित दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र पावापुरी, राजगृह, कुण्डलपुर, मंदारगिरी, गुणांवा, जमुई, कमलदह, मिथिलापुरी, वैशाली, भद्दीलपुर, नौबतपुर, बिहारशरीफ, चन्द्रप्रभु मन्दिर (पटनासिटी) इत्यादि के संरक्षण की आवश्यकता है। जैन ने विशेष रूप से उन स्थलों का उल्लेख किया जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अथवा राज्य पुरातत्व विभाग के अधीन तो हैं, परंतु उचित देखरेख के अभाव में उपेक्षित अवस्था में पड़े हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन स्थलों के संरक्षण, पुनरुद्धार और संवर्धन के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। जैन ने कहा ये स्थल न केवल जैन समुदाय की धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी अभिन्न हिस्सा है। इनका उचित संरक्षण न केवल इतिहास और संस्कृति को जीवित रखेगा, बल्कि राज्य के पर्यटन विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी ने सरकार एवं संबंधित विभागों से आग्रह किया है कि वे इन स्थलों के पुनरुद्धार हेतु विशेष योजनाएं बनाएं। कमिटी शीघ्र ही इस विषय में ज्ञापन सौंपने एवं जनजागरण अभियान प्रारंभ करने की योजना भी बना रही है।

# बरौनी और सहरसा के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु खगड़िया-मानसी-सिमरी बख्तियारपुर के रास्ते बरौनी और सहरसा के मध्य 01 मई से सप्ताह में छः दिन एक स्पेशल ट्रेन 05222/05221 का परिचालन किया जायेगा। इस स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 19484/19483 बरौनी-अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस के रेक का उपयोग करते हुए किया जायेगा अर्थात इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, तृतीय वातानुकूलित इकानोमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे। गाड़ी सं. 05222 बरौनी-सहरसा स्पेशल 01 मई से 31.07.2025 तक सप्ताह में छः दिन (शुक्रवार को छोड़कर) बरौनी से 18.40 बजे खुलकर, 18.58 बजे बेगूसराय, 19.35 बजे खगड़िया, 20.08 बजे मानसी, 20.38 बजे सिमरी बख्तियारपुर रूकते हुए 21.00 बजे सहरसा पहुंचेगी।

# मन्नूलाल पुस्तकालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आज मगध विश्वविद्यालय के मन्नूलाल पुस्तकालय में एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसका शीर्षक 'भारतीय भाषाओं और संस्कृति को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 की भूमिका' थी। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आईक्यूएसी, समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार भी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ प्रियंका सिंह, एन. ई. पी. समन्वयक, डॉ एकता वर्मा एन. ई. पी. सारथी समन्वयक तथा सभी सारथी मेंटर डॉ ममता मेहरा, डॉ कविता, डॉ वंदना, डॉ शमशाद ने मुख्य भूमिका निभाई। मगध विश्वविद्यालय के सारथी आशीष शंकर और विवेक कुमार, शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इसमें सक्रिय भूमिका निभाई।

CMYK

# 275 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की शाम नगर थाना क्षेत्र के पाली पुल के समीप छापामारी कर उड़ीसा से तस्करी कर सासाराम ले जाया जा रहे 275 किलो गांजा को जप्त कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए एसपी रौशन कुमार ने नगर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि रविवार को संध्या लगभग 5 बजे आसूचना प्राप्त हुई कि दो गांजा तस्कर एक पिकअप गाड़ी जिसमें कटहल लोड किया है। उसी गाड़ी में कटहल के नीचे छिपाकर भारी मात्रा में गांजा उड़ीसा से झारखण्ड होते हुए औरंगाबाद के रास्ते सासाराम ला रहे हैं। प्राप्त सूचना के आलोक में तस्करी की जा रही गांजे की बरामदगी एवं तस्करों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी सह अनुण्डल पुलिस पदाधिकारी-01 कोटा किरण कुमार डिहरी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमें पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष तथा दण्डाधिकारी के रूप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डिहरी एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई, रोहतास के टीम को शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा आवश्यक कार्यवाही के लिए पाली रोड एन.एच.-02 पर लक्ष्मी टी.वी.एस. शो रूम के सामने सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ की गयी। वाहन चेकिंग के दौरान समय करीब 6:30 बजे शाम को औरंगाबाद की ओर से आ रही एक पिकअप गाड़ी जिस पर कटहल लोड था उस गाड़ी को रुकवाया गया। गाड़ी पर बैठे दो व्यक्ति से दण्डाधिकारी की उपस्थिति में प्राप्त सूचना के संबंध में जानकारी देते हुए गाड़ी की तलाशी ली गई। उक्त कटहल लोड किया हुआ गाड़ी का दण्डाधिकारी के उपस्थिति में तलाशी ली गयी एवं गाड़ी पर लोड कटहल को गाड़ी से उतारा गया तो कटहल के नीचे छिपाकर रखा हुआ प्लास्टिक के ग्यारह बोरा में पैक किया हुआ कुल 275 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया तथा इस पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी करायी गयी।

एसपी ने बताया कि गाड़ी में मौजूद दोनों व्यक्ति सनोज कुमार सिंह उम्र-40 वर्ष ग्राम कंजर थाना-कोचस जिला-रोहतास एवं सत्यम राय उम्र 30 वर्ष ग्राम ताजपुर मांझा थाना-जमनिया जिला-गाजीपुर (उ0प्र0) को अवैध रूप से गांजा तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में उसने गांजा तस्करी का खुलासा करते हुए बताया कि ये उक्त बरामद गांजा उड़ीसा के रायगढ़ा से झारखण्ड, औरंगाबाद के रास्ते सासाराम ला रहा था। पुलिस को चकमा देने के लिए उसने गांजा के बोरा के उपर कटहल लोड किया था जिससे कि पुलिस को तस्करी का शक न हो। गिरफ्तार तस्करों के द्वारा बताये गये गांजा तस्करी के बैकवर्ड लिंकेज एवं फॉरवर्ड लिंकेज में संलिप्त व्यक्तियों की जांच की जा रही है जिनके विरूद्ध सक्ष्यानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तार तस्करों की प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि सनोज सिंह भभुआ से दो (02) मद्य निषेध के काण्डों में तथा सत्यम राय जमानिया गाजीपुर (उ0प्र0) से एक (01) काण्ड में जेल जा चुके हैं इनके अन्य आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है। बरामद गांजा का मूल्य बाजार में लगभग 50 लाख रुपए बताया जा रहा है। पुलिस ने पिकअप वैन सहित उस पर लदा 2000 किलो कटहल और दो एंड्राइड मोबाइल भी जब्त किया है। प्रेस वार्ता में उनके साथ एसडीपीओ 1 कोटा किरण कुमार, डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, चंद्रहास कुमार विश्वजीत, अंजली कुमारी, अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## कैंडल मार्च निकालकर दी गई श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** नासरीगंज नगर के महावीर मंदिर परिसर में कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में शिक्षा विकास मंच के बैनर तले श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर मोमबत्तियां जलाकर आतंकियों के हमले में मारे गये निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद मुर्दाबाद आदि जमकर नारे लगाए। लोगों ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी करारा जवाब दे रहे हैं। प्रत्येक नागरिक यह चाहता है कि पाक से सरकार बदला ले। ईंट का जवाब पत्थर से देना होगा। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह व संजय कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष आर्य, पूर्व जिला पार्षद अनिल सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद अजय कुमार सिंह, संजय कुमार उर्फ लालबाबु प्रसाद, मदन केशरी, अमित कुशवाहा, बबन कुमार सिंह, नितेश कुमार लड्डू, चंद्रकांत कुमार मुन्ना, लुकेश्वर कुमार प्रिय, अजय शौंडीक, वीरेंद्र चौधरी, परमानंद सिंह, प्रमोद कुशवाहा, कमलेश यादव, शैलेश सिंह, राजू मेहता, मुन्ना मेहता, मनीष कुमार, रामजी चौधरी, सुनील चौधरी, रूपेश कुमार, मंतोष यादव, अंकित कुमार, रितवरन पासवान, विजेंद्र कुमार व लालबाबु डोम आदि मौजूद थे।

## डीएम ने की बैंक और उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सोमवार को जिलाधिकारी ने जिला उद्योग केंद्र में संचालित बैंक संबंधी योजनाओं (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना) तथा उद्योग विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं (मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना) की गहन समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले को मिले 212 लक्ष्य के विरुद्ध 249 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं जो सराहनीय उपलब्धि है। वहीं, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में 340 लक्ष्य के विरुद्ध 322 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। लक्ष्य से कम स्वीकृति पर जिलाधिकारी ने निजी बैंकों को कड़ी चेतावनी दी तथा अगली बैठक तक स्थिति सुधारने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत जिले में 178 लाभार्थियों को पहली किस्त की राशि वितरित कर दी गई है। बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत जिले के 1539 चयनित लाभार्थियों में से अब तक 288 को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। शेष लाभार्थियों को भी चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त कुल 3927 आवेदनों को प्रथम चरण से दूसरे चरण में भेजने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। बैठक में उप विकास आयुक्त, महाप्रबंधक उद्योग विभाग और अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारी मात्रा में महुआ विनष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** कच्छवां थाना क्षेत्र के सोन नदी तट व डीला पर गहन छापामारी कर पुलिस ने शराब निर्माण की दो भट्ठियों को ध्वस्त किया तथा भारी मात्रा में महुआ पास जब्त कर विनष्ट किया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह से ही सोन नदी तट पर गहन छापामारी अभियान चलाया गया। उक्त क्रम में शराब निर्माण की दो भट्ठियों को ध्वस्त किया गया तथा निर्माण में प्रयोग किये जाने वाली सामग्री, ड्राम, लोहे का कड़ाही, टिन, कनस्तर, गैलन आदि सामग्रियों को जब्त किया गया तथा एक हजार महुआ पास विनष्ट किया गया। पुलिस के आगमन की भनक लगते ही तस्कर फरार हो गये। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा और उक्त अवैध शराब तस्करी के धंधे में शामिल सभी तस्करों को चिन्हित कर यथाशीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। उक्त अभियान में बड़ी संख्या में कछवां पुलिस बल उपस्थित थी।

## घोटाले की भेंट चढ़ रहा पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



तिलौथू (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैया में भवन निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता सामने आई है। बताया जा रहा है कि निर्माण स्थल पर न तो स्टिमीट (प्राक्कलन) का बोर्ड लगाया गया है और न ही गुणवत्ता मानकों का पालन किया जा रहा है। निर्माण में घटिया किस्म के सामग्री का प्रयोग हो रहा है जिससे स्थानीय जनता में जबरदस्त नाराजगी है। उप मुखिया अमित कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के कनीय अभियंता (जेई) से जब इस विषय में बात की गई तो उन्होंने न तो कोई संतोषजनक जवाब दिया और न ही सहयोग किया। उनका व्यवहार संदेह को और गहरा कर रहा है। उप मुखिया ने आरोप लगाया कि विभागीय मिलीभगत से बड़े पैमाने पर घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भवन के पिलर की ढलाई के बाद जहां कुछ दिनों तक नियमित पानी पटाना आवश्यक होता है, वहीं उसे बिना देखरेख के मिट्टी से ढंक दिया गया। इससे साफ संकेत मिलता है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल प्राक्कलन बोर्ड नहीं लगाया गया और कार्य स्टिमेट के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से नहीं कराया गया तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। वहीं कुछ ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की भी मांग की है।

## हिंदू जागरण मंच ने निकाला आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** हिंदू जागरण मंच रोहतास के द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों का पुतला एवं झंडा दहन किया गया। कुछ दिन पहले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा 28 हिंदुओं के निर्मम हत्या के विरोध में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने शहर के पोस्ट ऑफिस चौक पर झंडा एवं पुतला दहन कर आक्रोश जताया। यह आक्रोश मार्च संकट मोचन हनुमान मंदिर फजलगंज से निकल कर के जी टी रोड होते हुआ पोस्ट ऑफिस तक गया। इसमें मुख्य आयोजनकर्ता हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंकित पांडेय एवं युवा जिला संयोजक कुमार श्वेतांशु ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब भारत को पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए और भारत सरकार को विश्व के नक्शे से आतंकवादियों के जनक पाकिस्तान को मिटाने का संकल्प लेना चाहिए। इस आक्रोश मार्च में हिंदू जागरण मंच के प्रांत के अधिकारी अमन सिंह उपस्थित रहे। साथ ही साथ आरएसएस के सेवा प्रमुख क्षितिज सिंह की मौजूदगी खास बनी रही। हिंदू जागरण मंच के अन्य सभी सदस्य गण पूरे जोश खरोस से अपने हाथों में बैनर, स्लोगन, नारे एवं ध्वज के साथ इस आक्रोश मार्च में और जान भर दिये। मौके पर मौजूद अन्य हिन्दू संगठन के सदस्य विश्व हिंदू परिषद, श्री शंकरपुरी तकिया की टीम, नगर पूजा समिति, हिंदू सेवा दल तकिया ने भी पूरा समर्थन दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जनार्दन दुबे, डॉ. शिवनाथ चौधरी, अरुण कांस्यकार, सुनील बालाजी, भाई जितेंद्र, राजेश्वर चौरसिया, राकेश श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह, संदीप कुमार, मुरारी सिंह, विवेक विक्रम, सोनू सिंह, मनोज चंद्रवंशी, जितेंद्र मेहता, मुरारी कुमार, रौशन कुमार, रिशु कुमार, सुधांशु सिंह, सूरज श्रीवास्तव, सुशील कांस्यकार, विक्की कुमार, पुनीत पांडेय, सौरभ राज, प्रज्वल परमार, बीटू सिंह, रौनक पटेल, विशाल गुप्ता, अंबर कुमार, अंकित मौर्य, छोटे मेहता, छोटू कुमार, रुद्रांश पांडेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आठ पर नामजद प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरकप में रविवार को दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर कहा सुनी करते हुए मामला बढ़ कर मारपीट में तब्दील हो गया जिसमें दोनों पक्ष के लोग घायल हो गए। जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष अपना-अपना इलाज कराने के बाद थाना आकर सोमवार को लिखित आवेदन दिया जिसमें पहला पक्ष उमेश कुमार सिंह पिता स्वर्गीय रामप्रवेश सिंह ग्राम बेरकप ने शारदा कांत सिंह पिता राम जनम सिंह, रवि रंजन कुमार एवं अभिषेक कुमार दोनों पिता शारदा कांत सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया। इस संबंध में कांड संख्या 33/25 दर्ज किया गया वहीं दूसरे पक्ष द्वारा लिखित आवेदन देकर काउंटर केस किया जिसमें वादी शारदा कांत सिंह पिता राम जनम सिंह ने उमेश कुमार, मनीष कुमार सिंह, देवंती कुंवर तीनों पिता व पति स्वर्गीय रामप्रवेश सिंह, छोटू कुमार पिता विमल सिंह, संध्या देवी पति उमेश कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया।

## ट्रक -हाइवा की टक्कर में ट्रक क्षतिग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** बिक्रमगंज नासरीगंज एनएच -120 पर गिट्टी लदा ट्रक में हाइवा पीछे से जोरदार टक्कर मार कर ट्रक को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना सोमवार की सुबह करीब पांच बजे का बताया जाता है। घटना के बारे में ट्रक चालक सावन कुमार पिता देवानंद प्रसाद जो सासाराम के शोभगंज निवासी ने बताया कि 18 चक्का हाइवा काफी तेज गति से बिक्रमगंज की तरह से आ रहा था। गोड़ारी में लक्ष्मी नारायण सीमेंट दुकान के सामने मुख्य मार्ग के किनारे गिट्टी लदा ट्रक खड़ा कर बगल में खड़ा था। तभी अनियंत्रित हाइवा ने गिट्टी लदा ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतना जोरदार था कि गिट्टी लदा ट्रक करीब पांच से सात फीट आगे बढ़ गया। ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक ने बताया कि गनीमत थी कि अगर ट्रक के किनारे नहीं रहते तो जान जा सकती थी। चालक ने थाना में लिखित आवेदन देकर हाइवा जिसका नंबर बीआर 24 जीडी 1861 हाइवा व चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये एफआईआर दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष भगीरथ कुमार ने बताया कि घटना का आवेदन मिला है जिसकी जांच जारी है।

## लेट्स इन्स्पायर मुहिम को बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका अहम : आईपीएस विकास वैभव

### जाति और धर्म का ध्यान न देकर, बिहार को विकसित करने वाले प्रतिनिधि का चयन करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** प्रखंड क्षेत्र के अमरा तलाब स्थित रविवार को वरीय आईपीएस अधिकारी विकास वैभव ने लेट्स इंस्पायर बिहार गार्गी पाठशाला का औपचारिक उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गार्गी पाठशाला के छात्र-छात्राओं ने आईजी विकास वैभव का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक नूतन पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास वैभव और विशिष्ट अतिथि लव सिंह को अंग वस्त्र और माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस विकास वैभव ने कहा कि 3 वर्ष पूर्व गार्गी पाठशाला का शुरुआत पटना से हुआ था। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 2 लाख से अधिक लोग लेट्स इन्स्पायरें बिहार से जुड़े हैं, उसे इस मुहिम को बढ़ाने में महिलाओं की अहम भूमिका रही है जिससे 9 जिला में 20 केंद्र चलाया जा रहा है।

रोहतास ने परिवर्तन होते देखा है, अब बिहार की बारी है। जनप्रतिनिधि का चयन करने का समय आ गया है। जाति और धर्म का ध्यान न देकर, बिहार को विकसित करने वाले प्रतिनिधि का चयन करें। ताकि बिहार के बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। अगर बिहार विकसित नहीं हुआ तो भारत विकसित देश कैसे बनेगा। बिहार की जनसंख्या 14 करोड़ है 14 करोड़ की संख्या में युवाओं की संख्या 9 करोड़ है। बिहार के बच्चे भविष्य के न्यू का निर्माण कर रहे हैं, गार्गी पाठशाला इस मुहिम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महिला आज भी शिक्षा और चरित्र के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही हैं इससे समाज को एक बेहतर काम करने का संदेश मिलेगा। समाजसेवी लॉजिंग में कहा कि यूपीएससी परीक्षा परिणाम में यह साफ दिख रही महिलाएं अव्वल है। सभी से कहा कि 2047 तक विकसित भारत में विकसित बिहार का निर्माण आसान नहीं है। एक रिपोर्ट को उद्धत करते हुए उन्होंने बताया कि बिहार आज भारत का सर्वाधिक पिछड़ा राज्य बन चुका है जिसमें एक माह में प्रति व्यक्ति आय मात्र 5028 रूपये है जबकि सिक्किम में 48,979, दिल्ली में 38,493, तेलंगाना में 29,714, केरल में 23,417, महाराष्ट्र में 23,134, गुजरात में 22,704, और आंध्र प्रदेश में 20,207 और मध्य प्रदेश में 11,880 है। ऐसे में जब बिहार का विकास दर अभी मात्र 14.5% है तो 2047 तक विकसित भारत में एक विकसित बिहार के निर्माण की चुनौती कितना कठिन है यह स्पष्ट समझा जा सकता है। यदि वर्तमान दर से भी हम विकसित होते रहे तो लक्ष्य से बहुत पीछे ही रहेंगे जब तक हम बिहार में उद्यमिता की क्रांति लाने के निमित्त कार्य नहीं करेंगे तो हम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकेंगे और इसके लिए हमें जाति-संप्रदाय, लिंगभेद और विचारधारात्मक मतभेदों से उपर उठकर कार्य करना होगा। जदयू नेता लव सिंह ने कहा कि सब कोई पूछ रहा है विकास वैभव क्या कर रहे हैं मुझे बताना है कि विकास वैभव गांव के बच्चों को पढ़ने और शिक्षा का अलख जगाने के लिए गार्गी पाठशाला चल रहे हैं जिससे बच्चे विद्वान और अपना भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। मौके पर मंडल कारा अधीक्षक सुजीत कुमार, लव सिंह, महेंद्र ओझा, प्राचार्य मैकू राम, संजय सिंह बाला, उमा शंकर पांडेय उर्फ मुटूर पांडेय, प्रमिला सिंह, डॉ प्रीति बाला, जीएम अंसारी, रामावतार राय, अश्विनी सिंह, सासाराम पूर्व प्रमुख राम कुमारी देवी, राम अवतार राय, मदन कुमार सिंह, अभिनव नीरज, गार्गी अध्याय के मुख्य समन्वयक प्रीति बाला, लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य समन्वयक राहुल सिंह, यश उपाध्याय और अन्य लोग मौजूद रहे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम में संभागीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सासाराम में सोमवार को 54 वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभागीय खेल प्रतियोगिता 2025- 26 के एथलेटिक्स, रोप स्किपिंग एवं योग खेलों हेतु आगामी तीन दिनों तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहतास जिले के जिलाधिकारी-सह-केंद्रीय विद्यालय सासाराम प्रबंधन समिति की अध्यक्षा उदिता सिंह, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त रोहतास-सह-केंद्रीय विद्यालय सासाराम प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष एवं इस आयोजन के पर्यवेक्षक डॉ जयकुमार झा रहे। अतिथियों के आगमन पर विद्यालय के छात्रों द्वारा अतिथियों को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंट किया गया एवं विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत करते हुए जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके सहयोग से विद्यालय दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है एवं आने वाले समय में इसे बनाए रखने के लिए विद्यालय द्वारा सदैव प्रयास किया जाएगा। मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी उदिता सिंह ने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए प्रतियोगी छात्रों को नसीहत दिया कि यदि 1600 मी. जैसी लंबी रेस जितना है तो अगल-बगल के प्रतियोगियों को नहीं देखना है बल्कि अपने लक्ष्य की ओर देखकर आगे बढ़ते रहना है, यही जीत सुनिश्चित करने का तरीका है। विशिष्ट अतिथि एवं उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय ने अपने विद्यार्थी जीवन के संघर्षों को याद करते हुए बताया कि खेल में हार और जीत चलता रहता है, लेकिन कोई भी हार अंतिम नहीं होता। यदि कोई प्रतियोगिता में हम नहीं जीत पाते हैं तो हमें अन्य प्रतियोगिता के लिए पूरे लगन के साथ प्रयत्न करना चाहिए और याद रखना चाहिए कि मैच अभी बाकी है। डॉक्टर इंजीनियर नहीं बन पाए तो कोई बात नहीं। आगे पढ़ कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए तैयारी किया जा सकता है। राज्य स्तरीय प्रशासनिक सेवाओं की भी तैयारी किया जा सकता है।

## शपथ पत्र

मैं रीता देवी पति रामकुमार सिंह ग्राम सरावक पो.-सरावक, थाना-कासमा जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथ पूर्वक सत्य एवं निष्ठा के साथ निम्न बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं।

मेरा आधार कार्ड सं.-4957 6499 8525 में मेरा नाम गीता कुमारी अंकित हो गया है जो गलत है। मेरा सभी योग्यता तथा जाति आवासीय एवं अन्य कागजात में रीता कुमारी नाम अंकित है। मैं उपर के दस्तावेज के आधार पर आधार कार्ड में अपना नाम गीता देवी के स्थान पर रीता देवी सुधार करने हेतु उक्त आशय का शपथ पत्र दे रही हूं।

शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है।

**शपथकर्ता**
**रीता देवी**


**Bandhan Bank**

**बंधन बैंक लिमिटेड**
**सी.आई.एन.** L67190WB2014PLC204622
**पंजीकृत कार्यालय:**
**डी.एन. 32 सेक्टर-V, सॉल्ट लेक सिटी, कोलकाता-700091**
**टेलीफोन** (033) 66090909, **वेबसाइट** : www.bandhanbank.com

**सार्वजनिक नोटिस**

इसके द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि बंधन बैंक लिमिटेड ('बैंक') कटिहार शाखा को नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार स्थानांतरित किया जाएगा और नए परिसर से परिचालन किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि संबंधित शाखा के लिए आईएफएससी और एमआईसीआर में कोई बदलाव नहीं होगा।

| शाखा का नाम और मौजूदा पता | शाखा का नाम और प्रस्तावित नया पता | नये पते से परिचालन की संभावित तिथि |
|---|---|---|
| **कटिहार शाखा**<br>शाखा कोड: 1398<br>दुर्गास्थान चौक, पी.ओ.-कटिहार, जिला-कटिहार, बिहार, पिन-854105 | **कटिहार शाखा**<br>शाखा कोड: 1398<br>प्रथम तल, गामी टोला, वार्ड नंबर 32, फकीर तकिया चौक, कटिहार, जिला-कटिहार, बिहार, पिन-854105 | जून 30, 2025 |

जिन ग्राहकों ने बैंक की उपर्युक्त मौजूदा शाखा में सुरक्षित जमा लॉकर सुविधा का लाभ उठाया है, उनसे अनुरोध है कि लॉकर सुविधा को खाली करने या बंद करने के लिए स्थानांतरण तिथि से पहले संबंधित शाखा से संपर्क करें। यदि कोई ग्राहक निर्धारित समय सीमा के भीतर शाखा से संपर्क नहीं करता है, तो सेफ डिपॉजिट लॉकर तथा उसमें रखी सामग्री को नए पते पर भौतिक रूप से स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी और जोखिम की सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी ग्राहक की होगी।

हमें हुई असुविधा के लिए खेद है।

**दिनांक: अप्रैल 29, 2025** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान: कटिहार, बिहार**



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025**
**D.E.C.E. (L.E.)-2025**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2025/04 दिनांक- 27.04.2025

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [DECE(LE)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2025/03 दिनांक- 16.04.2025 के अनुसार DECE(LE)-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration and Payment की अंतिम तिथि 24.04.2025 निर्धारित था। **छात्रहित में DECE(LE)-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **04.05.2025**
(ii) Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **05.05.2025**
(iii) Online Editing of Application Form : **07.05.2025 to 08.05.2025**
(iv) Uploading of Online Admit Card : **20.05.2025**
(v) Proposed Date of Examination : **01.06.2025**

(2) दिनांक 05.05.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।
(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।
(4) सभी सम्बन्धित को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

**परीक्षा नियंत्रक**

# नवादा को जाम से मिलेगी निजात, जल्द बनेगा रिंग रोड

## गंगारानी सिन्हा कॉलेज से मस्तानगंज तक बनेगा बाईपास, नगर परिषद द्वारा पथ निर्माण को लेकर किया कार्य का श्रीगणेश

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा वासियों को अब जाम से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव सरकार की ओर से स्वीकृत किया जा रहा है। इसी के अनुपालन में सोमवार को नगर परिषद के द्वारा डॉ गंगा रानी सिन्हा कॉलेज से लेकर मस्तानगंज तक बाईपास बनाने के लिए कार्य का श्री गणेश किया गया। नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी द्वारा सोमवार को स्थलीय निरीक्षण के उपरांत जेसीबी मशीन से इस पथ के निर्माण की शुरुआत कराई गई है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 10 फरवरी को नवादा में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने एनएच 20 के मस्तानगंज से होते हुए निंगारी, महद्दीपुर, साहबचक के रास्ते गंगा रानी सिन्हा कॉलेज तक कादिरगंज रोड में बाईपास निर्माण की मांग रखी गई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी द्वारा रखे गए 6 मांगों में से कई मांगों पर अपनी सहमति जताई है। इसी में बाईपास निर्माण के लिए भी मुख्यमंत्री सचिवालय से नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र जारी किया गया था। जिला प्रशासन की ओर से इससे संबंधित पहले चरण की कार्रवाई की सूचना बिहार सरकार व संबंधित विभाग और नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी को भी उपलब्ध कराया गया। नगर परिषद के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने नगर परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के साथ इस मुद्दे पर बातचीत करते हुए सोमवार से इस पथ के निर्माण के लिए प्राथमिक तौर पर कार्य का श्री गणेश कर दिया है। नगर परिषद के दो जेसीबी मशीन के सहयोग से इस रास्ते के निर्माण की रूपरेखा सोमवार से शुरू कर दी गई है। नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद एवं मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी के प्रतिनिधि संजय साव ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के दौरान मुख्य पार्षद द्वारा दिए गए मांग पत्र के अनुरूप ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बाईपास निर्माण को गंभीरता से लिया गया और जिसे जल्द ही शुरुआत करने की आश्वासन दिया गया है। सोमवार से इस बाईपास निर्माण के प्राथमिक चरण में कई गड्ढे और ऊबड़ खाबड़ रास्ते को ठीक कर उसे चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ,जिला परिषद सदस्य विनीता मेहता, वार्ड पार्षद पति कृष्णा चौधरी उर्फ पड़कन चौधरी, वार्ड पार्षद सुनील देवी , वार्ड पार्षद साबो देवी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि टमाटर मुखिया, जितेंद्र साव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। बताया जा रहा है कि मस्तानगंज से लेकर डॉ गंगा रानी सिन्हा कॉलेज तक बाईपास निर्माण होने के बाद नवादावासियों को जाम से निजात मिल पाएगा। रजौली की ओर से आने वाले वाहन कादिरगंज होते हुए जमुई की ओर जाना चाहते हैं तो उन्हें नवादा शहर में प्रवेश करने की जरूरत नहीं होगी। ऐसे में शहर से ट्रैफिक का दबाव काम होगा बाईपास निर्माण प्रक्रिया शुरू होने की खबर पर शहर वासियों में खुशी देखी जा रही है। लोगों ने उम्मीद जताया है कि मुख्य पार्षद एवं नगर विकास आवास विभाग इसे जल्द से जल्द मूर्त रूप प्रदान करेगा ताकि शहर वासियों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। मुख्य पार्षद के प्रतिनिधि संजय साव ने बताया कि इसके साथ-साथ कई अन्य बड़े कार्यों पर भी नगर परिषद के द्वारा अमली जामा पहनाने का काम जोर शोर से किया जा रहा है।





# ऋण नहीं देने पर गारंटर को गिरफ्तार कर ले गई पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** न्यायालय के आदेश पर आज राजगीर पुलिस ने गारंटर को गिरफ्तार कर लिया। ऋणी फरार होने में सफल हो गया। विदित हो कि वर्ष 2019 में चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी से कमल बीघा निवासी विक्रम कुमार ने वाहन के नाम पर 6 लाख 50हजार का ऋण लिया था। गारंटर बतौर पिता मिथिलेश सिंह थे। कंपनी द्वारा बार बार नोटिस देने के बाद भी ऋण जमा करने में आना कानी करने लगा। बाध्य होकर कंपनी ने कोलकाता न्यायालय में चार माह पूर्व केस दर्ज किया था। इसी के आलोक में आज राजगीर पुलिस गारंटर को कमल बीघा गांव से गिरफ्तार कर लिया और कोलकाता न्यायालय को सौंपने के लिए रवाना हो गया। फरार ऋणियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार छापामार रही है। चोला मंडलम कंपनी के लीगल एडवाईजर आशू कुमार ने बताया कि फरार ऋणियों के साथ साथ अन्य चिन्हित ऋणियों को भी गिरफ्तार की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



# सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो जख्मी हो गए है। घटना नूरसराय और दीपनगर थाना क्षेत्र में घटी है। महिला पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर मायके जा रही थी। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। नूरसराय थाना क्षेत्र के मेयार गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक जख्मी हो गया। मृतक बिहार थाना क्षेत्र के थवई मोहल्ला निवासी मो अरशद है जबकि जख्मी शेरपुर मोहल्ला निवासी मो राजा है। परिवार वालों ने बताया कि दोनों युवक घूमघूम कर एसी और फ्रिज बनाने का काम करता है। इसी सिलसिले में वह रविवार को चंडी गया था। वापस लौटने के दौरान हादसा उस वक्त हुआ जब आंधी बारिश आई हुई थी। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। जहां अरशद को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। दुसरी घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के एनएच 20पर सकरौल गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। मृतका बिहार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी अनिल कुमार की 42 वर्षीया पत्नी संजू कुमारी है। परिवार वालों ने बताया कि सोमवार को दंपति स्कूटी से ससुराल नवादा जिला के कादीरगंज थाना क्षेत्र के सोनुबीघा गांव जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। दीपनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। जख्मी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।




# बिहारशरीफ में दो घटनाओं ने बढ़ाई सुरक्षा की चिंता: एसिड फेंकने से छिनतई तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के थरथरी बाजार और सरमेरा थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग घटनाओं ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। पहली घटना थरथरी बाजार में बाइक और मैजिक वाहन के सटने को लेकर हुए विवाद से जुड़ी है, जबकि दूसरी घटना सरमेरा में दिनदहाड़े हुई छिनतई की वारदात से संबंधित है।

थरथरी बाजार में एक मैजिक वाहन के बाइक से सटने पर विवाद शुरू हुआ, जो बाद में मारपीट में बदल गया। इस दौरान एक पक्ष ने एक ज्वेलर्स की दुकान से तेजाब की बोतल निकालकर विपक्षी पर फेंकने की कोशिश की। हालांकि, बोतल को पकड़ने के दौरान दोनों पक्षों के लोग जख्मी हो गए। इस घटना में मंगल कुमार ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया है, वहीं दूसरे पक्ष ने भी एक और प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

दूसरी घटना सरमेरा थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा एसएच-78 पर घटी, जब रिटायर्ड फौजी नंदकुमार सिंह ने पंजाब नेशनल बैंक से दो लाख रुपये की निकासी के बाद टोटो वाहन से घर लौटते समय बाइक सवार दो युवकों द्वारा छिनतई का शिकार हो गए। दोनों युवकों ने नंदकुमार सिंह से रुपयों से भरा बैग छीन लिया, जिसमें दो लाख रुपये के अलावा उनका एटीएम कार्ड और पासबुक भी थी। इस घटना की सूचना तुरंत सरमेरा थानाध्यक्ष को दी गई। इस क्षेत्र में इससे पहले भी 2021 में एक बड़ी लूट की घटना हो चुकी है, जिसमें सरमेरा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सनी कुमार से पांच लाख रुपये की लूट हुई थी, लेकिन पुलिस अब तक उस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है।

इन घटनाओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जिनका जवाब तलाशना अब जरूरी हो गया है।

# केवीके में दो दिवसीय वार्षिक कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा अवस्थित राजेन्द्र भवन में सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी,पटना के बैनर तले वार्षिक कार्य योजना को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी, पटना के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार एवं डॉ. डीबी सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर अंतर्गत सभी 22 कृषि विज्ञान केंद्रों के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान शामिल हो रहे हैं। बैठक में विभिन्न प्रान्तों से आए कृषि वैज्ञानिकों ने वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्य योजनाओं को लेकर आवश्यक जानकारियां एक दूसरे से साझा किया वहीं कार्यशाला के दौरान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों को सम्बोधित किया तथा वार्षिक कार्य योजना के सफल संचालन हेतु उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मार्गदर्शन किया। इस दरम्यान अटारी,पटना के निदेशक डॉ0 अंजनी कुमार ने भी बिहार से जुड़े सभी केवीके की ओर से कार्य का प्रस्तुतिकरण कृषि मंत्री के समक्ष रखा।




# नवादा में 20 हजार रुपए रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले के सिरदला अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते निगरानी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, उपरडीह गांव निवासी अमीर ने दाखिल खारिज के लिए आवेदन किया था। दाखिल खारिज के लिए राजस्वकर्मी रविशंकर शर्मा द्वारा 70 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। इसकी शिकायत निगरानी विभाग में की गयी थी। निगरानी डीएसपी शशिशेखर चौधरी के नेतृत्व में की गई छापामारी में राजस्वकर्मी रविशंकर शर्मा को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया है।



# पहलगाम हत्याकांड के विरोध में निकाला जुलूस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के तत्वावधान में पहलगाम में हुई निर्मम हत्या के विरोध में एक शांतिपूर्ण जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के शीर्ष पदाधिकारी राधेश्याम चौधरी ने किया। उनके साथ शंभू देव लाल, उमेश कुमार, अजित कुमार, हरिमोहन कुमार, संतोष कुमार मोदी, सूर्यनारायण जी, विजय जी, धनंजय जी, दिनेश जी सहित दर्जनों नागरिकों ने भाग लिया और अपनी देशभक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने मोमबत्ती जलाकर और दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपस्थित लोगों ने इस जघन्य घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सरकार से दोषियों के विरुद्ध त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की।

एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संस्था प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर जनआंदोलन करेगी। संस्था ने सरकार से मांग की कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।




# पुलिस पर हमला करने के मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के तुलसी बिगहा गांव में बीते 15 मार्च की संध्या पुलिस बलों के साथ मारपीट एवं वाहन को क्षतिग्रस्त के मामले में अपर थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने दो आरोपितों को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते मार्च माह के 15 तारीख को तुलसी बिगहा गांव निवासी वीरु यादव की पत्नी ऊषा देवी थाना पहुंच कर अपने पति और सास आदि पर प्रताड़ना का आरोप लेकर लिखित आवेदन दी थी। उक्त आवेदन की जांच में थाने में पदस्थापित एसआई सत्येंद्र सिंह, पीटीसी सुरेन्द्र राम एवं सशस्त्र पुलिस बल संध्या को महिला को साथ लेकर तुलसी बिगहा पहुंची। महिला को पुलिस के साथ देखने पर विरु यादव समेत लगभग 30 की संख्या में रहे लोग उग्र हो गए और पुलिस बलों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पीटीसी सुरेन्द्र राम का सिर फट गया एवं थाना के वाहन क्षतिग्रस्त हो गया वहीं पुलिस बलों द्वारा सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस बलों के साथ गांव पहुंच आठ हमलावरों को गिरफ्तार किया गया वहीं पीड़ित महिला ऊषा देवी के द्वारा 16 लोगों की पहचान की गई थी एवं अज्ञात 15 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई पुलिस कर रही है। इसी बीच दो अन्य आरोपितों को गुप्त सूचना के आलोक में एसआई अजय कुमार ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तुलसी बिगहा गांव निवासी सहदेव प्रसाद के पुत्र जितेंद्र कुमार यादव एवं बिंदेश्वरी प्रसाद के पुत्र धनंजय कुमार के रूप में हुई है। दोनों गिरफ्तार लोगों का स्वास्थ्य जांच अनुमंडलीय अस्पताल में करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



# रेडियोलॉजिस्ट के बिना धड़ल्ले से जारी है रजौली में अल्ट्रासाउंड, मुंहमांगी कीमत पर भ्रूण जांच भी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** मुख्यालय स्थित लगभग आधा दर्जन अल्ट्रासाउंड का संचालन अनियमित रूप से किया जा रहा है। इसके विरुद्ध स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण एवं प्रशासन मौन धारण किए हुए है। इन अल्ट्रासाउंड सेंटरों में मुंहमांगी कीमतों पर भ्रूण जांच भी धड़ल्ले से किया जाता है। अल्ट्रासाउंड सेंटर में रेडियोलॉजिस्ट के सिर्फ नाम अंकित रहते हैं और उनके नाम को बेचकर निजी तौर पर स्टाफ रखकर अल्ट्रासाउंड संचालक मोटी रकम कमाने में लगे हुए हैं जबकि जिले के कम लिंगानुपात को बढ़ाए जाने को लेकर सरकार से लेकर जिले के वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चला रहे हैं। ऐसी स्थिति में रजौली के कुछ अल्ट्रासाउंड संचालक भ्रूण जांच कर उनके मंसूबों पर पानी फ़ेरने का काम के रहे हैं। ऐसा नहीं है कि रजौली में सिर्फ रजौली या आसपास के क्षेत्र के लोगों का ही भ्रूण जांच होता है, बल्कि आसपास के जिले से आनेवाली महिलाओं का भी भ्रूण जांच पैसों की लालच में किया जा रहा है। भ्रूण जांच में लड़की होने पर अधिकांश लोग निजी नर्सिंग होम में जाकर अबॉर्शन करवा लेते हैं। कई बार अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम में रहे झोलाछाप चिकित्सक से कराया गया अबोर्शन जानलेवा भी साबित हो चुका है। बुद्धिजीवियों की मानें तो अल्ट्रासाउंड और अवैध निजी नर्सिंग होम एक-दूसरे के अनुपूरक बनकर लोगों का आर्थिक दोहन कर रहे हैं साथ ही गर्भवती महिलाओं के पेट पल रहे बेटियों की हत्या कर लिंगानुपात कम करने में अपनी भूमिका सुदृढ़ कर रहे हैं।बीते वर्ष रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी के सहयोग से जांच अभियान चलाया गया था।उक्त जांच अभियान के बाद भ्रूण जांच बंद हो गया था, किंतु पुनः अल्ट्रासाउंड संचालक रेडियोलॉजिस्ट का नाम बेचकर अपने कार्यों में जुट गए हैं। कई अल्ट्रासाउंड में रेडियोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर पूर्व से रिपोर्ट कार्ड पर करवाकर रख लिए जाते हैं,बाद में रिपोर्ट के बाद मरीजों को वही कागज दे दिया जाता है। बीते 12-13 अप्रैल को सिरदला में अवस्थित शिवम अल्ट्रासाउंड सेंटर में झारखंड के कोडरमा से आए पदाधिकारियों की टीम ने 'ऑपरेशन डिकॉय' के तहत कार्रवाई करते हुए भ्रूण जांच करने के मामले में संचालक को पुलिस के सुपुर्द किया था।वहीं आम लोगों ने कहा कि जिले के वरीय पदाधिकारी के द्वारा समय-समय अल्ट्रासाउंड संचालकों एवं निजी नर्सिंग होम की जांच की जानी चाहिए ताकि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हो सके।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी –**

इस बाबत पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला ने बताया कि जिले के वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है।जल्द ही टीम गठित कर अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों में छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।



# मारपीट एवं वायरल वीडियो घटना की प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दुर्गामण्डप मुहल्ले में रविवार को भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों के साथ लाठी, डंडे एवं हरवे हथियार से की गई मारपीट की घटना की अंततः प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि भूमि विवाद को लेकर दुर्गामण्डप मुहल्ले में मारपीट की घटना घटित हुई। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के शम्भू साव की पत्नी ज्योति देवी के द्वारा लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित महिला के अनुसार कौआकोल के ही मोहन खान, सोहेल खान, मुकेश वर्मा, विकास वर्मा, जितेंद्र यादव, आजाद पासवान सहित 15 नामजद अभियुक्तों द्वारा मजमा बनाकर अचानक उनके घर पर हमला कर परिवार के सदस्यों के साथ जबरदस्त तरीके से मारपीट कर उनके साथ इज्जत लूटने का प्रयास किया गया। इतना ही नहीं नामजद एवं अज्ञात अभियुक्तों ने घर का बाहर लगी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर में रखे बक्सा को तोड़कर जेवरात, नकदी आदि लूट कर चलते बनें। पीड़ित पक्ष ने थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।

# 'आपका शहर आपकी बात में' शामिल हुईं नवादा विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर विधायक विभा देवी की 'योजना चयन यात्रा' आज भी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जारी रहा। सोमवार को नवादा नगर परिषद के वार्ड नम्बर 4 जैन मंदिर रोड स्थित पुस्तकालय भवन में 'आपका शहर आपकी बात' कार्यक्रम के तहत लगाये गए शिविर का अवलोकन करते हुए विधायक ने आम जनता से सीधा संवाद किया और उनकी मूलभूत समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का निर्देश शिविर कर्मियों को दिया। इसी वार्ड के विषहरी स्थान स्थित सामुदायिक भवन में लगाये गए शिविर का निरीक्षण भी विधायक द्वारा किया गया और नल-जल, नाली, गली, पीसीसी, सामुदायिक भवन, पेंशन योजना, आवास योजना समेत, साफ-सफाई एवं अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों को दूर करने का निर्देश दिया गया। विधायक का काफिला आज नारदीगंज प्रखण्ड के दर्जनों गांव पहुंचा जहां क्षेत्रवासियों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाये। खासकर दरियापुर महादलित टोला, नारदीगंज यादव टोली, मुस्लिम टोला, नारदी डीह, पड़रिया यादव टोला, पड़रिया डीह जैसे टोले मुहल्ले में गहन रूप से दौरा किया गया और सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में आवश्यक विकास योजनाओं का चयन किया गया। इन समस्त योजनाओं की विभागीय अनुशंसा करते हुए विधायक ने कहा कि विधायक फंड की राशि को पारदर्शी ढंग से महत्वपूर्ण और आवश्यक योजनाओं में खर्च करना हमारा लक्ष्य है ताकि बिना किसी व्यवधान के जनहित कार्य पूरा किया जा सके। इसी दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे एससी-एसटी समग्र विकास योजना के प्रति भी लोगों को जागरूक किया और सभी 22 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए निर्धारित तिथि और स्थान के अनुसार शिविर में आने का न्योता दिया। काफिले में सुरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र उपाध्याय, घुटर यादव, अमित चंद्रवंशी, मदन यादव, विपिन कुमार, उदय कुमार, मंटू यादव, शम्भू मालाकार, दीपू यादव, धीरज कुमार, छोटे यादव, नरेश यादव आदि नेता कार्यकर्ता शामिल थे।



# वृद्ध व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में 24 अप्रैल की देर रात्रि एक वृद्ध व्यक्ति को अज्ञात बदमाशों द्वारा पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया। जिसका इलाज पीएमसीएच पटना में चल रहा था। जहां इलाज के क्रम में सोमवार को उसकी मौत हो गई। सोमवार की दोपहर वृद्ध व्यक्ति का शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया तथा मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्थानीय ग्रामीण व पंचायत समिति सदस्य सह कौआकोल उप प्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव ने बताया कि 24 अप्रैल (गुरुवार) की रात्रि गांव में कुछ अज्ञात बदमाश मवेशी चोरी करने आए। सुगबुगाहट सुनकर घर के बाहर सो रहे 70 वर्षीय गंगा यादव उर्फ गोनी यादव की नींद टूट गई। जिसके बाद उनके द्वारा हल्ला किये जाने लगा। जिससे गुस्साए बदमाशों ने वृद्ध व्यक्ति की जबरदस्त पिटाई कर दिया। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। गंभीर हालत में वृद्ध को इलाज के लिए स्वजनों द्वारा कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध को नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल से शुक्रवार को विम्स पावापुरी भेजा गया। लेकिन वहां भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच पटना में भर्ती कराया गया। जहां चार दिन बाद ईलाज के दरम्यान उनकी मौत हो गई।

CMYK

# विकास कार्यों की श्रृंखला में मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने किया कई योजनाओं का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने गया नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 17 गुरुद्वारा शिक्षा मंदिर के समीप लगभग पंद्रह लाख रुपये की लागत से निर्मित पथ एवं नाली का उद्घाटन किया। वार्ड संख्या 22 स्थित राजकीय कन्या विद्यालय रमना परिसर में लगभग चार लाख बाइस हजार रुपये की लागत से पथ




निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 14 टावर चौक के समीप लगभग छह लाख उनहत्तर हजार रुपये की लागत से पथ निर्माण कार्य पूरा किया गया। वार्ड संख्या 30 स्थित अनुग्रह नारायण कॉलेज परिसर में बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह की प्रतिमा पर एक लाख उनहत्तर हजार रुपये की लागत से निर्मित छायादार शेड का भी उद्घाटन किया गया। वहीं, वार्ड संख्या 01 खरखुरा रविदास टोला में लगभग दो लाख उनहत्तर हजार रुपये की लागत से चबूतरा निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में वार्ड संख्या 22 पितामहेश्वर महादलित टोला में आठ लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार कार्य भी सम्पन्न किया गया। विकास कार्यों के उद्घाटन पर मोहल्ले के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। विपेंद्र अग्रवाल ने कहा कि पहले जलजमाव के कारण महिलाओं और बच्चों को आवागमन में काफी कठिनाई होती थी, लेकिन अब पथ, नाली और चबूतरे के निर्माण से सबको सुविधा हो गई है। उन्होंने इसके लिए मंत्री का आभार प्रकट किया। उद्घाटन कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, अरुण मैतीभ, अनूप गोयनका, शीतल जैन, भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक प्रेम सागर, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान, भाजपा नेता शंभू केशरी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, प्रदीप (एलआईसी), ऋषि लोहानी, अमित लोहानी, सुरेंद्र यादव, जदयू नेता राजू, संजय रविदास, दीपू, गोपाल चंद्रवंशी, अशोक सहनी, बंटी वर्मा, गौतम कुमार, वसंत परमार, वेद प्रकाश, हरि यादव, सुधीर शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट और संगठन मजबूती पर जोर दें पार्टी पदाधिकारी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक रविवार को स्थानीय कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप से कई स्थानों पर पेयजल संकट गहरा गया है। इस स्थिति को देखते हुए सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे टीम बनाकर गांवों और पंचायतों का दौरा करें तथा उन स्थानों को चिन्हित करें जहां पानी की समस्या गंभीर है जहां चापाकल नहीं है, वहां शीघ्र चापाकल लगवाने के साथ अन्य विकल्पों से भी समस्या का समाधान कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धरातल पर कार्य करने से ही वास्तविक समाधान संभव है, इसके लिए पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा। बैठक में अंबेडकर समग्र विकास योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. कुमार ने बताया कि दलित और पिछड़े समुदाय के परिवारों को इस योजना के तहत 22 प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे योजना का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में भी डॉ. कुमार ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में प्रयास करना प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, विकास कुमार, सुधांशु मिश्रा, निकिता रजक, अजय कुमार तनी, महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, जिला मंत्री मुनीलाल, मिथिलेश मांझी, नीमा देवी, पुष्पा सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक पांडे, सह कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार तूरी, मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनुग्रह बाबू की प्रतिमा पर लगा शेड, मंत्री प्रेम कुमार ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय परिसर में शुक्रवार को सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने अनुग्रह बाबू की प्रतिमा पर निर्मित छायादार शेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में अनुग्रह बाबू का योगदान अविस्मरणीय है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है कि मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने अपने विधायक निधि से शेड का निर्माण कराया और उद्घाटन किया। उन्होंने




कहा कि अनुग्रह बाबू के आदर्शों से प्रेरणा लेकर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. नीरज कुमार कमल (भौतिकी विभाग), डॉ. दिलीप कुमार (पाली विभाग), डॉ. मोहन कुमार सिंह (मनोविज्ञान विभाग), नागेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मानिक मोहन शुक्ला, डॉ. अनिल कुमार सिंह, अमरेश कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# लापता युवक और किशोरी ने किया आत्मसमर्पण, युवक गया जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता युवक और किशोरी के मामले में पुलिस ने सोमवार दोपहर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की दबिश के बाद युवक और किशोरी ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के अनुसार 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट बीते 11 माह पूर्व दर्ज की गई थी जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चबूरा पंचायत के एक गांव की किशोरी और कोराप पंचायत के एक गांव का युवक, जो अप्राथमिकी अभियुक्त है। दोनों को ढूंढ निकाला और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। युवक को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है जबकि किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आमस।** आज आमस प्रखण्ड के सांव कला टॉल प्लाजा पर क्षेत्र के युवाओं द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित की गई जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा नेता रोबिन सिंह के द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन भाजपा नेता अजित मिश्रा ने की। वही क्षेत्र के तमाम युवा लोग भी भारी संख्या में उपस्थित रहे। रोबिन सिंह ने कहा- सभी भारतवासियों को जात-पात से उठकर देश हित में कार्य करें। वहीं युवाओं के अभिभावक जितेंद्र सिंह ने कहा कि जिस तरह पहलगाम में हिन्दू धर्म प्रयास पूछकर पर्यटकों को मारा गया, तमाम हिंन्दुस्तानियों को जागरूक होने की आवश्यकता है। मौके पर शुभम, प्रिंस, अरविंद यादव, धनंजय सिंह, विवेक पासवान, उमेश प्रसाद व टंडेला पंडित भी उपस्थित रहे।

# दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** पंचानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास और वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में दो आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दो भाई संजय कुमार और रंजय कुमार को गिरफ्तार किया है। तीन आरोपित की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार नौ फरवरी, 2025 की शाम पीड़िता शौच के लिए घर से कुछ दूरी पर गई थी। इसी दौरान पांच युवकों ने लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा और उठाकर पइन में ले जाना लगा। लड़की के शोर मचाने पर परिजन जुटे तो सभी भाग गए। लोक - लज्जा और शादी तय हो जाने की वजह से पीड़िता ने थाने में उस समय घटना की शिकायत दर्ज नहीं करायी थी। घटना का उस समय आरोपितों ने वीडियो भी बनाया था। बीते 16 अप्रैल को वीडियो को सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होने के बाद 24 अप्रैल को पंचानपुर थाना पहुंच कर पीड़िता ने पंचानपुर और कोंच थाना क्षेत्र के रहने वाले पांच युवकों पर केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने आरोपितों पर धमकी दिये जाने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के भाई ने पंचानपुर पुलिस के रवैया पर भी सवाल उठाया है। पंचानपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर 24 अप्रैल को केस दर्ज कर लिया गया है। गंभीर मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को देते हुए त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपी संजय व रंजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# प्रेमी ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के उजियार बहेरा गांव में प्रेमी और प्रेमिका के बीच न जाने किस बात को लेकर मनमुटाव हुआ इसके बाद दुखी होकर प्रेमी ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मृतक की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र मे उजियार बहेरा गांव के टोला सेवा नगर के रहने वाले स्व. रामाशीष भारती के 23 वर्षीय पुत्र संजय भारती के रुप में की गई है। इधर घटना की सूचना जैसे ही मृतक के परिजनों को लगी। शव को पेड़ से उतार कर अपने घर लेते आये जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा थाने को दी गई जहां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमीत कुमार ने बताया कि मृतक संजय भारती कोचया दरभंगा गांव में अपने प्रेमिका से मिलने गया था जहां किसी बात को लेकर अनवन हो गया। उसके बाद प्रेमी संजय भारती ने गुस्से में आकर करबलाह आहर के पास नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया।

# मल्टीडिसीप्लिनरी कमेटी के निर्णय के विरोध में इसीआरकेयू गया का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** सोमवार को ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नई दिल्ली के आवाहन पर संपूर्ण भारतवर्ष के क्रु लॉबी पर मल्टीडिसीप्लिनरी कमेटी के रिपोर्ट के विरोध में प्रदर्शन करना निर्धारित था इसी कड़ी में इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा द्वारा कामरेड मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर क्रु लॉबी गया के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में मुख्य क्रु नियंत्रक (सीसीसी) ऐस जेड हक तथा लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर शामिल थे। बताया गया कि क्रु मेंबर्स की प्रमुख मांगों में हाई स्पीड 110 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर 130 किलोमीटर प्रति घंटा किए जाने पर मिलने वाले भत्ते पर विचार किया जाना चाहिए। सहायक लोको पायलट को 200 किलोमीटर तक या उससे अधिक में इएमयू में लागू नहीं किया गया। कार्य के घंटे का निर्धारण उचित मापदंड के अनुसार नहीं किया गया। भोजन एवं नेचुरल कॉल के लिए ब्रेक मिलना चाहिए था परंतु ब्रेक की अवधि को अमान्य किया गया। लोको के अंदर सीसीटीवी कैमरा लगवा कर गोपनीयता का उल्लंघन किया जा रहा है जिसे वापस नहीं लेना, फोग सेफ डिवाइस को लोको के अंदर ही इनबिल्ट करना चाहिए, परंतु लोको पायलट द्वारा ढोकर ले जाने की प्रथा समाप्त नहीं किए जाने एवं अन्य लोकल समस्याओं के समाधान के लिए मांग किए जाने पर भी उचित सुनवाई नहीं होने के विरोध में गया क्रु लॉबी के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स डीएम एवं एसएसपी ने स्थल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के डीएम एवं एसएसपी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के शांतिपूर्ण और सफल आयोजन के उद्देश्य से बिपार्ड, गया का सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन स्थल पर सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक तैयारियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कमी न हो। इसके साथ ही सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने के लिए उन्होंने अधिकारियों को अहम निर्देश दिए। ताकि यह आयोजन उच्चतम मानकों की उत्कृष्टता और सुरक्षा के साथ संपन्न हो सके।

# युवा जदयू कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** युवा जदयू की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक शहर के एक निजी होटल में संपन्न हुई जिसमें युवा जदयू के नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर युवा जदयू के जिलाध्यक्ष सतीश पटेल उर्फ रामाकांत ने कहा कि गत दिनों युवा जदयू की 81 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया था जिसके बाद आज उन सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जिले के सभी 24 प्रखंड के पदाधिकारी शामिल हुए हैं। सभी पदाधिकारियों को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर उचित दिशा निर्देश दिया गया है। उन्हें यह बताया गया है कि एनडीए की सभी सीटों पर जीत दिलाने के लिए अभी से ही जनसंपर्क अभियान चलाएं। सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। इसके अलावा वर्ष 2025 के चुनाव में हमलोग एनडीए के सभी सीटों पर जीत हासिल करेंगे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गया जिले में 10 विधानसभा सीट है और हमारा प्रयास होगा कि उन सभी सीटों पर एनडीए की जीत हो। ताकि बिहार में विकास की लहर लगातार बहती रहे। एक बार फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा और हमलोग फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाएंगे।

# पदाधिकारी रुचि लेकर लोगों की समस्याओं को दूर करें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री सह नगर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार, विधायक वजीरगंज वीरेंद्र सिंह, विधायक शेरघाटी मंजू अग्रवाल, विधायक टिकारी अनिल कुमार, विधायक बोधगया कुमार सर्वजीत, विधायक गुरुआ विनय कुमार, विधायक बाराचट्टी ज्योति देवी, बेलागंज विधायक के साथ गया जिले में पेयजल समस्या, नल जल योजनाओ का क्रियान्वयन, गर्म हवा/हीट वेब से आम जनमानस को बचाव इत्यादि को ध्यान में रखते हुए गया जिले में पेयजल तथा अन्य समस्या पर डीएम को एक एक कर अपने क्षेत्रवार समस्याओं से अवगत करवाया गया। डीएम ने उपस्थित सभी विधायक गण का स्वागत करते हुए कहा कि जिले में इस वर्ष 10 हजार चापाकलों को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा सर्वे किया गया जिसमें 4 हजार चापाकल पूरी तरह दिफंग/ मरमत योग्य नही है। इसके अलावा शेष बचे चापाकलों में अब तक 3 हजार चापाकलों को ठीक करवाया गया है। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार महादलित टोला में चापाकल लगवाया जा रहा है। डीएम ने बताया कि पिछले वर्ष जिस किसी तोले में जल संकट उत्पन्न होने के पश्चात लगातार टैंकर मुहैया कराया गया है उन स्थान पर निश्चित रूप से नल जल का कनेक्शन या नया चापाकल की व्यवस्था इस वर्ष रखी जा रही है ताकि उन टोला में दोबारा से जल संकट की स्थिति नहीं हो सके। उन्होंने निर्देश दिया है कि चापाकल मरम्मति में सामग्री की पूरी उपलब्धता रखें ताकि खराब चापाकल की मरम्मति में नए सामान को तुरंत लगा सके। डीएम ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का जहां-जहां जिस जिस क्षेत्र से पेयजल समस्या एवं चापाकल की आवश्यकता के संबंध में सुझाव प्राप्त हुए हैं उसी के अनुरूप चापाकल लगवाने का कार्य किया जाएगा। महादलित टोला में विशेष अभियान चलाकर चापाकल की मरम्मति करवायी जा रही है। डीएम ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि प्रत्येक दिन अपने क्षेत्र के नल जल योजना एवं चापाकल मरामाती के संबंध में संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए जो भी समस्याएं आती है उसे तुरंत समाधान करवाये।

# शहीद हुए लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गया कॉलेज इकाई द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों के प्रति सोमवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। गया कॉलेज इकाई के अध्यक्ष राहुल सिंह सिसोदिया ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है और ऐसे कायरतापूर्ण आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर में शांति एवं सामान्य स्थिति को बाधित करने का एक प्रयास है। एबीवीपी पीड़ित सैलानियों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है तथा सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग करता है। राहुल सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह हमला केवल हमारे सैलानियों पर ही नहीं, बल्कि समस्त भारतीय राष्ट्रीय चेतना पर किया गया हमला है। हमले में वीरगति को प्राप्त हुए नागरिकों को अभाविप परिवार श्रद्धा-सुमन अर्पित करता है। इस अवसर पर गया कॉलेज के गेम इंचार्ज अंजनी सर, अभाविप गया महानगर कार्यालय मंत्री आदित्य मिश्रा, उपाध्यक्ष मुस्कान सिन्हा, सचिन शर्मा, अंकुर पाठक, उज्जवल कुमार, सागर कुमार, प्रतिभा पांडेय, जूही गुप्ता, आकांक्षा रानी, रितिक कुमार, राहुल कुमार, नीरज कुमार, प्रशांत सिंह, आलोक कुमार, संजीत कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(नोटिस)**

नाम–(1) राजकुमार कुशवाहा, पिता–कैलाश कुशवाहा, ग्राम–कोन, पो0+थाना–कोन, जिला–सोनभद्र, राज्य–उतरप्रदेश आपको सूचित किया जाता है कि आप महिला थाना नगरउंटारी कांड सं0–25/2024 दिनांक–09.07.2024 धारा–498(ए), 379, 323, 506, 495, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–21.03.2025 को आपके स्थाई पते के घर पर इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

**पुलिस अधीक्षक,**
**गढ़वा**

**PR 351260 Police(25-26).D**



Bandhan Bank

**बंधन बैंक लिमिटेड**
**सी.आई.एन.** L67190WB2014PLC204622
**पंजीकृत कार्यालय:**
**डी.एन.** 32 **सेक्टर**–V, **सॉल्ट लेक सिटी, कोलकाता**–700091
**टेलीफोन** (033) 66090909, **वेबसाइट** : www.bandhanbank.com

**सार्वजनिक नोटिस**

इसके द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि बंधन बैंक लिमिटेड ('बैंक') गया शाखा को नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार स्थानांतरित किया जाएगा और नए परिसर से परिचालन किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि संबंधित शाखा के लिए आईएफएससी और एमआईसीआर में कोई बदलाव नहीं होगा।

| शाखा का नाम और मौजूदा पता | शाखा का नाम और प्रस्तावित नया पता | नये पते से परिचालन की संभावित तिथि |
|---|---|---|
| **गया शाखा**<br>शाखा कोड: 1543<br>राजा निवास, स्वराजपुरी रोड, पी.ओ. गया, बिहार, पिन–823001 | **गया शाखा**<br>शाखा कोड: 1543<br>ऊपरी भूतल और प्रथम तल, बृजनंद घराना, वार्ड नंबर 16, मौजा–मुरारपुर के अंतर्गत, थाना–कोतवाली, स्वराजपुरी रोड, जिला–गया, बिहार, पिन–823001 | जून 30, 2025 |

जिन ग्राहकों ने बैंक की उपर्युक्त मौजूदा शाखा में सुरक्षित जमा लॉकर सुविधा का लाभ उठाया है, उनसे अनुरोध है कि लॉकर सुविधा को खाली करने या बंद करने के लिए स्थानांतरण तिथि से पहले संबंधित शाखा से संपर्क करें। यदि कोई ग्राहक निर्धारित समय सीमा के भीतर शाखा से संपर्क नहीं करता है, तो सेफ डिपॉजिट लॉकर तथा उसमें रखी सामग्री को नए पते पर भौतिक रूप से स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी और जोखिम की सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी ग्राहक की होगी।

हमें हुई असुविधा के लिए खेद है।

**दिनांक: अप्रैल 29, 2025**
**स्थान: गया, बिहार**

**प्राधिकृत अधिकारी**


# अभियंत्रण महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य, विभागाध्यक्षों एवं अभिभावकों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने अपने व्याख्यान में अभिभावकों को बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले वातावरण बिहार सरकार द्वारा आपके बच्चों के लिए मात्र एक कप चाय की कीमत में मुहैया करा रही है। हमारे प्रोफेसरों एवं कर्मचारियों द्वारा छात्रों को बेहतर बनाने हेतु भरसक प्रयास किया जा रहा है। इसका परिणाम भी अच्छा निकलकर आ रहा है। परंतु सिर्फ हमारा ही नहीं बल्कि आप अभिभावकों का भी दायित्व बनता है कि आपके बच्चे कैसे बेहतर बने। इसी कारण से विभाग समय-समय पर यह संगोष्ठी करवा रही है। हमारे संस्थान के प्रथम वर्ष के सबसे कम छात्रों ने बिहार के दूसरे इंजीनियरिंग कॉलेजों के अपेक्षा परीक्षा में फेल किए हैं।

# आतंकी हमले के विरोध में इमामगंज में निकाला कैंडल मार्च, लोगों में दिखा आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के खिलाफ लोगों में पूरे देश में आक्रोश व्यक्त है। इसी कड़ी में इमामगंज विधायक दीपा कुमारी के नेतृत्व में इमामगंज में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान एनडीए के कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने एकजुट होकर कैंडल मार्च निकाला जो यह कैंडल मार्च इमामगंज गांधी मैदान से प्रारंभ होकर इमामगंज मुख्य बाजार होते हुए डुमरिया मोड़ के पास पहुंचकर सम्पन्न हुआ जहां सभी लोगों ने बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की स्मारक के पास आतंकी हमला में मारे गए लोगों को आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं मार्च के दौरान लोग हाथों में हिंदुस्तान जिंदाबाद, हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों वाली तख्तियां थीं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंक के खिलाफ एकजुटता दिखाई। वहीं इस दौरान स्थानीय विधायक दीपा कुमारी ने कहा कि हिंदू पर्यटकों पर हमला न केवल अमानवीय है बल्कि यह मानवता के खिलाफ भी है। पूरा देश इस बर्बर हमले से आहत है। इस जघन्य अपराध की कठोर निंदा करते हैं। यह बहुत ही दुखद घटना है। इस घटना पर विधायक ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दें। हम लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई एक है। पाकिस्तान यह न समझे कि ये लोग अलग-अलग है। हमलोग एक साथ रहकर आतंकवादियों से लड़ाई लड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा है कि कल्पना से बढ़कर इस घटना में शामिल लोगों को सजा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान जाने वाली नदियों का पानी भी रोक दिया है। इसके अलावा भी और प्रभावी कदम उठाए जायेंगे। वही पत्रकार ने विधायक से सवाल किया कि हर की बहू सरकार से पाकिस्तान से बदला लेने के लिए पाकिस्तान भेजने की मांग कर रहे हैं। इस पर विधायक दीपा कुमारी ने कहा कि क्यों नहीं पाकिस्तान का इस तरह का हरकत है तो भारत सरकार बिहार की युवाओं को मौका दे बिहारियों को पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तानियों को गोलियों से चुन-चुन कर मारेगी जिस तरह से हिंदुओं को टारगेट कर मारी गई है उसी तरह से यहां के लोग चुप क्यों बैठेंगे।

संपादकीय

# कुछ बुनियादी सवालों पर गौर करना जरूरी

पहलगाम हमले के बाद सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि सुरक्षा में चूक कैसे हो गई और जहां इतनी ज्यादा संख्या में पर्यटक थे, वहां पुलिस या अर्धसैनिक बलों के जवान क्यों नहीं थे. बहुत अंदर की खबर यह है कि अर्धसैनिक बलों की खुफिया शाखा ने 1 अप्रैल को ही यह जानकारी दे दी थी कि काफी समय से गायब मुवासिर नाम का आतंकवादी फिर से सक्रिय हो गया है.

संभवतः वह पाकिस्तान चला गया था लेकिन हाल के दिनों में वह भारत में आया और बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था. इसके साथ ही खुफिया इनपुट यह भी था कि आसिफ शेख नाम का आतंकवादी रीनल कैंसर से जूझ रहा है और अपनी मौत से पहले वह कुछ बड़ा करना चाहता है. ये सारी जानकारी जम्मू-कश्मीर के एक आला अधिकारी को दी गई थी लेकिन इसे केवल एक सामान्य सूचना की तरह मान कर सतर्कता नहीं बरती गई.

हालांकि यह जानकारी नहीं थी कि हमला कहां हो सकता है लेकिन सबको पता है कि इस वक्त दक्षिणी कश्मीर आतंकवादियों का गढ़ बना हुआ है. सुरक्षा बलों का आकलन है कि कम से कम 60 से 70 विदेशी तथा 10 से 12 स्थानीय कश्मीरी आतंकवादी सक्रिय हैं.

यदि केवल इतना ध्यान रखा गया होता कि जहां जहां पर्यटक पहुंच रहे हैं, वहां-वहां सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था हो तो ऐसे हमले से बचा जा सकता था लेकिन कहीं न कहीं लापरवाही बरती गई! चलिए, यह मान लेते हैं कि चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की जा सकती तो पर्यटकों को यह निर्देश तो दिया जा सकता था कि वे उन जगहों पर न जाएं जहां सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है! सोशल मीडिया पर और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर कश्मीर की शांति का इतना ज्यादा ढिंढोरा पीटा जा रहा था कि पर्यटक यह भूल ही गए कि कहीं कोई हमला भी हो सकता है.

बैसरन घाटी, जहां घटना हुई है, पहलगाम से पांच किलोमीटर दूर है और वहां पैदल ट्रैकिंग करके या घोड़े से जाया जाता है. क्या जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था थी कि मिनी स्विट्?जरलैंड कही जाने वाली इस वैली में जाने से लोगों को रोका जा सके? क्या घोड़े वालों को कोई आदेश था कि पर्यटकों को वहां लेकर न जाएं क्योंकि वहां सुरक्षा व्यवस्था नहीं है?

वास्तव में ऐसा कोई आदेश नहीं था और पर्यटकों को रोकने की भी कोई व्यवस्था नहीं थी. पर्यटकों को इस बात का दोषी भी नहीं ठहरा जा सकता कि वे क्यों गए? यदि सरकार कह रही है, मीडिया कह रहा है कि कश्मीर में अमन चैन की स्थिति है. लोग देख रहे हैं कि मतदान हुआ और राज्य सरकार सत्ता में आ गई. मुख्यमंत्री अब्दुल्ला कह रहे हैं कि कश्मीर पर्यटकों का स्वागत कर रहा है तो लोग भरोसा करेंगे ही! यह हत्याकांड वास्तव में लोगों के भरोसे की भी हत्या है. खबर है कि हत्याकांड के बाद यदि बहुत से पर्यटकों ने घाटी छोड़ दी है तो बहुत से पर्यटक अभी भी कश्मीर की वादियों में घूम रहे हैं लेकिन उनके भीतर भी भरोसा तो कम हुआ ही होगा. भरोसा कायम करने के लिए राज्य सरकार को उन अधिकारियों की नकेल कसनी चाहिए जो सुरक्षा बलों के इनपुट को हल्के में लेते हैं और पहलगाम जैसी घटना हो जाती है. वास्तव में सुरक्षा के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है.

# पहलगाम के प्रतिशोध हेतु अपनाना होगा इजरायल माडल

**आतंकवाद का दावानल समूची मानव जाति को निगलने के लिए आतुर हो रहा है। पहलगाम में धर्म पूछकर मुस्लिम आतंकियों ने हिन्दुओं को मौत के घाट उतार दिया। हथियारों के सौदागरों के व्दारा मुहैया कराये जा रहे आधुनिक शस्त्र, पाकिस्तान में चलाये जा रहे आतंक प्रशिक्षण शिविरों और इस्लाम के नाम पर बनाये जा रहे संगठनों में मुसलमानों को बरगलाकर फिदाइनी बनने का सिलसिला निरंतर तेज होता जा रहा है। गैर मुसलमानों के खिलाफ जेहाद चलाने का फैशन चल निकला है। पहलगाम की घटना से पूरे देश में आक्रोश है। चारों ओर बदले की आवाजें गूंज रहीं हैं। ऐसे में राष्ट्रद्रोहियों का एक गिरोह अपने सीमापार बैठे आकाओं के इशारों पर आतंकियों के सरपरस्तों, संदेहास्पद सहयोगियों और कलुषित मानसिकता वाले लोगों को बचाने के लिए सोशल मीडिया के सहारे नागरिकों को बरगलाने में जुटा है।**

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)



आतंकवाद का दावानल समूची मानव जाति को निगलने के लिए आतुर हो रहा है। पहलगाम में धर्म पूछकर मुस्लिम आतंकियों ने हिन्दुओं को मौत के घाट उतार दिया। हथियारों के सौदागरों के व्दारा मुहैया कराये जा रहे आधुनिक शस्त्र, पाकिस्तान में चलाये जा रहे आतंक प्रशिक्षण शिविरों और इस्लाम के नाम पर बनाये जा रहे संगठनों में मुसलमानों को बरगलाकर फिदाइनी बनने का सिलसिला निरंतर तेज होता जा रहा है। गैर मुसलमानों के खिलाफ जेहाद चलाने का फैशन चल निकला है। पहलगाम की घटना से पूरे देश में आक्रोश है। चारों ओर बदले की आवाजें गूंज रहीं हैं। ऐसे में राष्ट्रद्रोहियों का एक गिरोह अपने सीमापार बैठे आकाओं के इशारों पर आतंकियों के सरपरस्तों, संदेहास्पद सहयोगियों और कलुषित मानसिकता वाले लोगों को बचाने के लिए सोशल मीडिया के सहारे नागरिकों को बरगलाने में जुटा है। इस गिरोह के सदस्यों की फौज कश्मीर पहुंच गई है जहां से निरंतर मुसलमानों की सह्रदयता, उनका भाईचारा और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रायोजित प्रचार कर रही है। सीमापार के आतंकी अड्डों, उनके आकाओं के ठिकानों और कट्टरपंथियों के मुख्यालयों सहित अन्य संदिग्ध स्थानों को नस्तनाबूद करने के साथ-साथ देश के मीर कासिमों की नस्लों को भी समाप्त करना होगा अन्यथा राष्ट्रद्रोहियों को संरक्षण देने वाली जमात पुनः मुसलमानों को बरगलाकर फिदायिनी बनाने से बाज नहीं आयेंगे। समूची दुनिया में इस्लाम के नाम पर आतंक का डंका बजाने वाले संगठनों को अनेक राष्ट्र से आर्थिक सहायता, अग्नेय शस्त्र और संरक्षण सहित प्रशिक्षण मिल रहा है। अब वक्त आ गया है जब धर्म के नाम पर कत्लेआम करने वाले आतंकी संगठनों से निपटने के लिए अपनाना होगा इजरायल माडल। गाजा में हमास के खिलाफ छेडी गई जंग एक उदाहरण बन गई है जहां पर इजरायली नागरिकों का अपहरण करके दबाव की राजनीति करने वालों के ठिकानों को ही नस्तनाबूत नहीं किया जा रहा है बल्कि उनके मददगारों तक को धूल में मिलाया जा रहा है। आश्चर्य है कि गाजा के आम नागरिकों के सामने उनके मासूम बच्चों, पत्नियों और परिवारजनों की लाशें बिछ रहीं है, दाने-दाने को तरस रहे हैं, आशियाने खण्डहर में तब्दील हो रहे हैं परन्तु वे हमास के विरुध्द एक भी शब्द जुबान पर नहीं ला रहे हैं। इस्लाम के नाम पर अंध विश्वास, जन्नत में 72 हूरों का सपना और काफिरों की मौत से मिलने वाले शबाब की कल्पना के तले जीती जागती जिंदगियों को तबाह करने में जुटे कट्टरपंथियों का एक बडा तबका आईएसआईएस, अबू सय्यफ ग्रुप, अलकायदा, अल शबाब, अंसार अल्लाह, बोको हरम, हमास,हयात तहरीर अल शाम, हिजबुल्लाह, हुर्रास अल दीन, इस्लामिक स्टेट, आईएस, जैस ए मोहम्मद, हूती, हरकत अल मुकाबामा अल इस्लामिया, आईएसएल, अब्दुल्ला अज्जाम ब्रिगेड्स, अबू निदाल, अल अक्सा शहीद ब्रिगेड, अल अश्तर ब्रिगेड, अल गमआ अल इस्लामिया, अंसार अल इस्लाम, अन्सार दीन, अंसारल्लाह, हक्कानी नेटवर्क, हरकत अल सबिरीन, इंडियन मुजाहिद्दीन, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर, जैश अल मुहाजिरिन वाल अंसार, लश्कर ए तैयबा, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद जैसे हजारों संगठनों को पाल पोसकर निरंतर बडा कर रहा है। गाजा में हमास ने जिस तरह से भूमिगत सुरंगों का जाल फैला रखा है। अस्पतालों, स्कूलों, मस्जिदों, मदरसों, यतीमखानों के नीचे अड्डे बना रखे हैं। मानवीयता से जुडी संस्थाओं के भवनों में दफ्तर खोल रखे हैं। यह सब चिन्ता का विषय है जिसे इजरायल व्दारा बहादुरी के साथ बरबाद किया जा रहा है। ऐसी ही कार्यवाही की आवश्यकता देश में भी है। पहलगाम का बदला लेने के लिए सीमापार पाकिस्तान में बनाये गये लांचिंग पैड, ट्रेनिंग कैम्प्स और फंडिंग सेन्टर्स को नस्तनाबूद करने के साथ-साथ आतंकियों के आकाओं, मददगारों और सरपरस्तों को भी तबाह करना होगा। वर्तमान में समूची दुनिया भारत के साथ खडी है। ऐसे में प्रधानमंत्री पद पर नरेन्द्र मोदी जैसा विश्व प्रसिद्ध व्यक्तित्व का होना सोने में सुगन्ध का काम कर रहा है। समूचा देश उस क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जब पहलगाम में हुए धर्म के नाम पर कत्लेआम का बदला लेने की पहल शुरू होगी। स्वाधीनता के बाद का पल एक बार फिर लौट आया है जब वर्चस्व की जंग मुंह खोले खडी थी। धर्म के नाम पर देश का विभाजन करने वालों की पीढियां आज फिर से मानवता का ढोंग रच रहीं हैं। देश के बाहर और देश के अंदर बैठे राष्ट्रघाती लोगों को चिन्हित करना होगा। देश के विभिन्न दलों, विभिन्न पदों और विभिन्न मजहबों के स्वयंभू ठेकेदारों में भी एक बडा तबका है जो राष्ट्रद्रोही ताकतों को अपने प्रभाव से निरंतर सहायता पहुंचा रहा है। ऐसे लोगों को सीमापार से निरंतर आर्थिक सहयोग मिल रहा है। धनलोलुपों की यह फौज अब चांदी के टुकडों पर अपनी मां का भी सौदा करने को आमादा हैं। ऐसे में पहलगाम की धरती पर यदि लम्बी चली आतंकी वारदात का वहां मौजूद दुकानदारों, घोडावानों, खोमचेवालों, होटलवालों, टैक्सीवालों सहित उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने वीडियो नहीं बनाया, फोटो नहीं खींचे, लोगों की पहचान नहीं बताई तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। गाजा में क्या वहां का आम मुसलमान कभी हमास के सदस्य की पहचान बताता है? हिजबुल्लाह के बारे में ईरान का आम नागरिक बताता है क्या? केवल कश्मीर में ही आतंकियों के हजारों की संख्या में मददगार मौजूद हैं। वहां के सरकारी तबके से लेकर सार्वजनिक प्रतिष्ठानों तक में कट्टरपंथियों की जमात ने घुस पैठ बना ली है। देश के राजनैतिक हलकों में वोटबैंक की खातिर भितरघातियों की संख्या में निरंतर इजाफा हो रहा है। सरकार को देश के बाहर और अंदर दौनों जगहों पर एक साथ मोर्चा खोलना पडेगा तभी सफलता का प्रतिशत बढ सकेगा अन्यथा देश में मौजूद मीर कासिमों की फौज फिर से कार्यवाही का सबूत, सेना के शौर्य की प्रमाण पत्र और मनगढन्त आरोपों पर सफाई मांगने से बाज नहीं आयेगी। देश के कोने-कोने में बैठे टुकडे-टुकडे गैंग के मैम्बर्स और स्वयंभू बुद्धिजीवियों के खोल में बैठी बामपंथियों की टुकडियां सफलता पर भी असफलता की कालिख पोतने हेतु बेशर्मी के साथ पुनः सामने आयेंगी। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

अध्यात्म

## हमें सदैव अच्छे लोगों के साथ ही रहना चाहिए

एक राजा जंगल में रास्ता भटक गया, थककर एक पेड़ के नीचे बैठा, तभी एक तोता बोला कि पकड़ो राजा आया है, इसे लूट लो हम जैसे लोगों के साथ रहते हैं, हमारा स्वभाव भी वैसा ही हो जाता है। इसीलिए अच्छे लोगों की संगत करने के लिए कहा जाता है। बुरे लोगों से दूर ही रहना चाहिए। संगत का असर कैसे होता है, इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है।

प्रचलित लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक राजा जंगल में शिकार के लिए गया तो वह रास्ता भटक गया। राजा जंगल में बहुत अंदर तक पहुंच चुका था। उसके पास खाने-पीने की भी व्यवस्था नहीं थी। रास्ता खोजते-खोजते वह काफी थक गया था।

थककर वह एक पेड़ के नीचे बैठ गया। तभी उसे एक तोते की आवाज सुनाई दी। तोता बोल रहा था, पकड़ो राजा आया है, इसे लूट लो। राजा तोते की बात सुनकर डर गया। कुछ ही देर में वहां कुछ डकैत आ गए। राजा छिपते हुए वहां से आगे निकल गया। भागते-भागते वह फिर थक गया था। आराम के लिए एक पेड़ के नीचे बैठ गया। वहां उसने फिर एक तोते की आवाज सुनी। तोता बोल रहा था, हमारे आश्रम में आपका स्वागत है। ठंडा जल ग्रहण करें। हमारे आश्रम में विश्राम करें।

तोते की ये बात सुनकर राजा हैरान था। उसने आसपास देखा तो उसे वहां एक आश्रम दिखाई दिया। राजा आश्रम में पहुंचा तो वहां एक संत बैठे हुए थे। राजा ने संत को प्रणाम किया और पूरी बात बताई। संत ने राजा को खाना-पानी दिया।

भोजन के बाद राजा ने तोतों के बार संत से पूछा। संत ने कहा कि ये सब संगत का असर है। आश्रम में रहने वाला तोता दिनभर साधु-संतों के प्रवचन सुनता है। इस वजह से वह अच्छी बातें बोलना सीख गया। दूसरी ओर वह तोता डकैतों के आसपास रहता है। वह रोज डकैतों की बातें सुनता है तो वह उनकी बोली सीख गया है।

संत ने राजा को समझाया कि ये सब संगत का ही असर है। इसीलिए हमें अच्छे लोगों की संगत में रहना चाहिए। बुरे लोगों से दूर रहना चाहिए। हम जैसे लोगों के साथ रहते हैं, हमारा स्वभाव भी वैसा ही हो जाता है। अगर कोई विद्वान मूर्खों के साथ रहने लगेगा तो उसमें भी मूर्खता के गुण जरूर आ जाएंगे। इसीलिए कोई अज्ञानी ज्ञानी लोगों के साथ रहेगा तो उसे ज्ञान जरूर प्राप्त होगा।

# जब नमन भी चुप हो जाए और बंदगी सवाल बन जाए तो समझो आत्मा मांग रही है इंसाफ

**असमंजस की यह स्थिति व्यक्ति को भीतर से खोखला कर देती है। वह न तो खुलकर विरोध कर पाता है और न ही पूर्ण समर्पण कर पाता है। उसका हृदय एक अजीब-सी शून्यता से भर जाता है। वह चाहता है कि कोई मार्ग दिखाए, कोई ऐसा सत्य हो, जिस पर वह अटूट विश्वास कर सके। लेकिन चारों ओर फैला अंधकार उसे और भी निराश करता है। अपने दिल से बंदगी यानी नमन..! जब बाहरी सहारे टूट जाते हैं, जब सांसारिक और दैवीय शक्तियां भी प्रश्नों के घेरे में आ जाती हैं, तो मनुष्य के पास अपनी आत्मा की गहराई में झांकने के सिवा कोई और चारा नहीं बचता। यह आंतरिक नमन किसी मंदिर या मस्जिद में जाकर किए जाने वाले औपचारिक पूजन से अलग है। यह हृदय की सच्ची भावना है, एक मौन स्वीकारोक्ति है उस परम शक्ति के प्रति, जो शायद इन सभी विसंगतियों के परे कहीं विराजमान है।**

सुरेशचंद्र रोहरा

जब आस्था और व्यवस्था के बीच हृदय मौन हो जाए, तो उसका कोई बड़ा कारण होता है। दरअसल, न्याय विहीन शक्ति को कोई भी अपने दिल से नमन यानी बंदगी नहीं कर सकता। यह स्थिति एक गहरी वेदना की उपज है। यह वेदना उस भाव की है, जो जीवन के चौराहे पर खड़ी है, दिशाहीन और भ्रमित। उसके भीतर एक गहरा अंधकार व्याप्त है, जो उसे बोलने और मौन रहने, दोनों ही स्थितियों में समान रूप से घेरता है। यह अंधकार केवल बाहरी परिस्थितियों का नहीं, बल्कि आंतरिक असमंजस का भी है। एक ऐसी स्थिति है, जहां कोई न तो पूर्ण रूप से ईश्वर के प्रति समर्पित हो पाता है और न ही सांसारिक व्यवस्था, यानी सरकार के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त कर पाता है। उसका हृदय एक मौन नमन करता है। एक ऐसी बंदगी जो किसी बाहरी दिखावे या दबाव से मुक्त है, बल्कि आत्मा की गहराई से उठती है।

जीवन को लेकर ऐसे प्रश्न हर उस व्यक्ति के मन में उठते हैं, जो अन्याय और विसंगतियों से जूझता है। जब सांसारिक शक्ति, यानी सरकार, न्याय और सत्य के सिद्धांतों से भटक जाती है, तो ईश्वर की अवधारणा भी धुंधली पड़ने लगती है। अगर व्यवस्था भ्रष्ट और अन्यायपूर्ण हो, तो किसी सर्वशक्तिमान पर विश्वास कैसे टिका रहे? यह एक गहरा दार्शनिक और सामाजिक प्रश्न है, जो सदियों से मानव मन को आंदोलित करता रहा है। यह पीड़ा उस आम आदमी की है जो व्यवस्था और आस्था के बीच पिस रहा है। वह देखता है कि जिन लोगों पर न्याय और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी है, वे अक्सर अपने कर्तव्यों से विमुख हो जाते हैं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सत्ता का दुरुपयोग आम बात हो जाती है। ऐसे में, वह किस पर भरोसा करे?

असमंजस की यह स्थिति व्यक्ति को भीतर से खोखला कर देती है। वह न तो खुलकर विरोध कर पाता है और न ही पूर्ण समर्पण कर पाता है। उसका हृदय एक अजीब-सी शून्यता से भर जाता है। वह चाहता है कि कोई मार्ग दिखाए, कोई ऐसा सत्य हो, जिस पर वह अटूट विश्वास कर सके। लेकिन चारों ओर फैला अंधकार उसे और भी निराश करता है। अपने दिल से बंदगी यानी नमन..! जब बाहरी सहारे टूट जाते हैं, जब सांसारिक और दैवीय शक्तियां भी प्रश्नों के घेरे में आ जाती हैं, तो मनुष्य के पास अपनी आत्मा की गहराई में झांकने के सिवा कोई और चारा नहीं बचता। यह आंतरिक नमन किसी मंदिर या मस्जिद में जाकर किए जाने वाले औपचारिक पूजन से अलग है। यह हृदय की सच्ची भावना है, एक मौन स्वीकारोक्ति है उस परम शक्ति के प्रति, जो शायद इन सभी विसंगतियों के परे कहीं विराजमान है। यह एक ऐसी आस्था है जो तर्क से परे है, जो केवल अंतस के स्तर पर महसूस की जा सकती है। लेकिन यह बंदगी भी एक प्रश्नचिह्न के साथ आती है। क्या यह पर्याप्त है? क्या केवल हृदय का नमन अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध कोई बदलाव ला सकता है? या यह केवल एक असहाय आत्मा का अंतिम शरण्य है?



ऐसा लगता है कि दैवीय और सांसारिक नियम एक ही दिशा में काम कर रहे हैं। लेकिन जब शक्ति न्याय से विहीन हो जाती है, जब शासक अन्याय और अत्याचार पर उतर आते हैं, तो ईश्वर की अवधारणा विचारों के घेरे में आती है। यह प्रश्न मानव इतिहास में बार-बार उठता रहा है। धार्मिक ग्रंथों और दार्शनिकों ने इसके अलग-अलग उत्तर दिए हैं, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर यह पीड़ा प्रासंगिक है। जब कोई व्यक्ति अन्याय का शिकार होता है, जब वह देखता है कि शक्तिशाली लोग अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं और कोई उन्हें रोकने वाला नहीं है, तो उसकी आस्था डगमगा जाती है। ऐसे में न्याय विहीन शक्ति का कोई नहीं कर सकता अपने दिल से नमन, यह कथन एक गहरी सच्चाई को व्यक्त करता है। अत्याचार और अन्याय के बल पर स्थापित शक्ति कभी भी सच्ची श्रद्धा और सम्मान प्राप्त नहीं कर सकती। भय और दबाव के कारण लोग बाहरी तौर पर सम्मान दिखा सकते हैं, लेकिन उनके हृदय में उस शक्ति के प्रति कोई सम्मान नहीं होता। सच्ची बंदगी तो प्रेम, विश्वास और न्याय पर आधारित होती है।

यह भाव हमें सोचने को मजबूर करता है कि जीवन का अर्थ क्या है। न्याय, सत्य और आस्था का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है? जब हम अन्याय और भ्रम के अंधकार से घिरे होते हैं, तो हमें किस पर भरोसा करना चाहिए? क्या हमें केवल अपनी आंतरिक आवाज पर भरोसा करना चाहिए, उस मौन नमन पर, जो हमारे हृदय की गहराई से उठता है? यह एक प्रश्न है और शायद एक उम्मीद की किरण भी। यह हमें याद दिलाती है कि भले ही बाहरी परिस्थितियां कितनी भी अंधकारमय क्यों न हों, हमारे भीतर एक ऐसी लौ जलती रहती है जो सत्य और न्याय की तलाश में कभी हार नहीं मानती।

यह मौन नमन उस लौ का ही प्रकटीकरण है, एक ऐसी प्रार्थना है जो शब्दों से परे है, जो केवल हृदय से महसूस की जा सकती है। यह हमें सिखाती है कि सच्ची शक्ति बाहरी प्रदर्शन में नहीं, बल्कि आंतरिक दृढ़ता और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा में निहित है। शायद इसी आंतरिक बंदगी में हमें उस ईश्वर, यानी उस न्याय का कुछ अंश मिल जाए, जिसकी तलाश में हम भटक रहे हैं।

------

## आज का कार्टून

पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर ने परिवार को भेजा विदेश, भारत के साथ जंग का खतरा




## राशिफल

**मेष** – अपनी क्षमताओं पर बिल्कुल भी सन्देह न करें। निर्माण सम्बन्धी कार्यों में शानदार लाभ मिल सकता है। नया कारोबार शुरू कर सकते हैं।

**वृषभ** – सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**मिथुन** – आपके आत्मविश्वास और पराक्रम में वृद्धि होगी। परिजनों के प्रोत्साहन से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है।

**कर्क** – आपके सामाजिक प्रभाव में कमी आयेगी। परिवार के लोगों की चिन्ता रहेगी। क्रोध और आवेश पर नियन्त्रण रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें।

**सिंह** – कार्यकुशलता को बढ़ाने का प्रयास करें। किसी मांगलिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी के दबाव में झुकना नहीं चाहिये।

**कन्या** – पुरानी बीमारी ठीक होने के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

**तुला** – निवेश करने के लिये समय बहुत ही अच्छा है। भौतिक सुविधाओं पर आप धन खर्च करेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करेंगे तो सफलता निश्चित है।

**वृश्चिक** – शाम को किसी दोस्त से मुलाकात हो सकती है। पुरानी स्मृतियों को सोचकर मन कुछ व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आपको बड़ा निवेश नहीं करना चाहिये।

**धनु** – परिवार के लोग आपकी सहायता को तत्पर रहेंगे। आय के नये साधन विकसित हो सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। स्थान परिवर्तन की रूपरेखा बनायेंगे।

**मकर** – आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई बड़ा कार्य करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। सरकारी कर्मचारियों के लिये दिन काफी अच्छा है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आप भावनाओं के बजाय अपने मस्तिष्क का उपयोग करें। आपका मन काफी शान्त और अच्छा रहेगा। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा।

**मीन** – वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यक्तिगत कार्यों को पर्याप्त समय देना उचित होगा। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना चाहिये।

# पीएम और सीएम के नेतृत्व में बिहार में तेजी से हो रहा विकास : विजय सिन्हा

## डिप्टी सीएम के समस्तीपुर आगमन पर किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**समस्तीपुर।** किसानों की खुशहाली केलिए हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार सतत चिन्तनशील व प्रयत्नशील हैं। इनके नेतृत्व में किसानों केलिए कई योजनायें संचालित हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री और कृषि मंत्री विजय सिन्हा समस्तीपुर आगवन पर समस्तीपुर परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रतिवर्ष 6 हजार मिलने से जहां दो लाख से अधिक किसानों को राहत मिली है वहीं किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर मिलने वाले ऋण की सीमा दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा कृषि यंत्र, डीजल, खाद, बीज पर अनुदान, एवं फसल बीमा योजना का लाभ भी दिया जा है। प्रत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति का उदगम स्थल है। पहलगाम कश्मीर में घटित जघन्य आतंकवादी घटना पर बोलते हुए कहा कि भारत व भारतीयता के मूल सिद्धांत पर आधारित अपनी सभ्यता संस्कृति के अनुरूप सर्व धर्म समभाव के तहत विविध जाति, धर्म व भाषा के लोग परस्पर सम्मान भाव रखते हुए आदि काल से रह रहे है। हमारे इस ढांचे को कोई विखंडित नहीं कर सकता। प्रशासनिक व्यवस्था से जुडे एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि बिहार में मंगल राज है जंगल राज नहीं। अपराध और भ्रष्टाचार के संस्कृति पर आधारित विरोधी दल के नेताओं को आरे हाथों लेते हुए कहा कि पीएम मोदी और सीएम नीतीश जी के नेतृत्व बिहार प्रगति के राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी विकास योजनाओं का लाभ जन जन तक पहूंचाने केलिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। वहीं जितवारपुर प्रखंड कार्यालय समस्तीपुर में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने किसानों के बीच बीज वितरण भी किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नीलम सहनी, एमएलसी डॉ तरूण कुमार, भाजपा नेता शशिकांत आनंद, सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, प्रदीप शाह शिवे, अमित सिंह, अविनाश सिंह चंदेल, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंत्री महेश्वर हजारी के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहा विकास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** कल्याणपुर विधायक और बिहार सरकार में सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी के निरंतर सक्रियता, अथक प्रयास और परिश्रम से क्षेत्र विकास के प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इसी कड़ी में दो जिले समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर सहित कई पंचायत एवं गांव के लोगों की सुविधा के लिए बूढ़ी गंडक नदी के बांये तटबंध पर सैदपुर चैक से तेपरी होते हुए मुजफ्फरपुर बॉर्डर तक सड़क मजबूतीकरण एवं पक्कीकरण कार्य की बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग के द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दिया गया है। बहुत जल्द प्रक्रिया पूरी करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस खबर से कल्याणपुर विधानसभा में खुशी की लहर दौड गई है। इस बड़े कार्य केलिए श्री हजारी को फोन के माध्यम से लगातार बधाई एवं धन्यवाद दिया जा रहा है। बधाई प्रेषित करने वालों में जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह, राकेश पासवान, इम्तियाज अहमद, मुकेश कुमार, राजेश ठाकुर, शशि ठाकुर, मंजय पासवान, अशोक दास, मुकेश कुमार, अनीश कुमार, राजेश सहनी, संतोष सहनी, सोनू सहनी, लाल बाबू साहनी, गुरू देआल पासवान, ओम लाल सिंह, गीता देवी, पप्पू चैधरी, कामिनी देवी, ललिता देवी आदि शामिल हैं।

## ट्रक-ऑटो की टक्कर में दो शिक्षकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विद्यापतिनगर/ मोहनपुर।** विद्यापतिनगर-दलसिंहसराय मुख्य पथ पर सोमवार की सुबह मधेपुर गांव में ट्रक और ऑटो के बीच हुई भीषण टक्कर में विद्यालय जा रहे दो शिक्षकों की मौत हो गइ। इस घटना में और कई लोगों के घायल होने पर सूचना है। मृत शिक्षिका की पहचान मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बस्ती निवासी रंजीत कुमार की पत्नी कामनी देवी और शिक्षक की पहचान बिनगामा गांव निवासी राम प्रसाद महतो के पुत्र अमरेंद्र प्रसाद राय (43) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक वे ऑटो से विद्यालय जा रहे थे। उस ऑटो में कुल 5 शिक्षक सवार थे। इसी क्रम में ऑटो चालक ने दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मघेपुर गांव के निकट दूसरी ओर से आ रहे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कामनी देवी की तत्काल घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं अमरेन्द्र प्रसाद राय की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घायलों का निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। दोनों शिक्षकों की मौत पर शिक्षकों ने शोक जताया है। उत्क्रमित मिडिल स्कूल महादेव स्थान में एचएम रमेश रजक के नेतृत्व में शिक्षकों एवं छात्रो ने गहरा शोक जताते दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना किया एवं पीड़ित परिवार को इस दुख की घड़ी में ईश्वर से सहन शक्ति प्रदान करने की कामना किया। शोक व्यक्त करने वालो में जयराज पासवान, राखी प्रियदर्शनी, पूनम कुमारी, राम पुकार पासवान, पूजा कुमारी, चंदेश्वर कुमार, हेमंत कुमार प्रसाद, मनोज कुमार आदि शामिल हैं।

## बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण को लेकर संकल्प सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी या फिर गुरू के बिना संपन्न नहीं हो सकता। यह देखते हुए हमनें उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। जिला में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के सचिव सुरेन्द्र कुमार नें अगामी 30 अप्रैल को बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण को लेकर आयोजित संकल्प सभा के बारे में संवाददाताओं जानकारी देते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि धर्मगुरुओं से मिले अप्रत्याशित सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है। बताते चलें कि बाल




अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाजिक संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की सहयोगी संगठन जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों व धर्म गुरूओं के बीच चलाए गये जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं नें इसकी सराहना करते हुए समर्थन व सहयोग का हाथ बढ़ाया है। श्री सुरेन्द्र ने कहा कि आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया कैम्पेन चला रहा है। जेआरसी, कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र नें स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में 6000 बाल विवाह रुकवाए हैं। मौके पर महिला हेल्प लाईन के जिला परियोजना प्रबंधक जितेन्द्र कुमार साहू, केन्द्र प्रशासक ज्योति अर्चना, जेजेबीवीके की समन्वयक दिप्ती कुमारी, स्मृति कुमारी, विभा कुमारी, दिनेश प्रसाद चैरसिया, माजदा खातून, राखी कुमारी, सूरज कुमार, रोमा गुप्ता, दीप शिखा कुमारी, ब्यूटी कुमारी, अनिकेत कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

## 'एक कदम, अग्रणी शिक्षा की ओर' विषय पर विचार संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** मार्क इंटरनेशनल स्कूल, मोगलानीचक के प्रांगण में मार्क इंटरनेशनल स्कूल परिसर में एक कदम, अग्रणी शिक्षा की ओर विषयक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भर से आए हुए गण-मान्य शिक्षाविदों व शिक्षा शास्त्रीयों ने अग्रणी शिक्षा के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस संध्याकालीन विचार संगोष्ठी में मौसम की बदमिजाजी के कारण हो रहे रिमझिम फुहारों के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। इस विचार संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए स्कूल के निदेशक पुरुषोत्तम कुमार ने कहा कि शिक्षा आधुनिक समाज की नींव है। यह व्यक्ति और समुदाय के लिए बेहतर भविष्य को जन्म देती है। इस दौरान उन्होंने इस स्कूल के नींव रखने के साथ-साथ स्कूल के चार सालों के क्रियाकलापों व उपलब्धियों पर




विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि इस सुदूर इलाके में इस विद्यालय की स्थापना के बाद इस पिछड़े से इलाके में गरीब मजदूर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहज उपलब्ध हुआ है। इस स्कूल में नामांकन के बाद से उस बच्चे के जीवन में किस तरह से बदलाव आता है यह देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सड़क दोनों एक जैसे होते हैं, खुद जहां होते हैं, वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उसके मंजिल तक पहुंचा देते हैं। प्राचार्य, पवन कुमार साथी ने अपने संबोधन में श्री पुरूषोत्तम के इस प्रयास की तुलना समाजसेवी महात्मा ज्योतिबाई फूले के इस कथन से किया जिसमें उन्होंने कहा था कि जरूरत पड़े तो एक समय खाकर सो जाओ, घर की थाली-लोटा बेच दो और पत्ते पर खा लो लेकिन बच्चे को शिक्षा अनिवार्य रूप से दो। इस दौरान उन्होंने अग्रणी शिक्षा पर विस्तार से अपनी बातों को रखा तथा स्कूल के शिक्षकों को भी मार्गदर्शन दिया कि वह किस तरह की शिक्षा दें ताकि आगे आने वाले समय में वह अपने विकास में वह शिक्षा को मिल का पत्थर साबित कर सके। इस अवसर पर पूर्व मुखिया रामदयाल राय, मुखिया धनहर पंचायत पवन राय, पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार राय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों के स्वागत सम्मान एवं दीप जला कर गोष्ठी के उद्घाटन की औपचारिकता के बाद अपोलो डेंटल के निदेशक प्रमुख डॉक्टर ज्ञानेंद्र कुमार ने इस स्कूल की व्यवस्था से सभी को अवगत कराया तथा अपने विचार रखें और सभी अतिथियों का दिल से आभार व्यक्त किया कि वर्षा के बावजूद भी सभी लोगों ने अपना समय निकालकर इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस विचार संगोष्ठी में राकेश कुमार शिक्षक, मनोज कुमार शिक्षक, इस स्कूल के प्राचार्य चंद्रभूषण प्रसाद ठाकुर शिक्षकगण शशि भूषण ठाकुर, अजय कुमार, रंजीत कुमार पोद्दार सहित सभी शिक्षकों ने अपने विचार रखे और स्कूल की शिक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया।

## केसरवानी वैश्य ने छात्रों को दिया सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** रविवार की देर रात केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष 2025 की मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देना था। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से पूज्य कश्यप मुन्नी के तेल चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभी सदस्यों ने श्रद्धा के साथ कश्यप मुन्नी को नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इसके उपरांत सम्मान समारोह आरंभ हुआ, जिसमें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बच्चों को मोमेंटो एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच से बच्चों की उपलब्धियों की सराहना की गई और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के दौरान सभा के अध्यक्ष दिलीप केसरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ होती है। समारोह में उपस्थित अन्य गणमान्य सदस्यों में महासचिव गुड्डू केसरी, उपाध्यक्ष रामदयाल केसरी, अधिवक्ता सुरेंद्र केसरी, पूर्व महासचिव सीताराम केसरी, संतोष गुड्डू, प्रेमकिशन मन्नू, जयप्रकाश केसरी, वार्ड पार्षद समीर श्रवण, अभिमन्यु केसरी, सचिन केसरी, अनुराग केसरी, अमरनाथ केसरी, कुंदन केसरी, संध्या केसरी, मेरी केसरी, प्रियंका कुमारी, जगदीश केसरी, पियुष केसरी एवं मुन्ना केसरी शामिल थे। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गौरव कुमार ने बड़े ही संयोजित और आकर्षक ढंग से किया।

## गैंगरेप मामले के तीन आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बछवाड़ा।** कादराबाद पंचायत के एक गांव में मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। जहां तीन मनचलों ने एक विक्षिप्त लड़की को हैवानियत का शिकार बनाते हुए वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। पुलिस ने तत्परता के साथ मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कादराबाद पंचायत के एक गांव के आसपास एक विक्षिप्त लड़की इधर-उधर घूम रही थी। जिसे तीन युवकों ने बहाला-फुसलाकर बगल के मकई खेत में ले जाकर दो युवकों ने दरिंद्गी को अंजाम दिया तो एक युवक ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## भाकपा माले का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर/ वारिसनगर।** वारिसनगर विधानसभा क्षेत्र के पुरनाही डाकघर के निकट भाकपा माले के वारिसनगर एवं खानपुर प्रखंड के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन जिला स्थायी कमेटी सदस्य जीवछ पासवान, वारिसनगर प्रखंड सचिव रामचन्द्र पासवान एवं खानपुर प्रखंड सचिव सत्यनारायण महतो की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमला में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। केंद्रीय कमेटी सदस्य मंजू प्रकाश ने कहा कि पिछले किसी भी समय की तुलना में देश के ऊपर फासीवादी ताकतों की हमला बढ़ता जा रहा है। अम्बेडकर और भारत के संविधान को मोदी की सरकार तार-तार करने पर तुली है। बिहार में चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री का लगातार दौरा होने लगा है। पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित समुदाय को आपस में बांट कर संविधान को ध्वस्त करने का सपना फासीवादी ताकतें देख रही हैं। बिहार की जनता मोदी से जबाब चाहती है कि तामिलनाडू में 69 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सकता है तो बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव को केंद्र के नौवें अनुसूचि में शामिल क्यों नहीं किया गया है। पान समुदाय और लोहार जाति के लोगों को अनुसूचित जाति का दर्ज़ा क्यों समाप्त कर दिया गया है। बैठक में जिला सचिव उमेश कुमार, महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी फूलबाबू सिंह, जिला स्थायी कमेटी के सदस्य अमित कुमार आदि ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की सामना मजबूत संगठन निर्माण करके किया जा सकता है। इस कड़ी में हमारी पहली जिम्मेदारी है कि हर बूथ पर बी.एल.ए. नियुक्ति किया जाय। भाजपा-जेडीयू के द्वारा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर मतदाता सूची में हेराफ़ेरी की संभावना बढ़ गई है। इस पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। बैठक में जिला कमेटी सदस्य महेश कुमार सिंह, संजीत पासवान, सुनील कुमार राय, सुशील कुमार सिंह, रामप्रीत पासवान, नंदकिशोर राय, चन्देश्वर यादव, उमेश महतो, सुरेन्द्र राय, देवेंद्र ठाकुर, चंद्रवली पासवान, प्रदीप पासवान, शशि कुमार सिंह, जितेंद्र कुशवाहा, रामनाथ साह, रामविनय पासवान, पांचू राम, राम कुमार राय, रामसेवक साह, कृष्णदेव शर्मा, शांति देवी, जगतारण देवी, श्यामसुन्दर देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** गढ़हरा ग्राम गौरव सम्मान समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने रविवार की शाम दीप प्रज्वलित कर किया। अभेदानन्द आश्रम बारो में गढ़हरा दर्पण परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बरौनी बीडीओ अनुरंजन कुमार, नगर परिषद बीहट के मुख्य पार्षद बबिता देवी, उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, एपीएसएम कलेज बरौनी के प्राचार्य डा. मुकेश कुमार, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार, बरौनी आईओसी के वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) रवि भूषण कुमार, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा के प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बेलदौर(खगडिया) प्रमोद कुमार, भारत सरकार के कला संस्कृति विभाग से सेवानिवृत्त रंगकर्मी चंद्र प्रकाश झा आदि शामिल हुए। समिति सदस्य संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, प्रेम कुमार, जीवानंद मिश्र, रामानंद सागर आदि ने उन्हें अंगवस्त्र, माला व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र में स्थानीय बाल कलाकरों के



द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। अध्यक्ष मंडल में मुक्तेश्वर प्रसाद वर्मा, सुरेंद्र कुमार व विजय कुमार राय थे। मंच संचालन रंजीत कुमार सिंह ने किया। स्वागत भाषण कुमार विनीताभ ने किया।

**विशिष्ट सम्मान से 11 लोग हुए सम्मानित**

ग्राम गौरव सम्मान कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में कला कौशल, शिक्षा के क्षेत्र में राज कुमार प्रसाद, गीत कला में सानिया सिंह व रश्मि राज, सामाजिक क्षेत्र में लाल बहादुर महतो, सामाजिक सौहार्द जागरुकता में मो दानिशमहबूब, चिकित्सा के क्षेत्र में ड हेमंत कुमार, खेलकूद क्षेत्र में आशीष कुमार, नारी जागरुकता क्षेत्र में आसमा बेगम, नाट्य कला क्षेत्र में फुलेना राय, प्रकृति प्रेमी के रूप में स्मिता कुमारी को अंगवस्त, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर वार्ड पार्षद मो इफ्तेखार अंसारी, अशोक ठाकुर, प्रमोद सिंह, ब्रजेश कुमार, शिवजी आर्य, संतोष आर्य, गोविंद आर्य, जीवानंद मिश्र, रामानंद सागर, सुजीत कुमार आदि थे। स्थानीय विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के द्वारा झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस सामाजिक सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सन 2007 में स्वतंत्रता सेनानी केशव मिश्र व बैधनाथ चौधरी के नेतृत्व में प्रथम ग्राम गौरव सम्मान समारोह का आयोजन हुआ था। दूसरी बार 12 मार्च 2023 में हुई।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के चांदपूरा गांव में बाजार से घर लौट रही 28 वर्षीय विभा कुमारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। साथ ही सात माह की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विभा कुमारी अपनी बच्ची को गोद में लेकर सड़क पार कर रही थीं तभी अनियंत्रित बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विभा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बच्ची के नाक पर गहरी चोट आई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस बाइक सवार की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### बिजली की चिंगारी से लगी आग

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चकिया थाना क्षेत्र के बिहट नगर परिषद वार्ड संख्या 35 में रविवार की रात्रि 8 बजे को इस तूफान में बिजली की चिंगारी से लगी आग। इसकी सूचना मिलते ही बरौनी अग्निशमन केंद्र का एक यूनिट दमकल गाड़ी लेकर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन भयंकर आग लगने के कारण से बरौनी अग्नि सेवा केंद्र से तीन यूनिट दमकल गाड़ी एवं एनटीपीसी से दो यूनिट मंगायी गयी। आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि 10 लाख से ऊपर की संपत्ति जलने की सूचना मिली है। चिंगारी से कई घरों में भयंकर आग लग गई। आग ने उनके अन्य सहोदर कई घर जल के राख हो गए।

### जिलों में प्रारम्भ हुआ त्रिसीमाना कार्य

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में चल रहे विशेष सर्वेक्षण के तहत अब सभी जिलों में त्रिसीमाना (तीन सीमाओं का निर्धारण) कार्य शुरूहो चुका है। इसी कड़ी में बेगूसराय जिले के बरौनी अंचल के मौजा- पिपरा देवस बारो मोहम्मदपुर (474), पिपरा देवस 473, सिमरौना में त्रिसीमाना सत्यापन कार्य सफलता पूर्वक पूरा किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य में विशेष सर्वेक्षण अमीन जय प्रकाश सिंह, नीलम कुमारी, रिंकी कुमारी, संध्या कुमारी, सतीश कुमार, अजीत कुमार, भागीदारी निभाई। त्रिसीमाना सत्यापन के लिए मुस्तकिल खोजने की प्रक्रिया भी पूरी की गई, जिससे क्षेत्र के भूमि विवादों के समाधान में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी प्राची सिन्हा एवं विशेष सर्वेक्षण कानूनगो शकुंतला देवी भी मौजूद रहीं। उन्होंने सत्यापन कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि त्रिसीमाना सत्यापन न केवल सीमांकन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगा, बल्कि इससे भूमि स्वामित्व से जुड़े विवादों को भी कम किया जा सकेगा। सरकार के निर्देशानुसार त्रिसीमाना सत्यापन कार्य को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। ताकि सभी भूखंडों का सटीक सीमांकन सुनिश्चित हो सके। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद नागरिकों को अपनी भूमि से जुड़े स्पष्ट अभिलेख प्राप्त होंगे। जिससे स्वामित्व को लेकर कोई भ्रम न रहे। मौके पर किसान, कन्हैया राय, दशरथ कुमार ,आदित्य कुमार, मुकेश कुमार हरिनाथ राय, सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

### गोबिंदधाम में धार्मिक अनुष्ठान महायज्ञ

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के मटिहानी प्रखंड के सोनापुर भराथ गांव स्थित बाबा बाल गोविंद धाम परिसर में 15 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को शुरू हो गया। सैकड़ो भक्त जनों की उपस्थिति में मंडलाधीश महंत रामनुज दास ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना की। पूजन के बाद नया संकीर्तन के लिए रामधुनी मंडली का प्रवेश कराया गया। इस धार्मिक आयोजन के कार्यक्रम संयोजक राम पुकार सिंह महंत ने भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग के वर्तमान दौर में रामधुनी का विशेष महत्व है। इसके उच्चारण और श्रवण से संतापों से मुक्ति का रास्ता खुलता है। साथ ही यश एवं पुण्य की प्राप्ति होती है। मौके पर बलहपुर, नयागांव, सोनपुर, सिंहपुर, बगडोग, भरवार, सफापुर, मीनापुर, महेंद्रपुर, सैफपुर सहित अन्य कई गांव के लोग भक्तजन शामिल हुए।

### लाभुकों के बीच राशि का वितरण

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ग्राम पंचायत राज गणपतौल के सभागार में मुखिया हीरा कुमारी की अध्यक्षता में कबीर अंत्येष्टि समान घटक एवं विशेष घटक में विभाग द्वारा कुल 31 लाभुकों को ग्राम पंचायत राज गणपतौल के खाता में प्राप्त हुआ। उक्त राशि को मुखिया हीरा कुमारी गणमान्य व्यक्ति को बुलाकर लगभग 31 लाभुकों के बीच 3000 रुपये प्रति दर से ग्राम पंचायत राज गणपतौल के सभागार में वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मुखिया हीरा कुमारी ने कहा कि इस राशि को प्राप्त कराने में प्रखंड विकास पदाधिकारी मंसूरचक का सराहनीय कदम रही है।मै उनको धन्यवाद का पात्र समझती हूं। और आगे लाभुकों को राशि दिलाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी से सहयोग लेती रहूंगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मंसूरचक सुभाष कुमार, पूर्व उप मुखिया विंदेश्वरी महतो, राम बहादुर महतो, वार्ड सदस्य वैजनाथ पासवान, सुजीत कुमार, शशि कुमार, लेखापाल अमरजीत कुमार, सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### वारंटी गिरफ्तार

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस में गुप्त सूचना के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर बेगूसराय न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर रंजन कुमार ने बताया कि कांड संख्या 240/10 के वारंटी निंगा निवासी मो बाबर का पुत्र मो चांद को पुलिस अवर निरीक्षक पप्पू कुमार ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**तेघरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के अनुमंडल न्यायालय परिसर में विचाराधीन कैद्दी वाहन के समीप हथियार के साथ दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को उक्त कोर्ट परिसर में विचाराधीन कैदियों को लेकर कैदी वैन पहुंची। कैदी वैन के समीप दो युवक भी खड़े थे। दोनों पर संदेह होने पर पुलिस ने पाकर लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से हथियार बरामद की गई। इससे कोर्ट परिसर में अफरा तफरी मच गई। गिरफ्तार युवक की पहचान धनजय कुमार, उम्र 24 वर्ष, पिता सुरेश शर्मा वार्ड नंबर- 4 दनियालपुर एवं सूरज कुमार उम्र 23 वर्ष पिता कपिलदेव सिंह, मरसैती थाना तेघरा जिला बेगूसराय शामिल है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सिंघौल थानाध्यक्ष हुए लाइन हाजिर

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिंघौल थानाध्यक्ष अमित सिंह के कारनामो की लगातार मिल रही शिकायत के बाद डीआईजी आशीष भारती ने थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है। ज्ञात हो की 26 अप्रैल को डीआईजी श्री भारती के जनता दरबार में थानध्यक्ष अमित सिंह के व्यवहार से परेशान मोहम्मद मुस्ताक अली पति मोहम्मद रियाजुद्दीन, करिचक छपकी, वार्ड नंबर 11 थाना वीरपुर जिला बेगूसराय निवासी ने आवेदन देते हुए अपनी पीड़ा सुनाई। इसपर श्री भारती ने एसपी मनीष को जांच के आदेश दिए। इधर एसपी मनीष ने जांच की कार्यवाई करते हुए थानाध्यक्ष अमित सिंह को लाइन क्लोज कर दिया है। साथ ही एसपी मनीष ने बताया की इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाई की जायगी।

# जिलास्तरीय पदाधिकारी अधीनस्थ कार्यालयों की नियमित समीक्षा करें : सौरभ जोरवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में रविवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों के कार्यों की नियमित समीक्षा करें और जहां भी कार्यों में कमी अथवा लापरवाही पाई जाए, वहां जवाबदेही तय करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 1 मई से सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति का सत्यापन एनआईसी के माध्यम से प्रतिदिन किया जाएगा। सभी को कार्यालय आने पर सर्वप्रथम बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करानी होगी, उसके बाद ही क्षेत्र भ्रमण हेतु प्रस्थान करना होगा। साथ ही, जिला स्तरीय पदाधिकारियों को यह निर्देश भी दिया गया कि वे क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या गूगल मीट के माध्यम से कार्यों की नियमित समीक्षा करें और प्रतिवेदन समर्पित करें।

**योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा**

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की। भवन प्रमंडल द्वारा सूचित किया गया कि मोतिहारी सदर, सुगौली, रक्सौल, तुरकौलिया, घोड़ासहन, ढाका और केसरिया प्रखंडों के भवनों के जीर्णोद्धार हेतु निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वहीं, जल निस्सरण प्रमंडल को



तटबंधों का नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया। पीएचईडी ढाका प्रमंडल के अभियंता ने जल मीनार निर्माण हेतु एनओसी की आवश्यकता बताई, जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला कृषि पदाधिकारी ने संग्रामपुर और फ़ेनहरा में ई-किसान भवन निर्माण के लिए भूमि चयन की जानकारी दी, जिसे अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से प्रस्तावित किया जाएगा।

**पीएम आवास योजना, राजस्व कार्य एवं शिक्षा पर भी विशेष बल:** फ़ेनहरा और केसरिया प्रखंडों में पीएम आवास स्वीकृति की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए निष्क्रिय आवास सहायकों को हटाने का निर्देश दिया। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान निष्पादन दर 90% से अधिक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया तथा केसरिया, पहाड़पुर, पिपराकोठी, तेतरिया एवं मोतिहारी सदर प्रखंडों की सराहना की। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ई-मापी से संबंधित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि भूमि विवाद जैसी समस्याओं पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके। शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस को विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित जांच के भी निर्देश दिए गए। परवरिश योजना के तहत एचआईवी अथवा कुष्ठ रोगियों के बच्चों को सहायता राशि प्रदान करने के लिए सूची संकलन और भुगतान की प्रक्रिया तेज करने को कहा गया।

**बाढ़ पूर्व तैयारी और आपदा प्रबंधन पर विशेष चर्चा**

जिलाधिकारी ने बाढ़ पूर्व तैयारी के मद्देनजर सभी अनुमंडल अधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे तटबंधों का निरीक्षण कर सुरक्षात्मक कार्य समय रहते पूर्ण कराएं। वर्षा मापक यंत्रों की कार्यशीलता की भी जांच सुनिश्चित की जाए। नावों की उपलब्धता, पॉलिथीन शीट्स का भंडारण तथा राहत सामग्री के दर निर्धारण की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे, एडीएम लोक शिकायत शैलेंद्र भारती, एडीएम आपदा राजेश्वरी पांडे सहित सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं प्रखंड स्तर के अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

बैठक का समापन जिलाधिकारी के उस आह्वान के साथ हुआ जिसमें उन्होंने समस्त पदाधिकारियों से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, सक्रियता और उत्तरदायित्व के उच्चतम मानदंडों को सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि जनकल्याण की संकल्पना को धरातल पर साकार किया जा सके।

## खेत जुताई के दौरान अतिप्राचीन शिवलिंग मिलने से ग्रामीणों में उत्साह और भक्ति का माहौल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड अन्तर्गत जारू गांव में खेत जुताई के दौरान एक अतिप्राचीन शिवलिंग प्राप्त हुआ है। इस संबंध में बताया ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि जारु गांव से उत्तर खेत के बधार में रविवार को ट्रैक्टर से खेत जुताई के क्रम में एक अति प्राचीन शिवलिंग प्राप्त हुआ है। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि शिवलिंग काले पत्थर का पॉलिशनुमा है। इसकी आकृति काफी विशाल है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की सुबह छह बजे के आसपास जारु गांव के किसान बमबम शर्मा की खेत की जुताई ट्रैक्टर से हो रही थी, इस दौरान ट्रैक्टर का हल किसी चीज में फंस गया जिसके कारण ट्रैक्टर आगे नहीं बढ़ पा रहा था। जब ट्रैक्टर के हल को निकालने का प्रयास किया गया तो ज्ञात हुआ कि हल किसी पत्थर के बड़े चट्टान से फंसा हुआ है। लोगों ने खुदाई करके जब उसको बाहर निकाला तो ज्ञात हुआ कि यह एक अति प्राचीन शिवलिंग है। इसके पश्चात किसान बमबम शर्मा ने शिवलिंग को ग्रामीणों के सहयोग से गांव के पास बने स्वास्थ्य केंद्र के पास रखवा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। कई लोगों ने तो ईश्वर का चमत्कार मानकर वहीं पर पूजा अर्चना शुरू कर दिया। किसान बमबम शर्मा ने भी शिवलिंग उनके खेत से मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ईश्वर का उनके लिए यह कोई अच्छा संकेत है, इसलिए वह अपने हाथों से मंदिर बनाकर प्राण प्रतिष्ठा आयोजित कर इसे विधिवत तरीके से पूजा अर्चना करेंगे। शिवलिंग मिलने की खबर से आसपास के गांवों में भी कौतूहल देखने को मिल रहा है तथा लोग इस प्राचीन शिवलिंग को देखने आ रहे हैं। जैसा कि ज्ञात हो यह क्षेत ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टिकरण काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां पर पहले से ही द्वापर युगीन योगेश्वर नाथ मंदिर में स्थापित ऐतिहासिक शिवलिंग मौजूद है। साथ ही यहीं पर बाणासुर और जरासंध की जन्मभूमि मानी जाती है। जिसका अवशेष के रूप में पत्थर के सुंदर कलाकृति युक्त तराशे हुए स्तंभ यहां देखने को मिलता है। यहीं पर बाणासुर और भगवान श्रीकृष्ण के बीच भीषण युद्ध होने की बात बताई जाती है, जिसके अवशेष के रूप में 40 एकड़ का विशाल सोम सरोवर मौजूद है। इसके साथ ही यहां पर कई प्राचीन मूर्तियां और कलाकृतियां बिखरी पड़ी हई है।

## दहेज हत्या मामले के आरोपित समेत पांच अन्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** दरपा थाना प्रभारी ने अलग-अलग मामलों में आठ लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इनमें दहेज हत्या मामले के आरोपी अर्जून मुखिया, गुप्ता मुखिया और सुनैना देवी तिनकोणी को रविवार को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों के खिलाफ दरपा थाना में कांड संख्या 151/24 दर्ज है। इसके अलावा, शराब एक्ट के तहत विक्रम मुखिया, मिथलेश मुखिया, एनबीडब्ल्यू वारंटी बच्चा प्रसाद यादव और शिवनारायण महतो को भी हिरासत में लिया गया। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद मोतिहारी भेज दिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उमाशंकर मांझी ने कहा कि कार्रवाई जारी है और आगे की जांच की जा रही है।

## काको के विशालकाय पनिहास की अनदेखी से संकट में धरोहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड का ऐतिहासिक पनिहास (तालाब) आज भी अपनी भव्यता और सांस्कृतिक विरासत का गवाह है। लगभग 80 एकड़ में फैला यह विशाल तालाब कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जल संचय के कारण दूर-दूर के लोगों को भी आकर्षित करता था। तालाब के एक छोर पर भगवान भास्कर का प्राचीन सूर्य मंदिर स्थित है, वहीं दूसरे छोर पर विश्व की पहली महिला सूफी संत बीबी कमाल का ऐतिहासिक मकबरा यहां श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकृष्ट करता है। धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस तालाब का स्थानीय जीवन में भी गहरा असर रहा है। पहले कभी पनिहास तालाब न सिर्फ काको के सौंदर्य को बढ़ाता था, बल्कि भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाता



था। गांव के अधिकतर खेतों की सिंचाई इसी तालाब के पानी से होती थी। लेकिन आज यह ऐतिहासिक धरोहर प्रशासनिक उदासीनता और रख-रखाव के अभाव में बदहाली की ओर बढ़ रही है। जलीय खरपतवारों, शैवालों ने तालाब के पानी को घेर लिया है, जिससे जल का सड़ना शुरू हो गया है। इससे न केवल जल का उपयोग सीमित हुआ है, बल्कि तालाब का प्राकृतिक सौंदर्य भी फीका पड़ने लगा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पनिहास तालाब में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। यदि इसका समुचित सौंदर्यीकरण कराया जाए तथा यहां नौकायन (बोटिंग) की व्यवस्था शुरू की जा सकती है। इसके अतिरिक्त तालाब के चारों ओर रनिंग ट्रैक, पार्क और ओपन जिम जैसी सुविधाएं विकसित कर क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बदला जा सकता है। धार्मिक महत्व और ऐतिहासिक विरासत के कारण यहां देश-विदेश से पर्यटक आकर्षित हो सकते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास को भी नई गति मिलेगी। इस संबंध में नगर पंचायत काको के अध्यक्ष राहुल रंजन ने जानकारी दी कि पनिहास तालाब की सफाई और पुनर्जीवन के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि काको की यह ऐतिहासिक धरोहर फिर से अपनी चमक वापस पा सके।स्थानीय जनता भी उम्मीद कर रही है कि प्रशासन इस बार पनिहास तालाब की सुध अवश्य लेगी। जहानाबाद जिले के प्रशासन की सकारात्मक भूमिका से इसे पर्यटन एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में नई पहचान मिल सकती है।

## तीन वर्षीय अपहृत बच्चा बरामद, बच्चा चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** पकड़ीदयाल थाना पुलिस ने बच्चा चोरी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन वर्षीय अपहृत बालक को सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पकड़ीदयाल के एएसपी मोहिबुल्लाह अंसारी के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल ने वैज्ञानिक तरीकों से जांच करते हुए शनिवार की रात यह बड़ी कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल को पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के दर्जी टोला मुहल्ले से खेलते समय मोहम्मद सहिम आलम का तीन वर्षीय पुत्र अचानक लापता हो गया था। परिजनों द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद एएसपी अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की। जांच में सामने आया कि घटना के दिन कुछ घुमंतू समुदाय के लोग इलाके से अचानक अपनी झोपड़ियां समेटकर चले गए थे। संदेह के आधार पर पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को हिरासत में लिया, जिसकी गहन पूछताछ में पूरे अपहरण कंाड का खुलासा हुआ। आरोपी ने बताया कि बच्चे को अपहरण कर सीतामढ़ी जिले के बेलसंड इलाके में 50 हजार रुपये में बेच दिया गया था। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीतामढ़ी पहुंचकर बच्चे को बरामद कर लिया और सात चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सीतामढ़ी के सैदपुर थाना क्षेत्र निवासी तील कसरी देवी, मोहनी देवी, तथा पकड़ीदयाल के वार्ड संख्या चार के निवासी अमृत करोड़ी, लालपरी, प्रकाश करोड़ी, राजेश करोड़ी और लइसन करोड़ी शामिल हैं। एएसपी अंसारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार चोरों ने कई अन्य बच्चों के अपहरण में संलिप्तता की भी जानकारी दी है। गिरोह के सदस्य गांवों के बाहर अस्थायी डेरा डालते थे और मौके पाकर छोटे बच्चों का अपहरण कर लेते थे। वे लगातार अपना ठिकाना बदलते रहते थे ताकि पुलिस की पकड़ से दूर रह सकें। गिरफ्तार सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में मोतिहारी जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में एएसपी मोहिबुल्लाह अंसारी के साथ पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष राजीव रंजन, दरोगा चंदन कुमार, अंजू कुमारी, स्वाती कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 39 लोगों के लौटाए गए मोबाइल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सोमवार को 39 लोगों की मुस्कान लौटाई गई। जिले की पुलिस ने खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंपा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि आम जनता की गुम हुई संपत्ति को सुरक्षित वापस किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल चोरी या गुमशुदगी के मामलों में पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है, बल्कि आम नागरिकों में पुलिस के प्रति भरोसा



भी मजबूत करती है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि जहानाबाद पुलिस जिलेवासियों की सेवा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित है। हम भविष्य में भी इसी तरह पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ काम करते रहेंगे। इस दौरान देखा गया कि मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उपस्थित लोगों ने जहानाबाद पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## डॉ. एस. के. एस. महिला महाविद्यालय में पूर्ववर्ती छात्राओं का सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** नगर के प्रतिष्ठित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह महिला महाविद्यालय में रविवार को पूर्ववर्ती छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. पंकज कुमार, डॉ. आकृति रानी और डॉ. अर्पणा ने संयुक्त रूप से सम्पन्न किया। समारोह में पूर्ववर्ती छात्राओं का स्वागत मधुर स्वागत गान से किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें मेडल भेंट किए गए, जिसके माध्यम से छात्राओं ने अपने पुराने दिनों को सजीव कर दिया। छात्राओं ने विद्यालय परिसर में अपने अध्ययनकाल की सुनहरी यादों को साझा करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में कदम रखते ही उन्हें अपने विद्यार्थी जीवन की निर्मलता



और मासूमियत का एहसास फिर से हो आया। गृहस्थी के व्यस्त जीवन से कुछ पल के लिए मुक्त होकर वे पुनः बचपन की उस निर्मल दुनिया में लौट गईं, जहां सपनों और संघर्षों की कहानियां बुनी जाती थीं। पूर्ववर्ती छात्राओं ने कॉलेज में हुए बदलावों को देखकर हर्ष व्यक्त किया और अपने समय के शिक्षकों, कक्षाओं और पलों को सजीव स्मृतियों में पिरोया। मंच संचालन का दायित्व डॉ. अपर्णा और डॉ. विपिन दुबे ने कुशलतापूर्वक निभाया। समारोह के दौरान महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में डॉ. किरण कुमारी, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. नीतू, डॉ. मोहम्मद इरशाद आलम, डॉ. कुमारी रोशनी विश्वकर्मा, डॉ. प्रीति राज, डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. अल्फिया और डॉ. मनोरमा कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं, शिक्षकेत्तर कर्मियों में लवली सिंह, भास्कर गुप्त, ज्ञान प्रकाश, प्रकाश कुमार पांडेय, अभय कुमार मिश्रा तथा विकास कुमार सहित अन्य कर्मी भी समारोह में उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई।

## 51 जोड़ी सामूहिक विवाह और 20 सूत्री कार्यक्रम की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चकिया (पूर्वी चंपारण)।** आगामी 9 मई को आदर्श सामूहिक विवाह के तहत 51 जोड़ी वर-वधू के सामूहिक विवाह को लेकर रविवार को समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक स्थानीय रेलवे स्टेशन के निकट स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस विवाह समारोह में 51 घोड़े और गाजा-बाजा के साथ धूमधाम से बारात निकाली जाएगी, जो शहर के निर्धारित मार्गो का भ्रमण करते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर पहुंचेगी। जयमाला के बाद विवाह की बाकी रस्में होंगी। विवाह सम्पन्न होने पर वर-वधू को पलंग, कुर्सी, टेबल, आयरन, पंखा, अलमीरा, ट्रंक जैसी आवश्यक सामग्री भी दी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सभापति पवन सर्राफ ने की। इस मौके पर उप सभापति सुभाष कुमार, रामबृक्ष प्रसाद, सुनील सिंह, अशोक गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, राज कुमार, कवींद्र प्रसाद यादव, राजन कुमार, सिकंदर कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

**वहीं दूसरी ओर** पीपराकोठी प्रखंड क्षेत्र के सूर्यपुर स्थित विधायक प्रमोद कुमार के आवास पर प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिटी के सभी सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार चौधरी ने की, जबकि संचालन का कार्य उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार साह ने किया। इस बैठक में सर्वप्रथम सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया, उसके बाद सरकार द्वारा 20 सूत्री कमिटी के गठन के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कमिटी का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की देखरेख और समीक्षा करना है, साथ ही जो लोग इन योजनाओं से वंचित हैं, उन्हें इनका लाभ दिलाना और मुख्यधारा से जोड़ना है। बैठक में कमिटी के सदस्य राजकिशोर सिंह ने 20 सूत्री के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं इसके सेवन के विरुद्ध नियमित छापामारी करें: जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में आयोजित एन कोर्ड की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार को रोकने एवं इसके सेवन के विरुद्ध लगातार छापामारी करें एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। जिला के बॉर्डर एरिया खासकर रक्सौल, आदापुर, घोड़ासहन के क्षेत्र में लगातार अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि अभी पिछले सप्ताह ही पकड़ीदयाल में 670 किलोग्राम गांजा पकड़ा गया है। बैठक में नगर आयुक्त,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण मोतिहारी, सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल एवं सिकरहना(ढाका) सहित जिला कृषि पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि रक्सौल के रास्ते नेपाल में यूरिया ले जाया जा रहा है,जिस पर रोक लगाने की आवश्यकता है। इस पर जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सीमा सुरक्षा बल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर इसके विरुद्ध अभियान चलाए। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बॉर्डर एरिया में खाद के सभी दुकानदारों की सूची अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल को उपलब्ध करा दी जाए एवं नियमित रूप से इन दुकानों के स्टॉक वेरिफिकेशन किया जाए।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** पटना-गया रेलखंड पर जहानाबाद शहर के गौतम बुद्ध विद्यालय के पीछे रेलवे लाइन पर सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक अज्ञात व्यक्ति कि स्पेशल ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेल पुलिस के अनुसार, हादसा शाम करीब 4 बजे हुआ जब गया से पटना जा रही एक स्पेशल ट्रेन से उक्त व्यक्ति गिर पड़ा। बताया जाता है कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने की बैंकर्स के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** अगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव खोता सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी बैकर्स एवं स्मॉल फाइनेंस एवं के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जिसमें अगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक ऋण समझौता पर जोर दिया गयाद्य साथ ही उन्हे ऋनियों को अधिकतम राहत देने पर जोर दिया गया। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, पी0 एनबी से अर्जुन कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, मनीष कुमार,बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के प्रबंधक राजीव रंजन चौबे सहित अनेक बैंको एवं फाईनेन्स के लोग उपस्थित रहे।

## जातीय जनगणना और भूमि सर्वे में अनियमितता को लेकर जन सुराज पार्टी ने की प्रेस वार्ता, आंदोलन का ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में जन सुराज पार्टी ने रविवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर बिहार सरकार से जातीय जनगणना और भूमि सर्वेक्षण में अनियमितताओं को लेकर तीखे सवाल दागे। पार्टी ने चेताया कि यदि जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की गई, तो बड़े आंदोलन की राह अख्तियार की जाएगी। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 21 अप्रैल को पटना में जातीय जनगणना रिपोर्ट से जुड़े सरकारी घोषणाओं और भूमि सर्वे की खामियों पर सवाल उठाते हुए सरकार को चेतावनी दी थी। उन्होंने ऐलान किया था कि 11 जुलाई को एक




करोड़ लोगों के हस्ताक्षर के साथ मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि फिर भी सरकार ने सुध नहीं ली, तो विधानसभा के अंतिम सत्र का घेराव किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जन सुराज के पूर्वी चंपारण जिला अध्यक्ष राम शरण यादव ने कहा कि बिहार में 7 नवंबर 2023 को विधानसभा में जातीय जनगणना के आंकड़े प्रस्तुत किए गए थे। 22 नवंबर को सरकार ने इन आंकड़ों के आधार पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थीं, परंतु वे घोषणाएं अब तक धरातल पर लागू नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि जन सुराज अब पूरे राज्य में आंदोलन का बिगुल फूंकेगा और जातीय जनगणना व भूमि सर्वे के नाम पर हो रही अनियमितताओं के खिलाफ जन-जन को जागरूक करेगा।

## टूटे बिजली तार की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काको (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड अंतर्गत नोनही मठ गांव के बाहर खेत में शौच के लिए गए एक युवक की सोमवार सुबह करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद से गांव में मातम और आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नोनही मठ निवासी युवक प्रत्येक दिन की भांति सोमवार को भी सुबह खेत की ओर गया था। खेत के समीप लगे ट्रांसफॉर्मर के पास 11,000 वोल्ट का बिजली का तार पहले से टूटा पड़ा था। टूटे तार में विद्युत धारा प्रवाहित हो रही थी, लेकिन तार के टूटने की सूचना विभाग तक नहीं पहुंच पाई थी। शौच के दौरान युवक अनजाने में उस तार के संपर्क में आ गया। जिसके बाद तेज करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी । हादसे के बाद ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। अगर समय रहते टूटी तार की मरम्मत कर दी गई होती या चेतावनी चिन्ह लगाए जाते, तो युवक की जान बचाई जा सकती थी।

## विधायक शालिनी मिश्रा ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)।** सपने देखे तो सफलता जरूर मिलती है। बच्चे देश के भविष्य हैं। यह बातें केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा ने उत्क्रमित माध्यमिक +2 विद्यालय घुसियार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। विधायक ने प्रखण्ड के छह पंचायतों के +2 माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित समारोह में 2025 में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों और छात्राओं को मेडल, अंग वस्त्र, कलम और किताब देकर सम्मानित किया। विधायक ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगली बार और अधिक अंक प्राप्त करके



अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानों से यह भी कहा कि विद्यालय में प्रतिदिन समाचार पत्र उपलब्ध कराया जाए और प्रार्थना सभा के बाद पांच-पांच बच्चों से समाचार की हेडलाइन पढ़वाइ जाएं। इससे बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ेगा और उनका विकास होगा। समारोह की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं यस्मिन खातून, संजना कुमारी और मानसी कुमारी के स्वागत गीत से हुई। इसके बाद विद्यालय के प्रतिनिधियों ने विधायक को पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक ने छात्रों मयंक कुमार पांडेय, मौषम कुमारी, कुंदन कुमार, सुनील कुमार समेत दर्जनों छात्रों को सम्मानित किया।

# देवी मंदिर स्थापना दिवस पर निकली जलभरी यात्रा, भाजपा सांसद हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी/भोजपुर।** गड़हनी प्रखण्ड के लभुआनी गांव में मां सिधेश्वरी शक्तिपीठ धाम से देवी मंदिर स्थापना दिवस पर सोमवार के सुबह विशाल जलभरी यात्रा निकली। यात्रा में प्रखंड के कई गांवो से श्रद्धालु शामिल हुए थे। महिला, पुरुष व बच्चों ने रंग बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर सिर पर कलश लेकर जय श्रीराम, सिधेश्वरी शक्तिपीठ धाम की जयकारे लगाते जा रहे थे। यात्रा में हाथी, घोड़ा व बैंड बाजा भी दिखा। कलश यात्रा मां सिधेश्वरी शक्तिपीठ धाम लभुआनी से निकलकर बगवां, नहसी, सहंगी मोड़ होते हुए पयहारी आश्रम के पास बनास नदी में जाकर वैदिक मंत्रोच्चार के



साथ जलभरी की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जलभर कर श्रद्धालु पुनः लभुआनी मंदिर के पास पहुंचा व कलश रख पूजा पाठ शुरु हुआ। पूजा पाठ के साथ ही लभुआनी महोत्सव सह श्री राम कथा शुरू हो जाएगा जो 3 मई तक ये महोत्सव चलेगा। इस यात्रा में भाजपा के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, गुड्डू सिंह बबुआन के साथ साथ कई नेता भी उपस्थित हुए। 29 अपैल से शाम में 4 बजे से 8 बजे तक राम कथा व रात 8 बजे से कई कलाकारों के द्वारा देवी जागरण होगा। 29 अपैल को देवी जागरण में गायक अक्षरा सिंह, अनुपमा यादव, राकेश मिश्रा, हेमा पाण्डेय व आलोक कुमार, 30 अप्रैल को इशरत जहां व 1 अप्रैल को भोजपुरी के कोकिला कहे जाने वाली कल्पना पटवारी व अलका सिंह पहाड़िया के द्वारा देवी जागरण किया जाएगा। देवी जागरण को ले आंधी पानी को देखते हुए वाटर प्रूफ बड़ा पंडाल बनाया गया है वही 3 मई को सुबह हवन, पूजा- पाठ के बाद विशाल भंडारा रखा गया है, भंडारा में आये सभी अतिथियों व साधु संतों को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। मंदिर स्थापना के अवसर पर बिहार के राज्यपाल सहित बिहार व झारखंड के कई मंत्री व नेता आये थे। इस स्थापना दिवस पर भी उम्मीद है कि 2 मई को बिहार के राज्यपाल को आने की सूचना है। साथ मे बिहार व झारखंड के भी कई मंत्री व नेता व आगमन होने वाला है।

# महिलाएं परिवार की नींव, उनकी शक्ति व समर्पण से समाज का होता है निर्माण: सोनाली सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा/भोजपुर।** बड़हरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंदा गांव में सोमवार को समाजसेवी सोनाली सिंह के द्वारा सैकड़ों महिलाओं के बीच महिला संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं के द्वारा सोनाली सिंह को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। महिला संवाद में करीब दो से ढाई सौ महिलाएं शामिल हुई थी। अपने चहेते नेता से अपना दुःख दर्द को साझा किया। सोनाली सिंह ने कहा कि आज मुझे बहुत खुशी हुई कि क्षेत्र की महिलाओं ने महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर रु-ब-रु हुई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने



वाली अधिकांश महिलाएं चाहती हैं कि उनके गांव में बेहतर स्कूल, स्वास्थ्य सेवाएं, बच्चों के लिए खेल मैदान, कॉलेज, रोजी-रोजगार के लिए स्थानीय स्तर पर उद्योग-धंधे का विकास हो। ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। वे चाहती हैं कि राज्य के उन्नति में महिलाओं की भागीदारी बढ़चढ़ कर हो। इसके लिए नई नीतियों में महिलाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। महिलाएं हर परिवार की एक नींव होती है। उनके शक्ति और समर्पण से समाज का निर्माण होता है। वही सोनाली सिंह के द्वारा बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कार्यकाल में किया हुआ विकास के बारे में भी महिलाओं से बताया गया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से माननीय तेजस्वी यादव जी के द्वारा युवाओं को नौकरी देकर रोजगार दिया गया। उनके शासनकाल में महिलाओं को उचित स्तर पर सम्मान भी दिया गया है। ऐसे में मैं आप लोगों के बीच आई हूं और आप सभी का आशीर्वाद का अपेक्षा करती हूं।

# आवास सूची में नाम जोड़ने को लेकर मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में आवास योजना में नाम जोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया। वार्ड सदस्य मो0 साजिद और गांव के ही मो0 एहसान के बीच मारपीट हुई, जिसमें दोनों घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज में कराया गया। घटना के बाद मो0 एहसान ने वार्ड सदस्य मो0 साजिद के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में मो0 एहसान ने आरोप लगाया कि गांव में आवास सहायक नाम जोड़ने के कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान जब उन्होंने अपना नाम जोड़ने की बात कही तो वार्ड सदस्य ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि तुम्हारा नाम नहीं जोड़ा जाएगा और हाथ से प्रहार कर उन्हें घायल कर दिया। आरोप है कि इसके बाद भी लात-घूंसों से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष से वार्ड सदस्य मो0 साजिद ने भी मो0 एहसान उर्फ सेठी, मो0 इमरान और मो0 इरफान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, नाम जोड़ने के कार्य के दौरान मो0 एहसान ने दबाव बनाते हुए कहा कि पहले उनका नाम जोड़ा जाए, अन्यथा किसी का नाम नहीं जुड़ेगा। इसी दौरान गाली-गलौज करते हुए धमकी दी गई इसके बाद मो0 एहसान, मो0 इमरान और मो0 इरफान ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी, जिससे वार्ड सदस्य को जान बचाकर भागना पड़ा। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# हरिपुर में लाल बहादुर शास्त्री की श्रद्धांजलि सभा

**आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शास्त्री महिला प्रशिक्षण केंद्र के बैनर तले, शास्त्री स्मृति भवन हरिपुर में सामाजिक, राजनीतिक, खेल कूद, नाटक, फिल्म, धारावाहिकों सहित हरदिल लाल बहादुर शास्त्री का चौथा स्मृति श्रद्धांजलि सभा किया गया साथ ही कश्मीर के पहलगांव में 28 सैलानियों के प्रति श्रद्धांजलि सह शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीपी चक्रवर्ती व संचालन उमेश कुमार सुमन ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र से सामाजिक-राजनीतिक खेल नाटक फिल्म, महिलाओ को जागृत करने वाले संस्थान के व्यक्ति भी शामिल हुए। वक्ताओं ने शास्त्री जी के कृतित्व, व्यक्तित्व, और लोकप्रियता को विस्तार से अपने संबोधन में कहा गया। कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्री जी के धर्म पत्नी धर्म शीला जी और अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शास्त्री जी के तैलीय चित्र पर माला और पुष्पअर्पित किया गया।

# सेमरा हत्याकांड के दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा/भोजपुर।** सेमरा दोहरे हत्याकांड के दो नामजद आरोपित को पुलिस ने केशोपुर गांव के समीप से सोमवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बबुरा थाना क्षेत्र के बिंदगांवा गांव निवासी हरेंद्र सिंह के पुत्र अमित कुमार सिंह उर्फ अभिनव कुमार व मनीष कुमार है। पुलिस को फरार आरोपितों की फरवरी 2025 से तलाश थी। गौरतलब हो कि बड़हरा प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के सेमरा बांध पर



एक लीटर दूध के विवाद में 16 फरवरी 2025 की सुबह दो पक्षों के एक एक व्यक्ति हत्या की घटना घटित हुई थी। एक पक्ष के सेमरा निवासी धर्मेंद्र राय और दूसरे पक्ष के बिंदगांवा निवासी प्रेम सिंह उर्फ बड़े सिंह की हत्या हुई थी। जिसमें तीन एफआइआर दर्ज हुआ था। जहां 21 नामजद, 30-40 अज्ञात को आरोपित बनाया गया था। बड़हरा पुलिस द्वारा अभी तक दोनो पक्षो के सात नामजद एंव दो अज्ञात को गिरफ्तार किया गया वही पूर्व में पुलिस हत्या के आरोपित जितेंद्र सिंह को झारखंड राज्य के धनबाद से गिरफ्तार कर लिया था।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह रोकथाम की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत दीप ज्योति कल्याण संस्थान ने सोमवार को हयात होटल में प्रेस वार्ता आयोजित कर महत्वपूर्ण पहल की जानकारी दी। संगठन के निदेशक बालकिशोर छतर ने बताया कि विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं से मिला सहयोग अभिभूत करने वाला है। इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने देने का संकल्प लिया गया है।




बालकिशोर छतर ने कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा के लिए देश के सबसे बड़े नागरिक नेटवर्क 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) के सहयोगी संगठन के रूप में दीप ज्योति कल्याण संस्थान जिले में सक्रिय है। शादी-ब्याह के इस मौसम में बाल विवाह रोकथाम को लेकर विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान व्यापक सफलता की ओर बढ़ रहा है। सभी धर्मगुरुओं ने इस अभियान का समर्थन करते हुए बाल विवाह रोकने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह किसी भी धर्मगुरु की सहभागिता के बिना संभव नहीं है। ऐसे में पुरोहित, मौलवी, पादरी आदि को अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया गया, जिसका सकारात्मक असर दिखने लगा है। अब जिले के तमाम मंदिरों और मस्जिदों के बाहर ऐसे बोर्ड लगाए गए हैं जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। उल्लेखनीय है कि ख्टए 2030 तक देश को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' अभियान चला रहा है। औरंगाबाद जिले में अब तक 315 बाल विवाह रुकवाए जा चुके हैं। यह अभियान ख्टए के संस्थापक भुवन ऋभु की पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन – द टिपिंग प्वाइंट टू एंड चाइल्ड मैरिज में सुझाई गई समग्र रणनीति पर आधारित है।

छतर ने कहा कि अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि 'बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006' के तहत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। इसमें सम्मिलित होने वाले बाराती, लड़की पक्ष के लोग, कैटरर, डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड-बाजा पार्टी, मैरेज हॉल संचालक, यहां तक कि विवाह कराने वाले पंडित और मौलवी भी अपराधी माने जाएंगे। दोषी पाए जाने पर दो साल की सजा और जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम उम्र की बच्ची के साथ विवाह करना 'पॉक्सो एक्ट' के तहत बलात्कार की श्रेणी में आता है। इसलिए धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका शानदार परिणाम सामने आया है। अब पंडित और मौलवी स्वयं आगे आकर बाल विवाह रोकने की शपथ ले रहे हैं।

दीप ज्योति कल्याण संस्थान के इस कार्यक्रम में पूर्व उप मुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद संजय उर्फ मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य बालकिशोर छतर, बीसीएम सनी कुमार, डीसी रितेश कुमार, शिक्षक अभय कुमार, पुजारी राजेंद्र पासवान, सुधीर कुमार, सीडब्ल्यूएस सरिता सुमन, बिंदु कुमार, जिज्ञासा कुमारी, रविंद्र कुमार, उपेंद्र दास, मुन्नी कुमारी, सुनील कुमार बर्मा, सुभाष कुमार और डीके समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के कोइलवां, चनहट सहित विभिन्न गांवों में शराबबंदी पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। इन गांवों में देसी शराब के निर्माण का गोरखधंधा वर्षों से बेरोकटोक जारी है। यदि इन इलाकों में शराब निर्माण की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए, तो हसपुरा प्रखंड में शराबबंदी को सफल बनाया जा सकता है। इसी क्रम में, गुप्त सूचना के आधार पर हसपुरा थाना पुलिस ने मध निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 80 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि शराब तस्कर मोटरसाइकिल से हसपुरा बाजार के रास्ते शराब की तस्करी कर रहे हैं। तत्परता दिखाते हुए पुलिस दल ने बाजार क्षेत्र में घेराबंदी कर दोनों युवकों को धर दबोचा।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ओ-एसी-टी-10-25-26 (ओपन), दिनांक: 25.04.2025।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: **केस संख्या: ओ-एसी-टी-10-25-26। कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के अधीन मेनलाइन से साइडिंग्स को अलग करने के लिए लाइन सीबी के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,77,73,392.18। **बयाना राशि:** ₹ 2,38,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 21.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ASN-30/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway**
**@easternrailwayheadquarter**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर।**

बिहार सरकार

Email- nkcd1975@gmail.com

**शुद्धि–पत्र (Corrigendum letter)**

सर्वसाधारण को सूचीत किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक–**183**, दिनांक–**17.03.2025** द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**02SBD/2024-25** है जिसका **PR No-22017(WRD)2024-25,** एवं पत्रांक–279, दिनांक–11.04.2025 के द्वारा द्वितीय शुद्धि–पत्र निकाला गया जिसका **PR No-001125(WRD) 2025-26,** जिसको अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है:–

| क्र० सं० | विवरणी | पूर्व में निधार्रित तिथि एवं समय | संषोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि | दिनांक –**15.04.2025** से दिनांक – **26.04.2025** के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) | दिनांक –**15.04.2025** से दिनांक – **02.05.2025** के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| 2. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक –**29.04.2025**, समय **3.30** बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) | दिनांक –**05.05.2025**, समय **3.30** बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |

**नोट:– निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वत: यथावत् रहेगी।**

**PR- 01979 ( W R D ) 2025-26**

**कार्यपालक अभियंता**
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


## एक नजर

### शराब लदी बाइक जब्त, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने रविवार की रात्रि तमसी मोड़ के समीप से शराब लदी बाइक को जब्त किया। हालांकि इस कार्यवाही में तस्कर शराब और बाइक छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि तस्कर झारखंड से शराब लेकर उक्त रास्ते से गुजर रहा था। इसी क्रम में गश्ती दल को देखते ही उसने बाइक और शराब सड़क पर छोड़ दिया और अंधेरे में भाग निकला। बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। जांच के दौरान बाइक पर लदा 140 लीटर देसी शराब बरामद हुई। संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्कर की तलाश की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज बराही पथ के फिता बिगहा के समीप एक पिकअप वैन एवं बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने रफीगंज पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसआई अवधेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और इलाज के लिए दोनों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। घायल की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी 35 वर्षीय गुलाम कादिर एवं किसी गांव के 40 वर्षीय मुन्नाउल्हा के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया बाइक सवार बराही की ओर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर धनंजय कुमार के देखरेख में दोनों का इलाज किया गया।

### लावारिस शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पुलिस ने मई घूमटी के पूर्व रेलवे पटरी दाहिने बाउंड्री के पास 50 लीटर महुआ देशी लावारिस पड़े शराब बरामद किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि उक्त स्थल पर शराब होने की सूचना मिली है। इस आधार पर एएलईएफ प्रभारी सह एएस आई मुक्तिदेव निराला के निर्देशन में टीम गठित कर छापेमारी किया गया। जिसमें एक बोरा से 10 लीटर वाला पांच पॉलिथीन बरामद किया गया। कुंल 50 लीटर महुआ देसी शराब बरामद किया गया। जिसे थाना लाकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। बरामद शराब किसका है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### औचक निरीक्षण के दौरान बन्द पाया गया हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

**गड़हनी/भोजपुर/नबिटा संवाददाता।** सीएचसी प्रभारी डॉ सुनील महेन्द्र कपूर ने अपने टीम बीसीएम प्रकाश कुमार राम व ब्लॉक एम एंड ई पंकज कुमार के साथ तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम जब दोपहर 2:15 बजे बराप एचडब्लूसी पर पहुंचे तो सेंटर बंद था वही 1:30 बजे देवपुर एचसीडब्लू पर गए तो सेंटर खुला था लेकिन



सीएचओ सुशीला कुमारी गायब थी। एएनएम के द्वारा टीकाकारण किया जा रहा था। ओपीडी चलाया जा रहा था जबकि ओपीडी सीएचओ को चलाना है वही गड़हनी एचडब्लूसी पर 2:45 बजे टीम पहुंचा तो सीएचओ सहित सभी कर्मी उपस्थित थे। एचडब्लूसी बंद व गायब सीएचओ( कम्युनिटी हेल्थ ऑफिस) व एएनएम से सीएचसी कार्यालय के द्वारा स्पस्टीकरण पूछा गया है। सभी का एक दिन का वेतन अवरुद्ध किया गया है। वही सिएचसी प्रभारी डॉ सुनील महेन्द्र कपूर ने बताया कि यदि स्पस्टीकरण संतोष जनक नही आया तो कार्रवाई की जायेगी साथ ही बताया कि कई और सेन्टर से कर्मी नही रहने का मामला संज्ञान में है बारी बारी से सभी सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–02/2025–26**

औरंगाबाद जिला अंतर्गत कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद हेतु चालक सहित भाड़े पर वाहन की आवश्यकता है।

1. उक्त वाहन को भाड़े पर चालक एवं ईंधन सहित उपलब्ध कराने हेतु सक्षम पंजीकृत फर्म/व्यक्ति से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। सर्शत कोटेशन अमान्य होगी।
2. कोटेशन जमा करने का अंतिम तिथि–13.05.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद एवं अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल गया।
3. कोटेशन खोलने की तिथि–14.05.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद एवं अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल गया।

| गाड़ी विवरणी | भाड़े की दर रूपये/प्रतिमाह (सभी करो एवं शुल्को सहित) | मात्रा |
|---|---|---|
| Scorpio or Equivalent | | 1 अदद |

**विस्तृत कोटेशन आमंत्रण सूचना वेबसाईट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देख जा सकता है।**

**PR- 02055 ( B C D ) 2025-26**

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला प्रोग्राम शाखा)**
**पालनाघर (समाहरणालय परिसर)**
E-mail- dpoicdsaurangabad@gmail.com Mobile No :- 9431005027

बिहार सरकार

**विज्ञापन संख्या–01/2025**

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/1882/23 दिनांक–09.08.2023 द्वारा **मुख्यमंत्री नारी भाक्ति योजना** के अंतर्गत पालनाघर का संचालन किया जाना है। वर्तमान में समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद में पालनाघर के संचालन हेतु विभागीय मार्गदर्शिका के कंडिका–10 एवं 11 में वर्णित प्रावधान के अनुरूप कर्मियों (श्रमबल) के चयन प्रक्रिया की जा रही है।

पालना घर के संचालन हेतु स्वीकृत श्रमबल का चयन जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद की अध्यक्षता अथवा उनके द्वारा नामित पदाधिकारी की गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के उक्त पत्र में पालनाघर के संचालन हेतु **क्रेच वर्कर** एवं **सहायक क्रेच वर्कर** का **एक–एक** पद स्वीकृत है। उक्त पद पर संविदा आधारित नियोजन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**स्वीकृत रिक्त पदों के लिए अर्हताएँ एवं नियोजन हेतु योग्यता निम्नवत् होगी :–**

| क्र0 सं0 | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता/ अर्हत्ताएं/अनुभव | मानदेय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | 01 | **शैक्षणिक योग्यता**– स्नातक उतीर्ण। **अनुभव**:–बच्चों के साथ किसी भी संस्थान /स्कूल /आँगनबाड़ी /प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव। **उम्र**– न्यूनतम–21 वर्ष, अधिकतम–40 वर्ष। | **14,730.00** प्रति माह | पद संविदा आधारित है। |
| 2. | सहायक क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | 01 | **शैक्षणिक योग्यता**–बारहवी पास अथवा इंटरमीडिएट। **अनुभव**:– बच्चों की देख–रेख संबंधित कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। **उम्र**– न्यूनतम–18 वर्ष, अधिकतम–40 वर्ष। | **11,640.00** प्रति माह | पद संविदा आधारित है। |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्न विहित प्रपत्र (PDF फॉर्मेट) में स्वअभिप्रमाणित सभी अनुलग्नकों के साथ ईमेल आई0डी0– **palnaghar.aurangabadbihar@gmail.com** पर भेज सकते है।

**आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश :–**

1. आवेदन केवल ईमेल आई0डी0 के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।
2. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– **17/05/2025** अपराह्न **5:00** बजे तक स्वीकार किया जाएगा। इस तिथि और समय के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 002032 (SWD) 2025-26

**जिला पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।**

**(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –01/औरंगाबाद/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 24.04.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की ) तिथि एवं समय :–दिनांक 15.05.2025 से 26.06.2025 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.05.2025 से 26.06.2025 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :– दिनांक–27.06.2025 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :–(i) दिनांक 02.05.2025 को अपराहन 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना के कार्यालय कक्ष। (ii) दिनांक–30.04.2025 को अपराहन 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया के कार्यालय कक्ष में।
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (i) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय। (ii) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। (iii) मुख्य अभियंता(द0) भवन निमार्ण विभाग पटना कार्यालय।
10. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन
11. कार्य विवरणी:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड अंतर्गत 720 आसन वाले डा0 भीमराव अम्बेदकर 10 + 2 आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निषमन, फर्निचर कार्य एवं 5 वर्षीय अनुरक्षण एवं मरम्मति सहित) | 4607.97 | 56,08,000/- | 10,000.00 | As per website | 18 माह |

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**PR- 02056 ( B C D ) 2025-26**

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

# 'आपका शहर, आपकी बात' कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं पर संवाद

## चार दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढी।** नगर परिषद मसौढ़ी के नवगठित आठ वार्डो में बीते 24 अप्रैल से चल रहे आपकी शहर आपकी बात कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गई ,जहां अंतिम दिन वार्ड नंबर 33 और वार्ड नंबर 34 स्थित सामुदायिक भवन बरनी और खेल मैदान बरनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस मौके पर वार्ड पार्षद रेणु देवी, वार्ड पार्षद वीरेन कुमार के अलावा प्लानिंग पर्यवेक्षक श्वेता कुमारी,जेईई मोहीत कुमार, के साथ नगर परिषद के कई कर्मी मौजूद रहे। संवाद कार्यक्रम में




नागरिकों ने नाला निर्माण, जल निकासी, सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन एवं-जल योजना की अधूरी आपूर्ति, बिजली संकट, प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित लाभार्थियों की समस्याएं, तथा जलजमाव जैसी प्रमुख समस्याएं उठाईं। क्षेत्रों से नाला एवं गली-नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सड़क चौड़ीकरण जैसी मांगें सामने आईं।इसके अतिरिक्त, गर्मी को देखते हुए पेयजल संकट, अधूरी नल-जल पाइपलाइन कार्य का मुद्दा भी उठाया गया। अमीन रामाधार यादव ने बताया की सभी समस्याओं की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर, आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पारित कर उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

# उचक्कों ने उड़ाई रिटायर्ड शिक्षक के पेंशन की राशि

## बातों में उलझाकर साइकिल में रखा झोला निकाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** नगर बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से पेंशन की राशि निकलकर साइकिल से घर जा रहे पूर्व शिक्षक से बाइक सवार उच्चकों ने 36000 हजार रुपए ले उड़े। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खपुरा गांव निवासी राम नरेश शर्मा सेवा निवृत शिक्षक भारतीय स्टेट बैंक पालीगंज शाखा से सोमवार को अपनी पेंशन की 36000 हजार रुपए निकालकर झोला में रुपया डालकर साइकिल से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह हाईस्कूल फल मंडी के पास पहुंचे की एक बाइक पर सवार दो युवकों ने उनकी साइकिल में पीछे से धक्का मारा जिस पर शिक्षक ने उसे ठीक

### पुलिस कर रही जांच

से साइकिल चलाने की नसीहत देते हुए अपने घर की ओर चल दिए। राम नरेश शर्मा ने सतीश खत्री के घर के पास पहुंचे ही थे कि वह बाइक सवार दोनों युवक ने पीछे से उनकी साइकिल में फिर से धक्का मार दिया और एक ने उनको बातों में उलझाकर साइकिल के हैंडल में झोला में लपेटकर रखे रुपए को ब्लेड मारकर निकलकर खत्री मोहल्ला की ओर भाग निकला। रामनेश शर्मा ने घटना की लिखित शिकायत पालीगंज थाने में की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की ओर से प्राप्त आवेदन के आधार पर जांच किया जा रहा है।

# नव निर्वाचित 20 सूत्री अध्यक्षों को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददात

**बाढ़।** नगर के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार के आवास पर पूर्व उपाध्यक्ष संजीव कुमार मुन्ना के संयोजन से बाढ़ विधानसभा के 20 सूत्री की तमाम अधिकारियों को भव्य स्वागत एवं अंग वस्त्र से सम्मानित सह भोज किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर सियाराम सिंह, सदस्य अनंत कुमार, उपाध्यक्ष रामकुमार शर्मा, बाढ़ प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार, बेलछी प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र राजा, अथमलगोला प्रखंड अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह मंटू, सदस्य संगीता कुमारी, नीतू चौहान, बबीता कुमारी, संतोष कुमार मृत्युंजय कुमार सिंह अंजेश राज, पूर्णेन्दु कुमार, सहदेव पासवान एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद है।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या

## हत्या के बाद आरोपित पति फरार, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** बेउर थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी सिपारा इलाके में अवैध संबंध के शक में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां किराए के मकान में रहने वाले रवि रंजन सिंह ने अपनी पत्नी सीता देवी की गला दबाकर और बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना दिन में हुई लेकिन रात में जानकारी दी गई. पुलिस को घटना के बारे में परिवार के लोगों ने काफी देर से सूचना दी। जानकारी के अनुसार रवि रंजन सिंह अपने परिवार के साथ पटना के सिपारा स्थित इंद्रपुरी इलाके में किराए के मकान में रहता था। उसके साथ उसकी पत्नी सीता देवी, पुत्र राकेश सिंह और राकेश का मौसेरा भाई विक्की भी रहते थे। राकेश सिंह विद्युत विभाग में काम करता है। बताया जाता है कि रवि रंजन सिंह को काफी समय से अपनी पत्नी सीता देवी के चरित्र पर संदेह था। इसी शक को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े और मारपीट होती रहती थी। रविवार को एक बार फिर दोनों के बीच जबरदस्त विवाद हुआ। उस समय घर में राकेश और विक्की मौजूद नहीं थे। अकेला पाकर आरोपी रवि रंजन सिंह ने पहले पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। रवि रंजन ने पत्नी को पहले जम कर पिटाई करते हुए चेहरा कुच डाला और फिर गला दबा कर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह शव को घर में छोड़ बाहर से ताला लगा कर फरार हो गया। इसी बीच विक्की जब घर आया तो देखा कि ताला बंद और सीता देवी का मोबाईल भी बंद तब उससे शंका हुई और उसने राकेश को इसकी सूचना दी। राकेश घर पहुंचा तब समझ गया कि कुछ अनाहोनी हो गई। उसने बेउर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और ताला तोड़ घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि सीता देवी का शव पड़ा हुआ है। इस संबंध में पुत्र राकेश ने पिता के खिलाफ अवैध संबंध के शक में मां की हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद आरोपी ने बेसिन में हाथ धोया। खून से सना कपड़ा बाथरूम में छोड़ दिया। दूसरा कपड़ा पहनकर लाश को कमरे में बंद कर वह फरार हो गया। पड़ोसियों का कहना है कि उन्होंने पति-पत्नी के बीच झगड़े की आवाजें जरूर सुनी थीं। लेकिन चूंकि दोनों में आए दिन झगड़ा होता था, इसलिए किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। किसी को अंदेशा नहीं था कि झगड़े की नौबत हत्या तक पहुंच जाएगी। पुलिस का यह मानना है कि अगर पड़ोसी जरा सा संजीदा और सजग रहते तो सीता देवी को बचाया जा सकता था। थानाध्यक्ष बेउर अमरेंद्र कुमार साह ने बताया कि सबसे पहले मृतका की बहन का बेटा विक्की घर पहुंचा था। दरवाजा नहीं खुलने पर उसने काफी देर तक कोशिश की। इसके बाद विक्की ने राकेश को सूचना दी। फिर बेउर थाना को खबर दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के बारे में छानबीन में पता चला है कि परिवार के लोगों ने पुलिस को कई घंटे बाद सूचना दी। बहरहाल पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर एफएसएल टीम को बुलाया साक्ष्य जुटाए गए। बेसिन और कपड़े में लगे खून का निरीक्षण किया गया। पूछताछ में राकेश और विक्की ने बताया कि रवि रंजन सिंह को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। राकेश ने कई बार पिता को समझाया था कि मां पर शक करना गलत है। लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ा रहा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# 'कार्य जीवन संतुलन' विषय पर वेबिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** पटना मैनेजमेंट एसोसिएशन ने बिहार राज्य उत्पादकता परिषद के सहयोग से 'कार्य-जीवन संतुलन' विषय पर 27 अप्रैल 2025 को एक वेबिनार का आयोजन किया।

मुख्य वक्ता आईआईएम नागपुर के प्रोफ़ेसर और सीजीसीएस के अध्यक्ष, पूर्व आईएएस डॉ. ए. के. रथ रहे। डॉ।. रथ ने कार्य, नींद और आराम के लिए 8-8 घंटे का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया और कार्यस्थलों में बढ़ती जहरीली उर्जा




पर चिंता जताई। उन्होंने आध्यात्मिक भागफल को विकसित करने और भारतीय दर्शन की अंतरात्मा की आवाज सुनने का सुझाव दिया। दूसरे प्रमुख वक्ता आईसीएआर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष उपाध्याय रहे। डॉ. उपाध्याय ने जीवन में आस्था, परिवार, दोस्तों, वित्त, फिटनेस और भविष्य जैसे छह नियमों के संतुलन की बात कही। वेबिनार का परिचय और समन्वय पीएमए के अध्यक्ष एडवोकेट बी के सिन्हा ने किया।

उन्होंने कार्य-जीवन संतुलन में आधुनिक दिक्कतों जैसे लंबे कार्य घंटे और लगातार तकनीकी संपर्क की समस्याओं पर प्रकाश डाला।

प्राख्यात अंग्रेजी प्रो. अनिल के प्रसाद ने सुबह जल्दी उठने और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का महत्व बताया। इस अवसर पर पीएमए के सचिव मणि किशोर दास, डॉ ए के वर्मा, जमशेदपुर से प्रो चंद्रेश्वर खान और रांची से वरिष्ठ प्रबंधक नागेश झा ने भी विचार व्यक्त किए।

# एससी-एसटी एक्ट मामले में पांच वर्षों से फरार अभियुक्त के घर साटा गया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के लखनपार गांव स्थित अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण एक्ट में पांच सालों से फरार मयंक पांडेय, पिता स्वर्गीय धीरेंद्र पांडेय के घर पर इश्तिहार साटा गया। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि अकौना पंचायत चुनाव के दौरान मुखिया प्रत्याशी राज किशोर रविदास पिता शिव प्रकाश मोची नीमा बैसा गांव के निवासी हैं। पंचायत चुनाव के दौरान इन्हें चुनाव जीतने के दौरान जान से मारने की धमकी और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें मयंक पांडे समेत अन्य लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई थी, जिसमें पुनपुन थाना कांड संख्या 282/ 21 के दौरान सुसंगत धाराओं में केस किया गया था, इसी मामले में फरार अभियुक्त के घर पर पुनपुन पुलिस मयंक पांडे के घर पर इश्तेहार साट कर जल्द से जल्द सरेंडर करने की चेतावनी दी है।

# छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला, दो एएसआई जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**बाढ़।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढीबर गांव में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने गई पुलिस टीम पर हमला किया गया। इस दौरान दो पुलिस पदाधिकारी जख्मी हो गये जिनका अस्पताल में इलाज कराया गया। कई घंटे तक हंगामा मचा रहा।शनिवार की रात को ढीवर गांव निवासी फरार अभियुक्त शिवम कुमार, शुभम कुमार और पवन सिंह को गिरफ्तार करने के लिए एस ड्राइव अभियान के तहत पुलिस टीम पहुंची थी। घेराबंदी के दौरान मौके पर आरोपियों के समर्थन में हिमांशु कुमार पिता रामनिवास सिंह आ पहुंचा और पुलिस टीम के साथ भिड़ गया। इस दौरान छापेमारी अभियान को रोकने की कोशिश की गई। हाथापाई के दौरान सहायक अवर निरीक्षक शांतनु कुमार सिंह और रवि कुमार सिंह चोटिल हो गए। हंगामा के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। इसी दौरान पुलिस टीम को चकमा देकर आरोपी भाग निकला। वही तीनों अभियुक्त भी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके। दूसरी तरफ एनटीपीसी थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि इस मामले को लेकर थाने में हिमांशु कुमार पर केस दर्ज किया गया है। इसमें सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और पुलिस कर्मियों को जख्मी करने का आरोप लगाया गया है। हिमांशु की तलाश की जा रही है।

# आज फुलवारीशरीफ पहुंचेगा कर्पूरी रथ, कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**फुलवारीशरीफ।** फुलवारी (सु) विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फुलवारी शरीफ प्रखंड कार्यालय के सामने जदयू कार्यालय में फुलवारी शरीफ प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व मंत्री सह जदयू राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. बैठक मे 29 अप्रैल 2025 को फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र के फुलवारी शरीफ प्रखंड में जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के कर्पूरी रथ के भ्रमण और स्वागत कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि सुबह 11 बजे से बल्लमीचक मोड़, ब्रह्मपुर बाजार, चिल्लबिली मोड़, गंजपर, हिन्दुनी, बभनपुरा




मोड़, जानीपुर पुल के पास तथा दोपहर 2 बजे अधपा में कर्पूरी रथ का भव्य स्वागत और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्याम रजक ने फुलवारी शरीफ प्रखंड के सभी जदयू कार्यकर्ताओं और अति पिछड़ा प्रकोष्ठ कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कर्पूरी रथ का स्वागत करें और भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाएं। पूर्व मंत्री ने कहा कि कर्पूरी रथ का पूरे राज्य स्तर पर भ्रमण हो रहा है जिसका उद्देश्य बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हर क्षेत्र में किये जा रहे विकास को जन जन पहुंचाना एवं विशेषकर अति पिछड़ा समाज के उत्थान विकास के लिए जो सरकार ने कार्य किए हैं उन्हें उनसे अवगत कराना है। उनके लिए समाज के लिए जो सरकारी योजनाएं चला रहे हैं उनका लाभ उठाने के लिए समाज को जागरूक करना है।

# बढ़ती गर्मी को लेकर राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए नगर परिषद ने 13 जगहों पर लगाए प्याऊ सेंटर

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी।** नगर परिषद प्रशासन की ओर से बढ़ते गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं आम नागरिकों के लिए कुल 13 जगहों पर प्याऊ सेंटर की व्यवस्था की है ताकि आमजन को गर्मी में उसकी प्यास बुझाई जा सके। कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार प्रत्येक साल बढते गर्मी को देखते हुए नगर परिषद की ओर से प्याऊ सेंटर लगाए जाते हैं। ऐसे में मसूरी नगर परिषद के अंतर्गत अनुमंडल चौराहा, कोर्ट परिसर, नगर परिषद कार्यालय, ब्लॉक के पास, तारेगना स्टेशन,रेलवे गुमटी के दोनों तरफ, स्टेट बैंक के पास, मसौढ़ी थाना, संगत पर कर्पूरी चौक, कोरियावां मोड, मणीचक के पास में ब्याव सेंटर बनाए गए हैं वहीं रामाधार कुमार यादव ने बताया कि सुबह 8:00 बजे जितने भी प्याए सेंटर हैं वहां पर तीन जार का बोतल रखा जाता है फिर उसके बाद शाम को 3:00 बजे पानी की व्यवस्था की जाती हैं। सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक दिन सुबह में शीतल पेयजल और गलास पीने की व्यवस्था की जाएगी ताकि आम नागरीको की प्यास बुझाई जा सके।

## दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय के विमर्श कक्ष में दिव्यांगता जांच सह प्रमाण पत्र निर्माण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के 25 दिव्यांग जनों की जांच की गई। इसमें 10 अस्थि दिव्यांग, 08 मूक, बधिर तथा 07 अन्य दिव्यांग जन शामिल थे। इसके लिए दिव्यांग एवं अभिभावकों की भीड़ देखी गई। इसमें आर्थो डा शिवम आनंद, जेनरल फिजिशियन डा सोना कुमार, डा नीतिन कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, सीएचओ रविशंकर, डाटा आपरेटर पंकज प्रसाद सिंह, विकास मित्र अर्जुन रजक, सदानंद भारती आदि मौजूद थे।

# रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान 11 घरों को तोड़ने का आदेश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के पूर्वी छोर पहुंच पथ के निर्माण कार्य के दौरान आने वाले 11 घरों को तोड़ने का जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। ऐसे में अंचलाधिकारी के द्वारा सभी चिन्हित घरों का रेखांकित किया जा रहा है। दरअसल वरीय परियोजना अभियन्ता कार्य प्रमण्डल के सूचना पर तारेगना यार्ड स्थित LC No.-21/A के बदले R.O.B के निर्माण पथ मौजा मे अनसर्वेड भूमि पर अवस्थित संरचना को हटाने को लेकर प्रोजेक्ट मोनेटरिंग ग्रुप के जरिए जिलाधिकारी को पत्र लिख कर कारवाई के लिए गुजारिश की गई थी जहाँ जिलाधिकारी ने 11 घरो को हटाने तथा उनकी जमाबंदी के रद्दीकरण हेतू अंचलाधिकारी, मसौढ़ी, संबंधित हल्का के राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन को निदेशित करते हुए आरेखन में पड़ने वाले संरचनाओं का स्थल निरीक्षण करने एवं इनकी जमाबंदी की रद्दीकरण करते हुए सभी घरो को हटाने हेतु निदेशित किया गया है।

## एक नजर

### वक्फ संशोधन कानून की वापसी की मांग को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले विधायक सह इंसाफ मंच के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल रविदास ने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि वक्फ संशोधन कानून को रद्द करने की मांग को लेकर आगामी 3 मई 2025 को राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों पर भाकपा माले और इंसाफ मंच के संयुक्त तत्वावधान में धरना, प्रदर्शन और जुलूस आयोजित किया जाएगा। यह आंदोलन वक्फ संपत्तियों की रक्षा तथा अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### दुष्कर्म मामले की जांच करने पहुंची माले की टीम

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के एक गांव में महादलित बच्ची के साथ ससुराल आए युवक धनंजय साहू के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की घटना की कड़ी निंदा की गई। भाकपा (माले) के फुलवारी शरीफ विधायक गोपाल रविदास ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आरोपी पर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं के तहत त्वरित मुकदमा चलाया जाए। विधायक ने सरकार से मांग की कि पीड़िता को नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा पीड़िता और उसके परिवार को समुचित सुरक्षा मुहैया कराई जाए। भाकपा (माले) की प्रखंड स्तरीय टीम, जिसमें प्रखंड सचिव गुरुदेव दास, खेत मजदूर नेता शरीफा मांझी, भोला चौधरी सहित अन्य पीड़िता से मिलने उसके गांव पहुंच गयी. टीम ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की विस्तृत जानकारी एकत्रित की तथा पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव संघर्ष का भरोसा दिलाया।

### जहर खाने से हुई महिला की मौत

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुल्हिनबाजर थाने के सेल्हौरी गांव में धर्मेंद्र दास के 36 वर्षीय पत्नी मीना देवी ने जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र दास मूलरूप से दुल्हिनबाजर के डोरवां गांव का निवासी था वह वर्तमान में सेल्हौरी गांव में रह रहा था। घटना की सूचना पाकर पहुंची दुल्हिनबाजर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया। इस संबंध में दुल्हिनबाजर पुलिस ने बताया कि मीना की मौत जहर खाने से प्रतीत हो रही है। मामले को पड़ताल की जा रही है।

### 11 बंदियों को दूसरे जेल में शिफ्ट करने की तैयारी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी जेल में 11 बंदियों को दूसरे जेल में शिफ्ट करने की तैयारी जेल प्रशासन द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसौढ़ी सिविल कोर्ट के न्यायाधीश से स्वीकृति मिल गई है, जिलाधिकारी से सहमति पत्र के लिए पत्र भेजा गया है। दरअसल बता दे की 23 अप्रैल को शाम तकरीबन 5:00 बजे के आसपास कैदी वार्ड में साफ सफाई के मुद्दे पर जेल के अंदर गौतम खंड के वार्ड संख्या दो और तीन के बंदीयों के बीच आपस में मारपीट हो गई थी, मारपीट के दौरान जमकर दोनों तरफ से मारपीट की घटना हुई, उस दौरान जेल प्रशासन ने समय रहते दोनों पक्षों को अलग कराकर उसके बाद शांति व्यवस्था बहाल कर दी है, फिलहाल स्थिति सामान्य है। लेकिन इस घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसको लेकर जेल प्रशासन ने उन सभी लड़ाई झगड़ा में चिन्हित 11 बंदीयों को दूसरे जेल में शिफ्ट करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें आशंका है कि उनके रहते फिर कहीं कोई अनहोनी ना हो, शिफ्ट करने की तैयारी जोरों पर चल रही है जिसमें 11 बंदी को रखा गया है।

### उप सरपंच का उपचुनाव संपन्न

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के बेढना पूर्वी पंचायत के उप सरपंच के द्वारा त्यागपत्र देने के साथ ही पद रिक्त हो जाने के बाद सोमवार के दिन प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री कुमारी अंजू के द्वारा विधिवत तरीके से चुनाव कराया गया। पहले तो नेटवर्क सही नहीं रहने के चलते नामांकन करने में विलंब हुई। फिर सही तरीके से रिक्त पद पर दो लोगों ने नामांकन पर्चा भरा और फिर वोटिंग कराई गई। इस दौरान नीलम देवी 7 वोट से विजय हासिल करते हुए रिक्त पद पर विराजमान हो गई।

### ऑटो को हाइवा ने मारी ठोकर

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंडारक फोरलेन के पास रविवार की देर रात एक ऑटो को हाईबा ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिसमें करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। घायल लोगों ने बताया कि वह तिलक समारोह में शामिल होने के लिए बाहर जा रहे थे तभी यह रास्ते में दुर्घटना घटी सभी घायलों को इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें 45 वर्षीय संजय राम 75 वर्षीय सुरेश राम 40 वर्षीय अजीत राम और 55 वर्षीय शिबू राम सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए सभी घायल लखीसराय जिले के रहने वाले थे।

### डंपर ने बिजली पोल तोड़ा, आपूर्ति बाधित

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहरी राणाबीघा मोड़ के पास बेलगाम डंपर ने बिजली पोल को धक्का मार कर तोड़ दिया। इस दुर्घटना में विभाग ने चालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। वहीं दूसरी तरफ कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

### छात्रा ने की आत्महत्या

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के भटगांव रोड में इंटर की छात्रा ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर सोमवार की दोपहर आत्महत्या कर ली। एक दिन पूर्व ही छात्रा अपने ननिहाल से आई थी। सोमवार की दोपहर को जब उसके कमरे का किवाड़ नहीं खुला तो परिजन छात्रा को देखने के लिए पहुंचे। छात्रा शेखपुरा जिले की रहने वाली थी। परिजन घटना की सूचना देने बाढ़ थाने पहुंचे तो काफी विलंब के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। इसके बाद 112 नंबर डायल पर सूचना दी गई तब जाकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। दूसरी तरफ शव को 7 घंटे से कमरे में एफएसएल टीम के आने के इंतजार में रखा गया है। इसके बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जाएगी। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### मशाल प्रतियोगिता का समापन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के अपग्रेडेड़ 2 स्कूल चकमुजफ्फर में मशाल प्रतियोगिता के समापन के उपरांत सफल प्रतिभागियों का सम्मान सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। अध्यक्षता प्रभारी एच एम इंदु कुमारी तथा संचालन कन्हैया कुमार ने किया। श्री कुमार ने कहा कि बच्चों में खेल के प्रति छिपी प्रतिभा निखारना ही इस आयोजन का मकसद है। इसके माध्यम से बच्चे अनेक क्षेत्र में प्रगति कर अपनी मंजिल पा सकते हैं। इसमें सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला आफजाई किया गया। सम्मानित होने वाले में फूटबाल प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी मो अब्दुल्ला, मो हुफैन,सुभाष, जीशम,पीयूष, बालिका वर्ग के साइकिल रेस में अमृता, पूनम, निशा, अंशु, सुचिता, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता की खुशबू, जिया, गुंजन, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सुरूचि, अन्नु, रीतिका, लंबी कूद की अतीफा, लक्ष्मी, इरफाना, बांलीबाल में मिलन कोशिश, मो मुसैदी, राजेश, जुनैब, रेहान, कबड्डी के सन्नी रोज, रवि राज, रंजन, आर्यन, प्रिंस, छोटू, आदर्श आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आंतकी हमले में शहीदों को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को पत्रकारों की ओर से श्रद्धांजलि दी गयी। रविवार की शाम पत्रकारों की टोली शहर के शहीद स्मारक परिसर में पहुंचा। जहां शहीदों के याद में पौधारोपण किया गया। वहीं दो मीनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। पत्रकारों की ओर से शहीदों को नमन करते हुए शहीद पर्यटको श्रद्धांजलि देते हुए मोमबती भी जलाया गया। मौके पर मौजूद पत्रकारों ने पहलगाम में हुए हमले पर आक्रोश जताया। पत्रकारों ने कहा कि हम कलमकार होने के साथ हीं एक भारतीय है। मानवीय संवेदना हममें भी है। पत्रकारों ने केंद्र सरकार से दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की। मौके पर मोहन प्रसाद सिंह, सुनील दत द्विवेदी, विकास बिहारी सिंह,सुधीर कुमार, गणेश वर्मा, कृष्ण कांत मिश्र, मधुकर मिश्र, अनुिसल वरा, एम शकिल, श्रीनिवास गौतम, करुणेश केशव, मणिकांत मिश्र, गौरव वर्मा, संदेश कुमार तिवारी, पवन कुमार पाठक, सोनू भारद्वाज, हरिकेश तिवारी, एस के राव, दुर्गादत पाठक, दीवाकर राय, प्रशांत सौरभ समेत अन्य भी मौजूद रहे।



### भूमि सर्वे के मुद्दे पर आंदोलन की चेतावनी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन सुराज पार्टी की पश्चिम चंपारण जिला इकाई ने नीतीश सरकार से जातीय जनगणना और भूमि सर्वे के संबंध में कई सवाल पूछे हैं और जवाब नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्टी के जिलाध्यक्ष एजाज हुसैन ने कहा है कि जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पहले ही पटना में प्रेस वार्ता कर सरकार से गंभीर सवाल पूछे थे और 11 जुलाई को एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर के साथ ज्ञापन देने की बात कही थी। जन सुराज के जिला अध्यक्ष एजाज हुसैन ने कहा कि जातीय जनगणना के आंकड़े विधानसभा में रखे गए थे और सरकार ने कुछ घोषणाएं की थीं, लेकिन उन पर अमल नहीं हुआ। पार्टी ने सरकार से जवाब मांगने और आंदोलन करने का फैसला किया है। अगर सरकार गंभीरता नहीं दिखाती है तो विधानसभा के अंतिम सत्र का घेराव किया जाएगा। मौके पर पार्टी के महासचिव सचिंद्र कुमार पांडेय, जिलाप्रभारी विकास सिंह, प्रदेश अभियान समिति के प्रभारी कुंदन कुमारपांडेय, युवा जिलाध्यक्ष राजकिशोर चौधरी, रविंद्र सिंह बौद्ध आदि भी मौजूद रहे।

### महिला संवाद का हुआ आयोजन

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के मैनाटांड पंचायत के संतपूर परसौनी गांव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीसी अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जीविका दीदी की भागीदारी ही महिला संवाद का सफल आयोजन है। हर दिन महिला संवाद में जीविका दीदी की भागीदारी और आकांक्षा वास्तव में परिवर्तन का भरोसा दिख रहा है। इधर सरकार द्वारा चलायें जा रहे महत्वकांक्षी योजनाओं को उसका विस्तार पूर्वक जनकारी महिला संवाद रथ में लगे एलईडी,टीबी भान के माध्यम से ग्राम संगठन स्तर पर दिया गया। मौकै पर सीसी अनिल कुमार बीके खुशबू कुमारी सीएफ राजीव कुमार श्रीवास्तव बैंक मित्रा निलम देवी, सीएम सीमा देवी आदि उपस्थित रहें।



### ट्रैक्टर की टक्कर से टोटो चालक की मौत

**एकमा/मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के गंजपर गांव के समीप मांझी-बरौली मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा (टोटो) में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टोटो चालक और उसमें सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के बरेजा गांव निवासीगण टोटो चालक शौकत अली (24) तथा सवारी सुशीला देवी (60) के रूप में हुई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान शौकत अली की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### आपसी विवाद व सड़क हादसों में 12 लोग घायल

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा व रसूलपुर थाना क्षेत्रों में अलग-अलग घटनाओं में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। एकमा थाना क्षेत्र के छित्रवलिया गांव निवासी राहुल कुमार, पिंटू कुमार महतो तथा एकमा गांव की बिंदू देवी एवं उनके पुत्र राजू कुमार आपसी विवाद के दौरान मारपीट में घायल हो गए। वहीं रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठा गांव निवासी अनिल यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। अलग-अलग जगह से सभी लगभग एक दर्जन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उचित सलाह दी। इस संबंध में घायलों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई है। मामले में पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### नगर पंचायत की बैठक आयोजित

**गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत की बैठक नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में सोमवार को मुख्य पार्षद राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक आरंभ करते हुये मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ललित कुमार झा ने सदस्य से कहा कि प्रस्तावित प्रस्ताव पर अपना अपना मंतव्य रखें। बैठक में लाये गये कुल नौ प्रस्तावो/विन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा प्रत्येक वार्डो के वार्ड पार्षदों से चार-चार प्रस्ताव लिया गया। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए सभी चौक चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में नगर पंचायत में वाटर एटीएम लगाने,एकीकृत फागिंग मशीन खरीदने,जेम पोर्टल से डीजी जेनरेटर क्रय करने पर भी चर्चा किया गया। नगर पंचायत में आने वाले नल जल योजना का प्राक्कलन किया जाएगा यह भी निर्णय हुआ। बैठक में तय किया गया कि साफ सफाई को एनजीओ कराया जाएगा ताकि नगर पंचायत के साफ सफाई पर विशेष ध्यान रहे। पूर्व में लाए गए प्रस्ताव पर मुख्य पार्षद,उप मुख्य पार्षद तथा वार्ड पार्षदों ने सहमति जताते हुये बस स्टैंड और यात्री पड़ाव पर भी गहनता से चर्चा किया। बैठक में मुख्य पार्षद,उप मुख्य पार्षद पूनम देवी,निर्भय कुमार शुक्ला, दिलीप सिंह,संध्या कुमारी,इंदिरा देवी,उर्मिला देवी,चंपा देवी, अजय कुमार दुबे,सोनू कुमार मद्धेशिया,पीयारी देवी,सरिता देवी,अनिता देवी,पूनम देवी, अमित कुमार तथा सुभावती देवी मौजुद रहीं।



# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार सास बहू की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के चनपटिया थानाअंतर्गत कैथवलिया के समीप चनपटिया-बेतिया पथ में गैस गोदाम व निमार्णाधीन पुल के समीप बालू लदे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर सवार सास-पतोहु की मौत हो गयी है। दोनों की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के नारायणापुर यादवटोली निवासी नन्कू बैठा की पत्नी उषा देवी (45) व विकास कुमार की पत्नी सुनीता देवी (20) के रुप में हुई है। दोनो सास व पतोह थीं जबकि बाइक चला रहा विकास कुमार बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद ट्रक चालक कुछ दूरी पर ट्रक छोड़कर भागने लगा। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से डायल-112 की पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टर्मार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक एवं बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार विकास कुमार की शादी दस दिन पूर्व हीं हुयी है। विकास की सास का चनपटिया के एक नीजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। विकास कुमार अपनी पत्नी सुनीता देवी एवं मां उषा देवी को बाइक पर पीछे बैठाकर घर से लौरिया के रास्ते चनपटिया आ रहे थे। इसी दौरान कैथवलिया चौक से चनपटिया के रास्ते में गैस गोदाम व निमार्णाधीन पुल के समीप डायवर्सन पर दोनों पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे बालू लदे ट्रक ने उनके बाइक में ठोकर मार दी। पीछे बैठी दोनों महिलाओं ने ट्रक के पहिए से दबकर घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बाइक चला रहा विकास सड़क किनारे मिट्टी में गिरकर बाल-बाल बच गया। विकास कुमार ने बताया कि उसकी सास का ऑपरेशन चनपटिया के एक निजी अस्पताल में हुआ था। उन्हीं से मिलने वह अपनी पत्नी व मां को लेकर चनपटिया जा रहा था। लेकिन अस्पताल पहुंचने से दो किलोमीटर पहले ही ट्रक ने उसकी बाइक को अपने चपेट में ले लिया। चनपटिया के प्रभारी थानाध्यक्ष निक्कू कुमार सिंह ने बताया कि दोनों सास-बहू के शव को जीएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक व ट्रक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ट्रक चालक मझौलिया के चौलाभार निवासी झुन्नू सिंह को हिरासत में रखा है। अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि सुनीता देवी की शादी गत 18 अप्रैल को रामनगर थाना क्षेत्र के नारायणापुर यादवटोली निवासी विकास कुमार से हुई थी। सुनीता बगहा के कैलाश नगर निवासी स्वर्गीय नंदलाल बैठा की पुत्री थी। घटना के दिन वह अपनी बीमार मां को देखने चनपटिया के एक निजी अस्पताल में जा रही थी। तभी सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई।



## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल रेलखंड पर सोमवार की सुबह सोनासती ढाला के समीप रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था मे एक अधेड़ महिला का शव मिला है। हालांकि शव की पहचान नही हो पाई है। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुचीं शिकारपुर पुलिस क्षत विक्षत शव को कब्जे में लेकर आगे की करवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने सोनासती रेलवे ढाला के समीप से एक क्षत विक्षत अवस्था मे शव को बरामद किया गया है। हालांकि शव की पहचान नही हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला ट्रेन के कटकर मौत की लग रही है। हालांकि अभी मृतक की पहचान नही हो पाई है। मृत महिला लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है। महिला की शिनाख्त करायी जा रही है।

## मझौलिया व चनपटिया के बीडीओ को मिला प्रशस्ति पत्र

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तिय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लक्ष्य के लिये सराहनीय कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।वहीं चनपटिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव कुमार गिरी को भी ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।वहीं बीडीओ बरुण केतन ने प्रशस्ति पत्र पाकर अपने आप को आनंदित हुए।उन्होंने कहा कि मैं सदा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहता है और आगे भी रहूंगा।मैं अपना कार्य सत्य निष्ठा एवं निष्पक्षता करता हूं और आगे भी करता रहूंगा।जिसके बदौलत आज मुझे ग्रामीण विकास द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



## अक्षय तृतिया पर बाल विवाह रोकने के लिए धर्मगुरुओं ने संभाली कमान

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए सामाजिक संगठन स्व.कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान ने सोमवार को धर्मगुरुओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया.संगठन स्व. कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव सुधीर कुमार शुक्ला ने कहा कि धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला है.

इस अक्षय तृतीया जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होगा.इस बात का आश्वाशन विभिन्न धर्मो के धर्म गुरुओं द्वारा दिया गया है.बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक, समाज, संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन स्व.कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है. सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है. जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से 'चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' कैम्पेन चला रहा है.पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है.इसके सहयोगी संगठन स्व. कन्हाई शुक्ला सामाजिक सेवा संस्थान ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2023-24 में ही जिले में लगभग 700 से अधिक बाल विवाह रुकवाए हैं.

सुधीर कुमार शुक्ला ने कहा कि ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत दंडनीय अपराध है.इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुमार्ना या दोनों हो सकता है.इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुमार्ना हो सकता है.




## आरक्षण बढ़ाने की सिफारिश के बाद भी सीमा तय नहीं, सरकार स्पष्ट करे : बच्चा राय

### अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष ने साधा निशाना

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जातीय जनगणना रिपोर्ट में आरक्षण बढ़ाने की सिफारिश के बावजूद अब तक आरक्षण सीमा नहीं बढ़ाए जाने को लेकर जन सुराज ने सरकार पर निशाना साधा है। रविवार को जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने कहा कि सरकार ने बिहार में जातीय जनगणना के आधार पर कई घोषणाएं की थीं, लेकिन जमीन पर एक भी घोषणा लागू नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति स्पष्ट करे कि आखिर आरक्षण सीमा बढ़ाने की दिशा में क्या पहल की गई है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 22 नवंबर 2023 को सरकार ने 94 लाख परिवारों को रोजगार के लिए दो लाख रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक एक भी परिवार को एक पैसा तक नहीं मिला है। इसी तरह, जातीय जनगणना के दौरान 40 लाख बेघर परिवारों को एक लाख 20 हजार रुपये सहायता देने की घोषणा की गई थी, जिसकी अब तक पूर्ति नहीं हो पाई है। इस मौके पर जिला प्रभारी उर्मिला सिंह ने भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि 2006 में नीतीश सरकार ने दलित विकास मिशन की शुरूआत की थी और 2008 में भूमिहीन दलित परिवारों को तीन डिसमिल जमीन देने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक केवल 2 लाख 34 हजार दलित परिवारों को ही जमीन मिली है, जिनमें से 1 लाख 20 हजार परिवारों को जमीन पर कब्जा भी नहीं मिला है। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए।

**भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाया जमीन सर्वे में लूट का आरोपः**

जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कहा कि बीते दो वर्षों में मात्र 20 प्रतिशत जमीनों का ही डिजिटाइजेशन हो पाया है। जमीन सर्वे के नाम पर अधिकारी व्यापक भ्रष्टाचार कर गरीब जनता को लूट रहे हैं। उन्होंने बताया कि जन सुराज 11 मई से बिहार के 40 हजार से अधिक गांवों में इन मुद्दों को लेकर बैठकें आयोजित करेगा और हस्ताक्षर अभियान चलाएगा। इसके तहत 11 जुलाई को एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि फिर भी समाधान नहीं हुआ, तो चुनाव से पहले विधानसभा के अंतिम सत्र का घेराव किया जाएगा। प्रेस वार्ता में जिला प्रभारी उर्मिला सिंह, जिला महासचिव श्रवण महतो, वरिष्ठ नेता कन्हैया सिंह, रामपुकार मेहता, उदयशंकर सिंह, मुन्ना भवानी, विकास कुमार सिंह, सुरेश सिंह, अजीत सिंह, नवनीत यादव, प्रमोद सिंह टुन्ना, प्रीति रानी समेत दर्जनों नेता मौजूद रहे।



## विशिष्ट शिक्षक बनने के बाद ईपीएफ राशि निकालने में आ रही दिक्कतः समरेंद्र बहादुर

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षकों के खातों में पिछले कई माह से कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की राशि जमा नहीं होने से शिक्षक वर्ग में गहरी नाराजगी है। इसी मुद्दे को लेकर सोमवार को परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने ईपीएफ नोडल पदाधिकारी अमित रंजन से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याएं रखीं। समरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि विभागीय निदेशानुसार शिक्षकों के वेतन से प्रत्येक माह ईपीएफ की कटौती की जाती है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण शिक्षकों के खातों में अब तक अद्यतन राशि जमा नहीं की गई है। छह माह से अधिक समय से कटौती की गई राशि लंबित है, जिससे शिक्षकों को वित्तीय नुकसान हो रहा है। विशिष्ट शिक्षक बनने के बाद ईपीएफ राशि निकालने में भी शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में ईपीएफ जमा करने की प्रक्रिया में भी एकरूपता नहीं है, जिससे असुविधा बढ़ रही है। शिक्षक नेता ने मांग की कि कटौती की गई पूरी राशि को शीघ्र शिक्षकों के खातों में अद्यतन किया जाए।



## मठनपुरा गांव में अग्निपीड़ित परिवारों के बीच रोटरी क्लब संकल्प ने किया खाद्य सामग्री का वितरण

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के पचरूखी प्रखंड क्षेत्र के पिपरा पंचायत के मठनपुरा गांव के दलित बस्ती में गत दिनों हुई भीषण अगलगी में आठ घर पूरी तरह जल कर राख हो गया. जिसमें कपड़े, बर्तन सहित घर में रखा सभी सामान जल कर नष्ट हो गया. सूचना मिलने पर सामाजिक इंटरनेशनल संस्था रोटरी क्लब आफ सीवान संकल्प द्वारा सोमवार को मठनपुरा गांव पहुंच कर आठ अग्नि पीड़ित परिवार के सुभावती देवी, प्रमिला देवी, लाल मूनी देवी, सवित्री देवी, तारा देवी, मीरा देवी, सिमा देवी ललीता देवी चावल-आटा, दाल, सरसों तेल, चिउड़ा, आलू-प्याज आदि खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया.रोटरी क्लब के सदस्य स्वयं उपस्थित होकर मुश्किल घड़ी में जरूरतमंद परिवारों को सहायता पहुंचाई.रोटरी क्लब संकल्प के चार्टेड प्रेसिडेंट डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि समाज के प्रति हमारी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि संकट की घड़ी में हम जरूरतमंदों के साथ खड़े रहें.उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी क्लब द्वारा ऐसे मानवीय कार्य किए जाते रहेंगे.इस अवसर पर प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप कुमार सिंह, सचिव राजीव रंजन कुमार, डॉ पुनीत राज सिंह,अमरेंद्र सिंह, सुधीर पाठक, अतुल कुमार श्रीवास्तव, आनंद मित्तल, भारत भूषण पांडेय,शशि भूषण पांडेय,पूर्व मुखिया सह जदयू जिला कोषाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.



## नगर के वार्ड 28 में आयोजित हुआ नगर संवाद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वार्ड के सदस्यों द्वारा जितनी भी समस्याएं रखी जा रही है उसके समाधान का पूरा-पूरा प्रयास किया जाएगा उक्त बातें नगर निगम की मेयर गरिमा देवी शिकारिया ने नगर निगम द्वारा चलाए गए आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम में कहीं। नगर के बानुछापर स्थित वार्ड नंबर 28 में शिव मंदिर परिसर में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की दौरान दर्जनों की संख्या में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सभी ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम की मेयर गरिमा देवी सिकरिया, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक रोहित राज, नगर निगम के सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार, वार्ड पार्षद सोनेलाल गुप्ता द्वारा किया गया।

## भुसा लदी ट्रेक्टर ट्राली से शराब जब्त, देशी कट्टा के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समकालीन अभियान के तहत जिले में शराब तस्करों के खिलाफ चलाये गये अभियान के तहत बेतिया पुलिस ने गंडक दियारा क्षेत्र में भुसा लदे ट्रेक्टर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है।

जानकारी देते हुए एसडीपीओ सदर टू रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बताया कि श्रीनगर थाना के द्वारा समकालीन अभियान के क्रम में गंडक दियारा क्षेत्र में छापेमारी की जा रही थी । उसी क्रम में गंडक दियारा में बैजुआ अल्पाहा में भूसा लदा हुआ ट्रैक्टर एवं ट्राली लेकर जा रहे दो व्यक्ति पुलिस बल को देखकर ट्रैक्टर एवं ट्रॉली छोड़कर भागने लगे। भाग रहे दोनो पर संदेह होने पर छापेमारी दल द्वारा खदेड़ कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया तथा दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा।पुलिस बल ने भुसा लदे ट्रॉली का सर्च करना आरंभ किया तो भूसा में छुपाया हुआ 234.9 लीटर विदेशी शराब एवं एक देसी कट्टा बरामद हुआ। बरामद शराब में 297 पीस किंगफिशर बियर, 480 पीस टेट्रा पैक 8पीएम विदेशी शराब शामिल है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान इंदल यादव के रुप में हुयी। शराब लदे भुसा समेत टैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया गया है। जिसे विधिवत गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

## पिछले वित्तीय वर्ष में 1903 गर्भवती महिलाओं का कराया गया सुरक्षित प्रसव

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले वित्तीय वर्ष में बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 1903 गर्भवती महिलाओं का कराया गया सुरक्षित प्रसव कराया गया.सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार रवि रंजन ने बताया कि संस्थागत और सुरक्षित रूप से प्रसव कराने में सबसे अहम बात यह है कि अस्पताल या प्रसव केंद्र में स्वच्छ वातावरण, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी और सही उपकरणों की उपलब्धता प्रसव के दौरान मां और शिशु दोनों के जीवन की रक्षा करती है. इसलिए प्रसव से पहले हाथों की सफाई, उपकरणों का कीटाणु रहित होना और उचित देखभाल अनिवार्य रूप से किया जाता है. जिस कारण संस्थागत प्रसव से मातृ और शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आती है. संस्थागत प्रसव के माध्यम से मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को घटाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है. जिस कारण यह न केवल जीवन की रक्षा करता है, बल्कि जच्चा और बच्चा के स्वास्थ्य को लंबे समय तक बेहतर बनाए रखने में काफी मददगार भी साबित होता है. इसके साथ ही संस्थागत प्रसव महिलाओं को बेहतर पोषण, टीकाकरण और प्रसव के बाद देखभाल जैसी अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवाओं से भी जोड़ता है.हालांकि संस्थागत प्रसव का लक्ष्य हर मां को सुरक्षित मातृत्व का अनुभव कराना और हर नवजात को एक स्वस्थ जीवन की शुरूआत देना है.

**जटिलताओं के समय पर किया जाता है उचित प्रबंधन**

बीसीएम सह प्रभारी बीएचएम सरफराज अहमद ने बताया कि स्थानीय सीएचसी बसंतपुर के प्रसव कक्ष की प्रभारी स्टाफ नर्स मुन्नी कुमारी और रूपा रानी जबकि एएनएम सीमा कुमारी, फुलमनी ब्राउद और रेणु देवी के देख रेख में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 1903 गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित और संस्थागत प्रसव कराया गया है. जबकि 27 अप्रैल 2025 में अभी तक 103 प्रसव कराया गया है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय सीएचसी में प्रसव के दौरान निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जाता है.साथ ही प्रसव कराने वाली महिलाओं को गरिमापूर्ण देखभाल सुनिश्चित की जाती है. जिससे जटिलताओं के समय पर उचित प्रबंधन और महिलाओं की संतुष्टि में स्पष्ट सुधार देखा गया है. क्योंकि मजबूत नेतृत्व और समर्पित टीम, अस्पतालों की आधारभूत संरचना और मानव संसाधनों में सुधार, डॉक्टरों व नर्सो को समय- समय पर व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रमाणित संस्थानों के अनुभवों को साझा किया जाता है.



## चाकू से गोदकर युवक की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के कोपा थाना क्षेत्र के रेवाड़ी गांव में रविवार को एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2), अंचल पुलिस निरीक्षक (सदर) और कोपा थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की गहन जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेजा गया है। घटना की जांच एफएसएल टीम एवं स्वान दस्ता द्वारा भी की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण सुराग जुटाए हैं और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोपा थाना द्वारा इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## नेपाल के युवाओं को ट्रेंड करेगा इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमावर्ती देश नेपाल के युवाओं को व्यवसाय(ट्रेड) एवं पर्यटन के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रोजगार का अवसर मिले, इसके लिए इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स पहल करेगा। दो दिन पूर्व पटना में आयोजित बैठक में इस पर सहमति बनी है। बैठक में शामिल होकर बेतिया लौटे इन्फोटेक के निदेशक ज्ञानेद्र शरण ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच सहमति बनी कि नेपाल में व्यापार (ट्रेड) एवं पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में वहां के युवाओ को इन क्षेत्र में कौशल विकास(स्कील डेवपलपमेंट) पर काम करने की जरूरत है। उन्हें यदि हुनरमंद बनाया जाता है, तो उन्हें व्यापक स्तर पर रोजगार मिलेगा। आईटी सेल की ओर से श्री शरण ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें कौशल विकास पर काम कराया जाय। इस पर सर्व सम्मति से बीरगंज चौंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष हरि प्रसाद गौतम को इस पर प्रोजेक्ट बनाने की जिम्मेवारी दी गई। वे शीघ्र ही इन्फोटेक के साथ मिलकर इस पर विस्तृत प्रोजेक्ट बनाएंगे। बैठक में नेपाल दूतावास से जुड़े अर्थ वाणिज्य मंत्री तारानाथ अधिकारी, आर्थिक सलाहकार रविंदर जंग थापा, यदू भटराई, बिहार चौंबर ऑफ कामर्स के सुभाष कुमार पटवारी, आईटी सेल के प्रतिनिधि सह बेतिया इन्फोटेक के निदेशक ज्ञानेद्र शरण सहित 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम नेपाल में पर्यटन, व्यापार एवं निवेश के क्षेत्र में अवसर को लेकर भारत नेपाल- आर्थिक सहयोग पर आयोजित किया गया था।



# विकास कार्यों में लापरवाही पर डीएम ने जताया असंतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभा कक्ष में मंडे फॉलो अप मीटिंग एवं जिला समन्वय समिति का बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसके प्रगति की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान योजना अंतर्गत आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदन एवं निष्पादन से संबंधित समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा औरंगाबाद एवं ओबरा प्रखंड में 19 अप्रैल 2025 को आयोजित शिविर में राशन कार्ड से संबंधित कम आवेदन आने पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को शिविर से पूर्व आवेदन प्राप्त कर निष्पादन करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी, दाउदनगर को निर्देश दिया गया कि आयोजित शिविर में सभी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी स्वयं मौजूद रहकर राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों को निष्पादित कराएं। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित शिविर से प्राप्त आवेदनों को निष्पादन हेतु मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मंडे फॉल



अप मीटिंग में प्राप्त विभागवार एजेंडा का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया एवं निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला समन्वय समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला, सदर अनुमंडल एवं दाउदनगर अनुमंडल स्तर पर दायर लंबित परिवाद का पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की गयी एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने विभाग अंतर्गत लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर इसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिला में विभिन्न विभागों से सीपीग्राम से संबंधित 04 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 217 आवेदन एवं 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से संबंधित 69 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र आदि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई एवं इसका त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त पेंशन, पारिवारिक लाभ, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड, एलपीसी के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई एवं इसका यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा जिला विधि शाखा में लंबित सीडब्लूजेसी एवं एमजेसी वादों की विभागवार समीक्षा की गई एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर कर जिला विधि शाखा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पीएचइडी की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पंचायती राज विभाग द्वारा हस्तांतरित वार्डों में छूटे हुए टोलों की संख्या 1163 है। सभी छुटे हुई टोला में कार्य करने हेतु संबंधित अंचल अधिकारियों से एनओसी प्राप्त किया जाना है जिसमें कुल 644 अदद एनओसी प्राप्त है शेष 499 अदद विभिन्न अंचलों से प्राप्त किया जाना बाकी है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अंचल अधिकारी को यथाशीघ्र एनओसी निर्गत करने का निर्देश दिया गया। समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) विभाग की समीक्षा के क्रम में आंगनबाड़ी भवन की निर्माण, मरम्मती, पेयजल एवं शौचालय आदि की जानकार ली गयी। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 174 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण हेतु भूमि चयन कर लिया गया है। अंचल अधिकारी द्वारा एनओसी की प्रक्रिया अभी बाकी है। इसके अतिरिक्त 173 आंगनबाड़ी केंद्र भवन की मरम्मती हेतु जिला पंचायती राज विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं जिला योजना विभाग के पास प्रस्ताव भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डीपीएम (स्वास्थ्य) द्वारा द्वारा बताया गया कि जिले के सभी नगर निकायों में अर्बन हेल्थ एंड वेयलनेस सेंटर स्थापित किए जाने हैं जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है व इसके अतिरिक्त विधायक एवं विधान परिषद के प्रस्ताव के अनुसार गांव में हेल्थ सेंटर बनाया जाना है जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारी को भूमि चयन कर शीघ्र एनओसी प्रदान करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, जिला भूर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, सिविल सर्जन विनोद कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता मेराज जमील, बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्तों को 20-20 साल की सजा

## स्पेशल पोक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने सुनाई कठोर सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्पेशल पोक्सो न्यायालय, औरंगाबाद के विशेष न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा ने सोमवार को अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्तों को कठोर सजा सुनाई। दोनों ही मामलों में नाबालिग बालिकाओं के साथ अपराध किए गए थे। विशेष लोक अभियोजक (स्पेशल पीपी) शिवलाल मेहता ने जानकारी दी कि अभियुक्तों को कुल 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा दी गई है। पहले मामले में, माली थाना कांड संख्या-06/24, में अभियुक्त विमलेश कुमार (निवासी मिर्ज़ापुर, माली) को भादंवि की धारा 376(3) तथा पोक्सो एक्ट की धारा 4(2) के तहत 20 वर्ष का कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माना, धारा 366ए के तहत 7 वर्ष की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 363 के तहत 5 वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना सुनाया गया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। विशेष पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि 11 जनवरी 2024 को दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि पीड़िता बाजार से कुछ सामान लाने गई थी लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। ग्रामीणों से पूछताछ में अभियुक्त की संलिप्तता उजागर हुई थी जिसने उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले जा कर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये थे। मामले में 28 अक्टूबर 2024 को आरोप गठन किया गया था। दूसरे मामले में, बारून थाना कांड संख्या-320/23 में अभियुक्त मनीष कुमार (निवासी सिरिस) को भी भादंवि धारा 376(3) और पोक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष की सजा और 30 हजार रुपये जुर्माना, धारा 366ए के तहत 7 वर्ष की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माना सुनाया गया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना राशि का भुगतान नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी के अनुसार, 23 मई 2023 को अभियुक्त ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया था। मामले में परिवाद संख्या 539/23 के आधार पर 11 जुलाई 2023 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने 28 नवंबर 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

## एस सिन्हा कालेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

# हर छात्र को मिलेगा रोजगार : डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए चल रही प्लेसमेंट ड्राइव ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कई नामी कंपनियों के साथ साझेदारी कर नियमित रूप से रोजगार सृजन की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा, 'हमारा लक्ष्य है कि हमारे महाविद्यालय से पढ़कर जाने वाला कोई भी छात्र बेरोजगार न रहे। हर शनिवार किसी न किसी कंपनी का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा ताकि छात्रों को घर बैठे ही रोजगार के अवसर मिल सकें।' इसी क्रम में सोमवार को महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन के ऊपरी तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में एमआरएफ टायर्स कंपनी के प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दर्जनों छात्रों ने



साक्षात्कार में भाग लिया। चयनित छात्रों को दहेज (गुजरात) स्थित प्लांट में नियुक्ति दी जाएगी। महाविद्यालय के प्रबंधन विभागाध्यक्ष बहादुर भीम कुमार सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राओं को साक्षात्कार में भाग लेने हेतु अपना बायोडाटा पहले से विभाग में जमा करना अनिवार्य है। डॉ. मिश्रा ने यह भी बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव के अतिरिक्त छात्रों के स्टार्टअप, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम, लघु उद्योगों के लिए वित्तीय सहायता और उद्यमिता विकास हेतु भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दीपा रोहि मल्टी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, उत्कर्ष माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड, आमदनी सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां इस अभियान में भागीदार बनी हैं। प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने कहा,'हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए छात्रों को केवल नौकरी देने का ही नहीं, बल्कि उन्हें उद्यमिता के लिए भी तैयार कर रहे हैं।' छात्रों में इस पहल को लेकर गहरी खुशी और उत्साह देखा जा रहा है। वे मानते हैं कि महाविद्यालय का यह कदम उनके भविष्य को नई दिशा देगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के दाउदनगर थाना अंतर्गत शमशेर नगर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई। रोड क्रॉस करते समय हादसा हुआ है। विरोध में गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक रोड जाम रखा। इस दौरान दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मृतक की पहचान बागी टोला निवासी प्रवीण कुमार(25) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रवीण कुमार(25) रविवार देर रात घर से शौच के लिए निकला था। रोड क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे के बाद अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के विरोध में ग्रामीण और परिजनों ने सोमवार सुबह सड़क



जाम कर दिया। सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना से एसआई ब्रजेश कुमार, पीएसआई परमानंद कुमार, अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं थे। घटनास्थल पर वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। जिला परिषद सदस्य अरविंद यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजू कुमार और उप मुखिया रवि रंजन कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से उचित कार्रवाई के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद सड़क जाम खुला। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

# नई कार के लिए पत्नी को मार डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत अंबा थानाक्षेत्र के भलुआड़ी खुर्द गांव में ससुराल वालों ने शादी के एक साल बाद विवाहिता की हत्या कर दी। महिला को जहर खिला दिया। वारदात के बाद सभी ससुराल वाले फरार हो गए हैं। मृतका की पहचान सोनू चौधरी की पत्नी रानी देवी (24) के रूप में हुई है। रानी की शादी 11 मार्च, 2024 को हुई थी। दहेज में पिता ने 5 लाख रुपए और सेकेंड हैंड आई20 कार दी थी, पर रानी के पति को सेकेंड हैंड कार पसंद नहीं थी। शादी के 6 महीने के बाद ही सोनू नई कार की डिमांड करने लगा। वह रानी के मायके वालों को कहता था, पुरानी कार बेचकर नई कार दीजिए। ऐसा न होने पर रानी को प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करता था। रविवार की रात विवाद बढ़ा तो ससुराल वालों ने रानी को जहर खिलाकर मार दिया। सोमवार की सुबह शव को पोस्टमॉर्टम के सदर अस्पताल लाया गया। मृतका रानी के पिता रफीगंज के चरकावां



अहमदपुर निवासी महेंद्र चौधरी ने कहा कि पड़ोसियों ने मुझे फोन पर जानकारी दी कि आपकी बेटी की मौत हो गई है। हमलोग सोमवार की सुबह बेटी के ससुराल पहुंचे तो घर पर नही पति मिला और न उसके घरवाले। हमलोगों ने घटना की जानकारी अंबा थाने की पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया। बताया जा रहा कि शादी के 6 महीने तक रानी और सोनू की जिंदगी अच्छे से कट रही थी। तीन महीने की एक बेटी भी हुई जो मां की मौत के बाद अपने नाना-नानी के पास है। परिजन ने रानी का अंतिम संस्कार कर दिया है। इसके बाद ससुराल वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें ससुर टुनू चौधरी, सास बिंदा देवी एवं पति सोनू चौधरी को नामजद आरोपी बनाया है। फिलहाल तीनों घर छोड़कर फरार हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अलग-अलग मामलों में 50 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में की गयी कार्रवाई के फलस्वरूप विभिन्न अपराधों में 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। इस दौरान हत्या के प्रयास में 16, पुलिस पर हमला के एक, एसटी-एससी में चार, शराब में चार एवं अन्य शीर्ष कांड में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में 221.9 लीटर देसी शराब एवं दो बाइक जब्त किया गया है। विशेष वाहन जांच अभियान के तहत 919 वाहनों की जांच की गई तथा इस क्रम में 1 लाख 4 हजार 500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुटुंबा थाना की पुलिस द्वारा 140 लीटर देसी शराब के साथ एक बाइक जब्त किया गया है जबकि कारोबारी फरार हो गया। पौथू थाना की पुलिस द्वारा 3.9 लीटर देसी शराब के साथ थाना क्षेत्र के भलारी गांव निवासी जयप्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। बड़ेम थाना की पुलिस द्वारा 78 लीटर देसी शराब के साथ थाना क्षेत्र के न्यू नगर मझिआंव निवासी बंधु राम को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि एसटी-एससी मामले में सलैया थाना की पुलिस द्वारा पिंड बिगहा निवासी अर्जुन यादव को गिरफ्तार किया गया। हसपुरा थाना की पुलिस द्वारा एसटी-एससी मामले में थाना क्षेत्र के मठीया गांव निवासी उमेश कुमार, मुकेश कुमार एवं रविरंजन कुमार ने पुलिस की दबिश पर न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। नवीनगर थाना की दविश पर पुलिस पर हमला मामले में परसियां दुःखहरनी मंदिर निवासी जितेन्द्र कुमार उर्फ बैंगवा उर्फ सोहराही ने पुलिस की दबिश पर न्यायालय में आत्मसमर्पण किया हैं। उन्होंने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अपराध नियंत्रण को लेकर चलाये जा रहे अभियान के फलस्वरूप निरंतर कार्रवाई जारी है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# बिहार में परिवर्तन व प्रगति की नई लकीर खींच रही एनडीए सरकार : वीरेन्द्र सिंह

## पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह की नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है ग्राम संपर्क यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी राज्य के सर्वांगीण विकास की नई पटकथा लिखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डबल इंजन की एनडीए सरकार बिहार में परिवर्तन और प्रगति की नई लकीर खींच रही है। अभी हाल ही में मधुबनी में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने लगभग 13,500 करोड़ रुपये की लागत से गैस, बिजली और रेलवे से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने अपने 19 वर्षों के शासनकाल में बिहार को अंधकार और बदहाली से निकालकर विकास के पथ पर अग्रसर किया है। केंद्र और राज्य दोनों जगह एनडीए की डबल इंजन वाली सरकार है जिससे बिहार दोगुनी रफ्तार से प्रगति कर रहा है। हर



क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने सोमवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बैरिया पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किया। उन्होंने बढ़की रेगनिया, रूपन बिगहा, रघु बिगहा, बड़हारा, औसान, शाहपुर, तमसी, बगाही, चान्दपुर भटौलिया, पिपरा, बैरिया, बैरवा लोकनाथ, कुलहड़िया, कर्मा विश्रामपुर, पोला एवं बभंडी बभण्डीहा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। इस क्रम में जगह-जगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बृजमोहन मेहता, राजपुर मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह, युवा जदयू नेता रंजीत सिंह, बारून प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, बैरिया पंचायत अध्यक्ष कृष्णा पासवान, अंकोरहा पंचायत प्रभारी नरेंद्र सिंह, विनय सिंह, जयराम सिंह, वार्ड सदस्य अमरेंद्र पाल, वार्ड सदस्य महेश मेहता, राजा कुमार, रंजीत कुमार सिंह, अजय चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# तिलक आने से पूर्व युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के टेंगरा गांव में सीढ़ी से पैर फिसलकर गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र कृष्णा कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को कृष्णा का तिलक आना था। घर में रिश्तेदारों की भीड़ थी, खुशी का माहौल था। पंडाल लगाया जा रहा था। हलवाई मिठाईयां बना रहे थे। घर की सफाई हो रही थी, जिसमें कृष्णा भी लगा था। इसी दौरान उसका पैर सीढ़ी से फिसल गया और वह गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन बिना पोस्टमॉर्टम के ही शव लेकर घर चले गए। परिजनों ने



बताया कि कृष्णा के पिता सुरेश सिंह मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। कृष्णा भी दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता था। दो दिन पहले ही शादी के लिए वह घर लौटा था। हाथ पीले होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीन माह पहले कृष्णा की शादी फ़ेसर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव में सोशिन्द्र चंद्रवंशी की पुत्री नीतू कुमारी के साथ तय हुई थी। मंगलवार यानी आज तिलक समारोह था और पांच मई को शादी होनी थी। लड़की पक्ष के यहां भी बारातियों के स्वागत की तैयारियां जोरों पर थी। लेकिन इस घटना के बाद खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# सड़क दुर्घटना में पांच लोग जख्मी

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के देव-मदनपुर रोड में उमंगेश्वरी मंदिर के नीचे वन विभाग के नर्सरी के समीप दो बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के धोबीबाग निवासी उत्तम कुमार, फरेड देवी, अंश कुमार, रछौल निवासी अक्षय कुमार एवं चीकू कुमार के रूप में की गई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों का इलाज़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उत्तम कुमार अपने अन्य परिजनों के साथ बाइक से अपने घर धोबी बाग से मदनपुर जा रहा था। वह जैसे हो बर्छीवीर बिगहा मोड़ पहुंचा तभी दर्जी बिगहा की तरफ से घर आ रहे रछौल निवासी अक्षय कुमार की बाइक में टक्कर मार दिया जिसमें सभी घायल हो गये।

# बच्चों के भविष्य की खातिर सोच-समझकर लें निर्णय : प्रशांत किशोर

## प्रशांत किशोर का ओबरा में भव्य स्वागत, हजारों लोगों ने लगाए जय बिहार के नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओबरा के मैदान में जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के स्वागत में हजारों लोग उमड़े। जिले भर से आए समर्थकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। अरवल में कार्यक्रम के बाद ओबरा पहुंचने के क्रम में ठाकुर बिगहा, भखरुआं मोड़, अरंडा, पटेल चौक, कारा मोड़ और अतरौली में जन सुराज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर अभिनंदन किया। ओबरा के मैदान में पहुंचने पर जय बिहार, जय जय बिहार के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम की



अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने की जबकि मंच संचालन जन सुराज पार्टी के नेता और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार विकल ने किया। इस अवसर पर नंदकिशोर यादव, अभिमन्यु शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, प्रोफ़ेसर रामबली सिंह, डॉक्टर अर्चना चंद्र यादव, डॉक्टर राम उदय कुमार, रमेश सिंह, रामाधार सिंह, तजमुल खान, रंजन कुमार सिंह, शगुफ्ता यासमीन, अरमान खान और राम कुमार राम ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार को बेहतर और विकसित बनाने के लिए जन सुराज पार्टी का समर्थन जरूरी है। प्रशांत किशोर ने अपने आधे घंटे के संबोधन में कहा कि यदि राज्य में बच्चों का भविष्य, रोजगार, पलायन पर रोक, उद्योग धंधों का विकास, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दो हजार रुपये मासिक पेंशन, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा चाहिए तो एक बार सोच-समझकर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि बिहार में जन सुराज के सपनों को साकार करने के लिए जनता का समर्थन जरूरी है। भाषण के दौरान लगातार जय बिहार, जय जय बिहार और प्रशांत किशोर जिंदाबाद के नारे लगते रहे। कार्यक्रम में गायक राजा मंडल, नेहा आर्या और मनीषा कुमारी ने अपने गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया और दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए।

# विद्युत चोरी मामले में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी, लगाया जुर्माना

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** विद्युत चोरी मामले में पांच लोगों के खिलाफ मदनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही 59643 रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। थाना क्षेत्र के पानी टंकी मोहल्ला निवासी अनिल कुमार को अवैध रूप से मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। इसके अलावा मिठाईयां निवासी शिवम चौधरी का विद्युत बिल बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया था। वाबजूद वह बिना कनेक्शन चोरी से विद्युत उपयोग कर रहा था। राजू कुमार चौधरी एवं रवि कुमार विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। यह कार्रवाई सहायक विद्युत अभियंता शिवरतन लाल एवं कनीय विद्युत अभियंता राकेश कुमार राम के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि इनके विरुद्ध 59643 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इस छापेमारी दल में कनीय सारणी पुरुष सुबोध कुमार सिंह, मानव बल अरविंद बेलदार, नीरज कुमार सिन्हा, जीतेन्द्र सिंह शामिल थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएंगी।